ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

17 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 146


भारतीय बलों की बढ़ेगी ताकत सरकार ने दी 70,000 करोड़ रुपये के हथियार खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी











## शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का रांची रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत



शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती रेल मार्ग से गुरुवार सुबह रांची रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया।

## कार्यमंत्रणा समिति में हुआ फैसला : स्पीकर ने सदन को कराया अवगत

# सीएम नियोजन नीति पर देंगे जवाब, स्लोगन लिखी टी-शर्ट पहन कर नहीं आयेंगे विपक्षी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा बजट सत्र का गुरुवार को 10वां दिन था। होली के अवकाश के बाद शुरू हुए सत्र की बैठक में स्थानीय और नियोजन नीति को लेकर गतिरोध जारी है। विपक्ष पिछले चार दिनों से नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जवाब दिलाने की मांग कर रहा है। इसे लेकर सदन के बाहर और अंदर भाजपा का लगातार विरोध जारी है। सदन की कार्यवाही पिछले चार दिनों से सुचारू नहीं चल पा रही है। गतिरोध समाप्त करने के लिए गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने अपने कार्यालय में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलायी।

बैठक के बाद उन्होंने सदन को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री चलते सत्र में अपनी सुविधानुसार नियोजन नीति पर जवाब देंगे। वहीं, भाजपा विधायक स्लोगन लिखा हुआ टी-शर्ट पहन कर सदन में नहीं आयेंगे।

**सदन में हंगामा, बाधित रहा प्रश्नकाल :** नियोजन नीति को लेकर भाजपा विधायकों का विरोध गुरुवार को भी जारी रहा। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले जहां विधानसभा की सीढ़ियों पर उन्होंने प्रदर्शन किया, वहीं सदन के अंदर भी विरोध जारी रखा। नतीजतन प्रश्नकाल नहीं चल पाया। विधानसभा अध्यक्ष ने 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होने पर भी विपक्षी सदस्य शांत नहीं हुए। हो-हंगामे के बीच ही शून्यकाल और ध्यानाकर्षण सदस्यों का लिया गया। इसके बाद स्पीकर ने अपने कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलायी।

**स्लोगन लिखे टी-शर्ट पर बवाल :** भाजपा के विधायक पिछले दो दिन से सदन में 'नाय चलतो और 60-40' लिखा टी-शर्ट पहन कर आ रहे थ्से। इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच खींचतान भी हुई। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने बुधवार को स्लोगन लिखा टी-शर्ट पहन कर नहीं आने का नियमन दिया था। इसके बाद भी गुरुवार को भाजपा के सदस्य स्लोगन लिखा टी-शर्ट पहन कर आये थे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने नाराजगी भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब आप नियम को नहीं मानते, तो अपकी बात क्यों सुनी जाये।

**कार्यमंत्रणा के बाद मामला हुआ शांत :** भोजनावकाश के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सदन को सुचारू रूप से चलाने पर चर्चा हुई। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में सभी सदस्यों को इसके फैसले से अवगत कराया।

अध्यक्ष ने कहा कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में यह तय हुआ कि जिस विषय को लेकर चार दिनों से सदन में गतिरोध हो रहा है, उस पर मुख्यमंत्री सदन में अपनी सुविधा के अनुसार वक्तव्य देंगे। इसके अलावा 24 मार्च को सरहुल की वजह से इस दिन के बिजनेस को 23 मार्च को ही लिया जायेगा। साथ ही यह भी तय हुआ कि स्लोगनयुक्त वस्त्र पहन कर कोई भी सदस्य सदन में नहीं आयेगा।

**दूसरी पाली में विपक्ष ने किया बहिष्कार :** दूसरी पाली में पेयजल स्वच्छता विभाग समेत अन्य विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने इस पर अपनी बात रखी। इसी पर चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के बीच तकरार बढ़ गयी और विपक्ष के सदस्य बहिष्कार कर सदन के बाहर चले गये। इसके बाद सरकार की ओर से पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार का पक्ष रखा और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 4372 करोड़ रुपये की अनुदान मांग पारित हुई।



कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में स्पीकर रवींद्र नाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन और अन्य।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज करेंगे झारनियोजन पोर्टल का शुभारंभ

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारनियोजन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में शाम चार बजे इसके लिए कार्यक्रम रखा गया है। यह पोर्टल (jharniyojan.jharkhand.gov.in) श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा बनाया गया है। पोर्टल के माध्यम से सरकार नियोक्ता एवं रोजगार ढूंढ़ रहे अभ्यर्थियों को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इस पोर्टल पर नियोक्ता अपने व्यवसाय एवं उससे संबंधित मानव बल के बारे में जानकारी साझा कर सकते हैं। साथ ही, आवश्यक मानव बल हेतु रिक्तियां भी निकाल सकेंगे। वहीं रोजगार के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित रोजगार हेतु खुद को रजिस्टर कर अपना आवेदन भी भर सकेंगे। इसके साथ ही राज्य के युवाओं के हित में सभी नियोक्ताओं से सरकार की अपेक्षा है कि वे राज्य के निजी क्षेत्र के रोजगार में 75 फीसदी स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 का अनुपालन करेंगे।

## बरकाकाना : ट्रिपल मर्डर मामले में रामगढ़ कोर्ट का बड़ा फैसला

# आरपीएफ जवान पवन सिंह को फांसी की सजा

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बरकाकाना के ट्रिपल मर्डर मामले में रामगढ़ व्यवहार न्यायालय के एडीजे-1 की कोर्ट ने आरोपी आरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह को फांसी की सजा सुनायी गयी है। गुरुवार को एडीजे-1 शेषनाथ सिंह की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। लोक अभियोजक आरबी राय ने बताया कि आरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह के खिलाफ 16 लोगों की गवाही हुई थी। इसके अलावा अनुसंधानकर्ता संजीव बेसरा ने भी अपना बयान न्यायालय में दर्ज कराया था। जब से रामगढ़ कोर्ट बना है, उसके बाद से फांसी का यह पहला मामला है।

**कौन-कौन सी धारा में सुनायी गयी सजा :** आरोपी पवन कुमार सिंह को धारा 302 के तहत फांसी की सजा सुनायी गयी। जबकि धारा 307 के तहत 10 साल की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। धारा 27 आर्म्स एक्ट में सात साल की सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त एक साल की सजा सुनायी गयी है। इससे पहले 13 मार्च को आरोपी को दोषी करार दिया गया था।



**क्या हुआ था 17 अगस्त 2019 की रात :** 17 अगस्त 2019 की रात बरकाकाना ओपी क्षेत्र के रेलवे क्वार्टर 10 में तीन लोगों की हत्या हुई थी। आरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह ने अपनी गर्भवती प्रेमिका वर्षा देवी उर्फ मीना देवी, प्रेमिका के पिता अशोक राम, प्रेमिका की मां लीलावती देवी की हत्या कर दी थी। इस वारदात में सुमन कुमारी और संजय राम भी जख्मी हुए थे।

**सर्विस रिवाल्वर से दिया था घटना को अंजाम :** पुलिस के अनुसार पवन कुमार सिंह अपने सर्विस रिवाल्वर लेकर अशोक राम के घर पहुंचा और खिड़की से ही गोलियां बरसाने लगा। जिस कमरे में अशोक, वर्षा, सुमन और लीलावती देवी थे, वहां उसने अंधाधुंध फायरिंग की। पूरा कमरा खून से लाल हो गया था। इस वारदात के चश्मदीद गवाह संजय को भी भागते वक्त पवन ने पैर में गोली मारी थी।

**नाटकीय ढंग से हुई थी पवन की गिरफ्तारी :** हत्यारा आरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह बिहार राज्य के भोजपुर जिले के करथ गांव का निवासी है। आरपीएफ के डीएसपी दीपक सिन्हा ने पुलिस टीम को एक अगुआ के रूप में इस्तेमाल किया था। पुलिस के ही लोग पवन के पिता विनोद सिंह के पास शादी का प्रस्ताव लेकर गये थे। इसी दौरान उन लोगों ने लड़का देखने की बात की। जब पवन को लगा कि वह किसी रिश्ते में बंधने जा रहा है, तब वह अपने घर आया। तब पुलिस ने उसे पकड़ा था।

## चीन बॉर्डर पर आर्मी का हेलिकॉप्टर क्रैश, दोनों पायलट के शव मिले

**ईटानगर (आजाद सिपाही)।** अरुणाचल प्रदेश में चीन बॉर्डर के पास गुरुवार को इंडियन आर्मी का चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में दोनों पायलट्स की मौत हो गयी। इनके नाम लेफ्टिनेंट कर्नल वीवीबी रेड्डी और मेजर जयंत ए. है। जानकारी के मुताबिक हेलिकॉप्टर मंडला हिल्स इलाके में क्रैश हुआ। सेना ने मामले की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिये हैं। डिफेंस गुवाहाटी के पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने न्यूज एजेंसी को बताया कि आर्मी एविएशन का चीता हेलिकॉप्टर अरुणाचल प्रदेश के बोम्डियाल के पास ऑपरेशनल उड़ान पर था। इसी दौरान सुबह 9:15 बजे इसका एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क टूट गया था। उधर, अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब 12.30 बजे बंगजालेप, दिरांग थाने के ग्रामीणों ने सूचना दी कि एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। लिहाजा आइटीबीपी, सेना, एसएसबी और पुलिस की सर्च और बचाव टीम मौके के लिए रवाना हो गयी थी, जहां से शव और मलबा बरामद हुआ।

## पर्यवेक्षिका को एसीबी की टीम ने 7500 रुपये घूस लेते पकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** भ्रष्टाचार निरोधी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले के इटखोरी बाल विकास परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षिका उर्मिला कुमारी को 7500 रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत कुब्बा आंगनबाड़ी सेविका मीना बाला और मरंगा आंगनबाड़ी सेविका बबीता देवी की संयुक्त शिकायत पर गुरुवार को एसीबी की टीम ने की है। मीना बाला और बबीता देवी राशि का वाउचर जमा करना चाह रही थी। इस वाउचर को जमा करने के बदले उर्मिला कुमारी ने 7500 रुपये की मांग की थी। इस बारे में दोनों ने एसीबी की टीम को पूर्व में ही सूचित कर दिया था। जब दोनों गुरुवार को वाउचर जमा करने गयीं, तो उर्मिला ने उनसे पैसे की मांग की। दोनों ने जैसे ही उर्मिला को पैसे दिये, इसी वक्त एसबी की टीम ने छापा मार दिया। उर्मिला को टीम ने रंगे हाथों 7500 रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पर्यवेक्षिका उर्मिला को एसीबी की टीम अपने साथ हजारीबाग ले गयी।



## झारखंड की दो बहनें गैंगस्टर बिश्नोई से मिलने पहुंचीं जेल

### जेल के बाहर सेल्फी लेते पकड़ी गयीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की रहने वाली दो नाबालिग बहनें गुरुवार को बठिंडा केंद्रीय जेल के बाहर सेल्फी लेते हुए पकड़ी गयी हैं। दोनों घर से भागकर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से मिलने पहुंची थीं। दोनों ने सोचा था कि सेल्फी लेकर अपने फ्रेंड सर्कल में सबको दिखायेंगी। जेल प्रशासन ने दोनों को पकड़ कर जिला बाल सुरक्षा विभाग के हवाले कर दिया है।

अहम बात ये है कि दोनों गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से प्रभावित बतायी जा रही हैं और घर से भागकर गैंगस्टर से मिलने पहुंची थीं। पूछताछ में पता चला है कि दोनों के यहां पहुंचने का मकसद जेल के बाहर सेल्फी लेकर अपने साथियों को दिखाना था।

### जेल के बाहर सेल्फी ले रही थीं दोनों

गौरतलब है कि मूल रूप से झारखंड और वर्तमान में दिल्ली में रहने वाली दो बहनें गुरुवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से मिलने बठिंडा केंद्रीय जेल के बाहर पहुंचीं। वे दोनों जेल के बाहर सेल्फी ले रही थीं। ये देखकर सुरक्षा कर्मियों ने उनसे पूछताछ की और आलाधिकारियों को जानकारी दी।






## लैंड फॉर जॉब्स स्कैम : तेजस्वी से 25 मार्च को होगी पूछताछ

# दिल्ली हाइकोर्ट ने कहा : सीबीआइ के सामने पेश हों

- जांच एजेंसी बोली- गिरफ्तारी नहीं होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब्स स्कैम मामले में गुरुवार को दिल्ली हाइकोर्ट से तेजस्वी यादव को बड़ा झटका लगा। कोर्ट ने तेजस्वी की सीबीआइ के समन को रद्द करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कहा कि तेजस्वी को 25 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे सीबीआइ दफ्तर जाना ही होगा।

सुनवाई के दौरान तेजस्वी के वकील ने दिल्ली हाइकोर्ट में गुरुवार को कहा कि अगर तेजस्वी एजेंसी के सामने पेश होंगे, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इसके बाद सीबीआइ ने अदालत से कहा कि हमारा उन्हें गिरफ्तार करने का इरादा नहीं है। हम चाहते हैं कि वह पेश हों, क्योंकि उन्हें कुछ दस्तावेज दिखाने हैं। अगर वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश होते हैं, तो उससे कोई फायदा नहीं होगा।



तेजस्वी ने कोर्ट में कहा कि बिहार में बजट सत्र चल रहा है। ऐसे में वह बार-बार पूछताछ के लिए दिल्ली नहीं आ सकते हैं। इस पर सीबीआइ ने कहा कि शनिवार को बजट सत्र नहीं होता। वह इस दिन आ सकते हैं। साथ ही एजेंसी ने भरोसा दिलाया कि फिलहाल उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जायेगा। सीबीआइ ने 28 फरवरी, 4 मार्च और 11 मार्च को तेजस्वी यादव को समन जारी किया था। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की अदालत में इस पर सुनवाई हो रही है। तेजस्वी ने याचिका में कहा कि सीआरपीसी की धारा 160 के उल्लंघन में उन्हें परेशान करने की नीयत से नोटिस जारी किया गया है। वह तो कथित अपराध के समय नाबालिग थे। यह मामला 2004 से 2009 तक केंद्रीय रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद से जुड़ा है। आरोप यह है कि लालू प्रसाद ने पद पर रहते हुए परिवार को जमीन हस्तांतरित के बदले रेलवे में नौकरियां दिलवायीं। सीबीआइ ने यह भी आरोप लगाया है कि रेलवे में की गयी भर्तियां भारतीय रेलवे के मानकों के दिशा निर्देशों के अनुरूप नहीं थीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 70,000 रु./प्रति किलो |



# 2024 में सात 'युवा चेहरों' की होगी अग्निपरीक्षा

## इनके लिए बड़ी चुनौती और चांस होगा देश का 18वां आम चुनाव

**दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इन दिनों 18वें आम चुनाव की सुगबुगाहट में डूब-उतरा रहा है। नये राजनीतिक समीकरणों और जोड़-तोड़ के साथ वोटों का हिसाब-किताब भी खूब लगाया जा रहा है, बैठाया जा रहा है। इस आपाधापी में एक खास बात यह है कि एक तरफ लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिशों में जुटी भाजपा है, तो दूसरी तरफ विपक्षी दल। ये विपक्षी दल एकजुट होंगे या नहीं, इस पर बिना कोई भविष्यवाणी किये एक बात नोट करने लायक है कि इन दलों में से कम से सात ऐसे दल हैं, जिनका दारोमदार पूरी तरह दूसरी पीढ़ी के युवा नेताओं के कंधों पर है। इन सात युवा नेताओं में से दो अपने-अपने राज्य में सत्ता पर बैठे हैं, जबकि दो अन्य की पार्टी सत्ता में है। बाकी तीन नेताओं के पास अपनी-अपनी पार्टी को आगे ले जाने और राष्ट्रीय पटल पर प्रमुख भूमिका निभाने की जिम्मेदारी हैं। इन सात नेताओं में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा द्रमुक सुप्रीमो सह तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, राजद के उपाध्यक्ष सह बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवसेना (उद्धव) के महासचिव आदित्य ठाकरे और राजस्थान में कांग्रेस के चर्चित नेता सचिन पायलट शामिल हैं। इन सातों नेताओं में एक अद्भुत साम्य यह है कि इन सभी के सामने अपनी विरासत को बचाने और उसे आगे बढ़ाने की चुनौती है। इन सात युवा चेहरों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह
















2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान में अब सिर्फ एक साल का वक्त बचा है, लेकिन राजनीतिक जोर-आजमाइश अभी से शुरू हो गयी है। सत्तारूढ़ भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए विपक्ष कितना एकजुट होगा, इस पर कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी होगी। इस लगातार गरमाते राजनीतिक माहौल में एक बात नोट करने लायक है कि 2024 का चुनाव कुछ मायनों में अनोखा होगा। इसमें सबसे बड़ी बात यह होगी कि इस चुनाव में सात युवा नेताओं की अग्निपरीक्षा होगी, क्योंकि ये नेता अपने-अपने राज्यों में न केवल प्रमुख राजनीतिक चेहरे हैं, बल्कि अपनी पार्टी के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं।

### हेमंत सोरेन के कंधे पर दोहरी जिम्मेदारी

बात शुरू करते हैं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन से। 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की पराजय ने उनके राजनीतिक कौशल को हिला कर रख दिया था। लेकिन करीब छह महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल कर उन्होंने संसदीय चुनाव की हार के कलंक को न केवल धो दिया, बल्कि राज्य में पहली बार पूर्ण बहुमत की गैर-भाजपा सरकार भी बना ली। हेमंत ने मुख्यमंत्री का पद तो संभाला, लेकिन उनका सफर कांटों भरा ही रहा है। 2019 में राज्य की 14 संसदीय सीटों में से 12 भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी ने जीती थी, जबकि झामुमो और कांग्रेस के हिस्से में एक-एक सीट आयी थी। 2024 में उनके कंधे पर दोहरी जिम्मेदारी है। पहला तो यूपीए गठबंधन को एकजुट रख कर भाजपा को रोकना और दूसरा पार्टी के लिए एक स्पष्ट लाइन खींचना, ताकि दिसंबर में होनेवाले विधानसभा चुनाव में वह एक बार फिर सत्ता में लौट सकें। हेमंत सोरेन जिस शिबू सोरेन की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, उसमें यह बड़ी चुनौती है, क्योंकि आक्रामक राजनीति का यह दौर उनके पिता ने कभी नहीं देखा।

### राजद को कितना आगे ले जायेंगे तेजस्वी यादव

> हेमंत सोरेन, तेजस्वी यादव, चिराग पासवान, अखिलेश यादव, आदित्य ठाकरे, एमके स्टालिन और सचिन पायलट न केवल अपनी-अपनी पार्टी का चेहरा हैं, बल्कि राष्ट्रीय पटल पर बड़ी भूमिका में भी हैं।

अब बात करते हैं बिहार के डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव की। वह बहुत ही कम समय में प्रदेश की राजनीति में अहम किरदार बन गये हैं। 26 साल की उम्र में उप मुख्यमंत्री बने तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद के नक्शे-कदम पर चलते हुए उनकी सियासी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। राजद ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया और सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन लोकसभा चुनावों में राजद का प्रदर्शन निराशाजनक था। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजद ने चार सीटें जीती थीं, जबकि 2019 में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली। ऐसे में तेजस्वी यादव के सामने 2024 चुनाव से पहले कई चुनौती है, जिसका जल्द हल निकालना होगा। सबसे पहले तो उन्हें कथित भ्रष्टाचार के आरोपों से जल्द बाहर निकलना होगा। इसके बाद राजद के पारंपरिक मुस्लिम-यादव वोट बैंक के अलावा अन्य वर्गों का वोट पार्टी के पाले में लाना होगा। तेजस्वी के सामने अगली चुनौती बिहार में महागठबंधन को बनाये रखने और राजद की अराजकता फैलाने वाली पार्टी की छवि पर लगाम लगाना होगा। तेजस्वी को युवाओं और वरिष्ठ नेताओं के बीच समन्वय स्थापित करना होगा। कई वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव पर पुराने नेताओं की अनदेखी का आरोप लगाते रहे हैं। इसके बाद बिहार में लोकसभा की 40 सीटों में से राजद को अधिक सीट पर जीत हासिल करने की चुनौती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि तेजस्वी यादव को बिहार की जनता ने लालू-नीतीश की साझी विरासत के तौर पर स्वीकार कर लिया है। वह प्रदेश में नीतीश कुमार के बाद नंबर दो के नेता बन चुके हैं। उनकी छवि किसान नेता के तौर पर उभरनी चाहिए। इस पर वह जितना ध्यान देंगे, उतना उनकी पूंजी बढ़ेगी।

### रामविलास पासवान की झोंपड़ी को कब तक बचायेंगे चिराग

बिहार में दूसरी पीढ़ी के एक और नेता चिराग पासवान हैं। वह भारत की राजनीति में 'मौसम वैज्ञानिक' के नाम से चर्चित अति पिछड़ों के नेता रामविलास पासवान के पुत्र हैं। राजनीति में उनका बहुत अधिक योगदान अब तक सामने नहीं आया है, लेकिन एनडीए खेमे में भाजपा के साथ कदम से कदम मिला कर चलना ही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक सफलता कही जा सकती है। अपने जनाधार को लगातार बढ़ाने में लगे चिराग पासवान अपनी लोक जनशक्ति पार्टी की झोंपड़ी को कब तक बचा पायेंगे, यह देखना बहुत दिलचस्प होगा। अपने सगे चाचा की बगावत से बुरी तरह प्रभावित चिराग ने हिम्मत नहीं हारी है, यही उनकी उपलब्धि है।

### मुलायम की भरपाई कैसे करेंगे अखिलेश

उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़ी भूमिका होगी। अखिलेश जिस प्रदेश से आते हैं, वहां लोकसभा की सबसे अधिक 80 सीटें हैं। 2014 के चुनाव में एनडीए को यहां 73 सीट और 2019 में 64 सीटें मिली थीं, जबकि दोनों चुनाव में समाजवादी पार्टी पांच-पांच सीट ही जीत पायी थी। इसमें पांच उम्मीदवार मुलायम सिंह यादव के परिवार के थे। 2024 के चुनाव में अगर विपक्ष को भाजपा के विजय रथ को रोकना है, तो उसमें यूपी की अहम भूमिका होगी। बसपा और कांग्रेस का जिस तरीके से जनाधार घट रहा है, उसके बाद अकेले समाजवादी पार्टी ही दिख रही है, जो प्रदेश में भाजपा का मुकाबला कर सकती है। लेकिन अखिलेश यादव के लिए यह राह आसान नहीं है। उनके सामने कई ऐसी चुनौतियां हैं, जिनसे उन्हें पार पाना होगा।

अखिलेश के सामने सबसे बड़ी चुनौती समाजवादी पार्टी और यादव कुनबे को आगे भी एकजुट रखने की है। इसके अलावा मुलायम के 'एमवाइ' समीकरण को साधे रखने की चुनौती होगी। फिर युवाओं के साथ पुराने नेताओं को पार्टी में तवज्जो देनी होगी और मजबूत विपक्ष के तौर पर भाजपा का डट कर सामना करना होगा। इन सबसे पार पाने के बाद उन्हें पारंपरिक सीटों को बचाये रखना होगा। अखिलेश यादव ने यूपी की राजनीति को दो ध्रुवों में बांटा है। यह भाजपा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अगर वोटों का ध्रुवीकरण भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच हो गया, तो यह अखिलेश यादव की सबसे बड़ी सफलता होगी। अखिलेश यादव भाजपा के राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के एजेंडे का जातिगत राजनीति के आधार पर किस तरह से मुकाबला करेंगे, यह बहुत अहम होगा। वहीं अन्य पिछड़े वर्गों का कितना वोट समाजवादी पार्टी के पाले में आ पायेगा, यह भी बड़ी चुनौती होगी।

### विरासत को बचाने का चैलेंज है आदित्य ठाकरे के सामने

उद्धव ठाकरे के बेटे और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे आदित्य ठाकरे की पहचान युवा नेता के तौर पर होती है। आदित्य जिस प्रदेश से आते हैं, वह यूपी के बाद सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाला राज्य है। यहां से 48 सांसद चुन कर संसद जाते हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने यहां पर 23 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि महाराष्ट्र में बदली राजनीतिक स्थितियों के बाद अब उद्धव गुट के पास केवल छह सांसद हैं। 25 साल तक भाजपा के साथ गठबंधन में रही शिवसेना ने 2019 विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद अपनी राह अलग कर ली थी और यहीं से पार्टी की मुसीबत शुरू हो गयी। वर्तमान समय में आदित्य ठाकरे के पास न शिवसेना का चुनाव चिह्न है और न ही पार्टी का नाम। एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना का दर्जा मिलने के बाद से आदित्य ठाकरे के सामने तमाम चुनौती हैं, जैसे नयी पार्टी को मजबूती से महाराष्ट्र में खड़ा करना, बाला साहब ठाकरे की विरासत को बचाना, कार्यकर्ताओं के मनोबल को बनाये रखना आदि। इसके बाद आदित्य ठाकरे की सबसे बड़ी चुनौती प्रदेश में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल करना है, क्योंकि उद्धव गुट अभी शरद पवार के कंधे पर हाथ रख कर चल रहा है और इससे उसे जल्द बाहर आना होगा। महाराष्ट्र में जिस तरीके से भाजपा बढ़ रही है, वह निश्चित तौर पर उद्धव गुट के लिए चुनौती है। ऐसे में आदित्य ठाकरे को भाजपा विरोधी ताकतों को एकजुट करना होगा और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना होगा। उन्हें अपने दादा और पिता के साये से निकल कर अपना अलग नेतृत्व युवाओं में स्थापित करना होगा।

### भाजपा के बढ़ते ग्राफ को रोकना होगा अभिषेक बनर्जी को

35 वर्षीय अभिषेक बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हैं। वह जिस प्रदेश से आते हैं, वहां लोकसभा की 42 सीटे हैं, यानी यूपी और महाराष्ट्र के बाद तीसरे नंबर पर सबसे अधिक सांसद पश्चिम बंगाल से चुन कर जाते हैं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी पिछले 12 सालों से सत्ता में है, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा का प्रदेश में सफलता का ग्राफ बढ़ता दिख रहा है। इसलिए टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के भतीजे और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी अभिषेक बनर्जी के सामने कई चुनौतियां हैं। इनसे उन्हें पार पाना होगा, जैसे उनकी टीएमसी में खुल कर स्वीकार्यता नहीं दिखती है। ऐसे में कार्यकर्ताओं के बीच पैठ बनानी होगी, जिससे कार्यकर्ताओं के बीच संदेश जाये कि ममता बनर्जी के बाद पार्टी में नंबर दो वही हैं। इसके अलावा पार्टी में गुटबाजी को रोकना, ममता बनर्जी के साये से निकल कर खुद को स्थापित करना और भाजपा के बढ़ते ग्राफ को रोकने के अलावा कथित भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी पार्टी की छवि को साफ बनाये रखना और टीएमसी के जनाधार को लोकसभा चुनावों में और मजबूत करना होगा। हाल ही में बंगाल की सागरदिघी सीट पर हुए उपचुनाव में हुई हार के बाद टीएमसी के लिए बंगाल लोकसभा चुनाव एकतरफा होता नहीं दिख रहा है।

### स्टालिन को करुणानिधि की तरह राजनीति का 'स्ट्रांगमैन' बनना होगा एमके

द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम (द्रमुक) के संस्थापक और भारतीय राजनीति के 'स्ट्रांगमैन' के रूप में चर्चित एम करुणानिधि के पुत्र एमके स्टालिन ने तमिलनाडु की राजनीति में अब तक बहुत अधिक सफलता अर्जित नहीं की है, लेकिन वह राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान स्थापित करने में सफल रहे हैं। भाजपा विरोध के जिस स्वर को उनके पिता ने दक्षिण में आवाज मुहैया करायी थी, उसे बरकरार रखने के साथ मुख्यमंत्री की अपनी कुर्सी को बचाये रखना एमके स्टालिन की सबसे बड़ी चुनौती होगी। तमिलनाडु को उन्होंने देश में सबसे तेजी से आगे बढ़नेवाले राज्य के रूप में स्थापित कर दिया है और इसे बरकरार रखने के लिए उन्हें 2024 मे अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

### राजस्थान में पहचान के संकट से जूझ रहे सचिन पायलट

अंत में बात राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की। उनकी पहचान कांग्रेस में बगावती नेता के तौर पर रही है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन राजस्थान कांग्रेस के अंदर नेतृत्व को लेकर आंतरिक कलह जारी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के विवाद से कांग्रेस कार्यकर्ता पसोपेश में हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्या करें। कांग्रेस ने अभी तक सचिन पायलट की भूमिका तय नहीं की है। ऐसे में सवाल है कि क्या पार्टी उन्हें राजस्थान विधानसभा चुनाव में सीएम का चेहरा बनायेगी। ऐसा नहीं लग रहा है कि अशोक गहलोत नेतृत्व से हटा दिये जायेंगे और पायलट सरकार का नेतृत्व करेंगे। उन्हें कार्यकर्ताओं को एकजुट करना और कांग्रेस के नेतृत्व में काम करना होगा। राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटें हैं। भाजपा ने 2014 में क्लीन स्वीप किया, तो 2019 में 24 सीट पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस का दोनों चुनाव में खाता तक नहीं खुला था। ऐसे में अगर सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच का विवाद जल्द नहीं सुलझा, तो 2024 में भी पहले के नतीजे दोहराये जा सकते हैं। सचिन पायलट की छवि कांग्रेस के अनुशासित कार्यकर्ता की नहीं हो पायी है। उनकी छवि कुर्सी के लिए बेचैन युवा कांग्रेसी की है, जो जात-पात के नाम पर अपनी दावेदारी कर रहा है। उन्हें कांग्रेस के जननेता के तौर पर काफी सफर तय करना है।

इस तरह 2024 का लोकसभा चुनाव राजनीति में नयी पीढ़ी का दरवाजा खोलेगा, क्योंकि राष्ट्रीय राजनीति में सभी दलों में नये नेताओं का प्रवेश हो चुका है। उनके लिए लोकसभा चुनाव लड़ना और अपने प्रभाव से विजय दिलाना बड़ी कसौटी है। वे अगर सफल हुए, तो नेतृत्व की भूमिका पर आसीन हो सकेंगे।

इन नेताओं पर गौर करें, तो सचिन पायलट को छोड़ कर सभी अपनी पार्टी के नंबर एक या दो नेता हैं। उनके ऊपर न सिर्फ पार्टी को बचाने की जिम्मेदारी है, बल्कि अपने मूल मतदाताओं को रोके रखना भी एक बड़ी चुनौती है। अगर ये नेता अपनी पार्टी के लिए बेहतर प्रदर्शन कर पाये, तो यकीनन 2024 चुनाव के बाद भारतीय राजनीति की तस्वीर अलग होगी।

# इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन डाल्टनगंज में आज से

## कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रांची इप्टा के प्रतिनिधि जायेंगे डाल्टनगंज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन डाल्टनगंज में 17 मार्च से 19 मार्च 2023 तक होने जा रहा है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसमें पूरे झारखंड प्रदेश से और दूसरे राज्यों से भी इप्टा से जुड़े हुए कलाकार, साहित्यकार, बुद्धिजीवी पहुंच रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रांची इप्टा से दस कलाकारों की टीम भी 17 मार्च को रांची से डालटेनगंज के लिए रवाना होगी। इसकी जानकारी रांची जिला इप्टा के अध्यक्ष पंकज मित्रा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में दी।

पंकज मित्रा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए झारखंड इप्टा ने जन आंदोलन के माध्यम से जनता की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन वीर सपूत शहीद नीलांबर पीतांबर की धरती पर कार्यक्रम करने जा रही है। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड से जुड़े हुए भी कलाकार अयेंगे, जिनमें सबसे चर्चित लोक गायिका नेहा सिंह राठौर, पदमश्री मधु मंसूरी हसमुख, अंतराष्ट्रीय सूफी गायक मीर मुख्तयार अली, तनवीर अख्तर, निर्देशक अमिताभ पांडे आदि शामिल होंगे।

झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल मल्लिक ने बताया कि लंबे समय के बाद इप्टा का भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है, जिसमें लोक गायिका, लोक नृत्य, नाटक, साहित्य पर चचाएं सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में झारखंड सहित बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से कलाकार, बुद्धिजीवी, साहित्यकार मौजूद रहेंगे। भाकपा के राज्यसभा के सांसद कॉम विनोय विश्वम भी शामिल होंगे। रांची से जाने वाली टीम में मुख्य रूप से अध्यक्ष पंकज मित्रा, कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल मल्लिक, रांची जिला सचिव सुमेधा मल्लिक, प्रसिद्ध चित्रकार प्रवीण करमाकर, रंगकर्मी ऋषिकेश लाल, परवेज कुैशी, हिमांशु बॉस, श्यामल सोंटा सहित कई कलाकार और गणमान्य लोग शामिल हैं।

# हाइकोर्ट ने ढुल्लू महतो की याचिका पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

### बरी हुए मामले को आपराधिक इतिहास में नहीं जोड़ने का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बरी हुए मामले को उनके आपराधिक इतिहास में नहीं जोड़ने को लेकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अजय शाह ने कोर्ट को बताया कि जब भी विधायक ढुल्लू महतो के किसी भी केस की कोर्ट में चर्चा होती है, तो सरकार की ओर से बताया जाता है कि उनके खिलाफ करीब 45 आपराधिक केस दर्ज है, जबकि वस्तुस्थिति यह है कि इन मामलों में से 35 केस में अदालत द्वारा ढुल्लू महतो को बरी कर दिया गया है। इसलिए ऐसे मामले, जिसमें ढुल्लू महतो रिहा हो चुके हैं, उसे उनके आपराधिक इतिहास के साथ न जोड़ा जाये।

अदालत ने प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### हाइकोर्ट का सरकार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश

# 27 को भुरकुंडा में प्रदूषण कम करने को लेकर उठाये कदम पर रिपोर्ट दाखिल करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला एवं लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन एवं अवैध माइनिंग से होनेवाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर संतोष पाठक की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कोर्ट को बताया गया कि उसने भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर एक गाइडलाइन बनायी है। इस पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि उन्होंने भुरकुंडा में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जो गाइडलाइन बनायी हैं, उसका अनुपालन करते हुए 27 मार्च को कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करें।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रामशुभग सिंह की ओर से कोर्ट को बताया गया कि भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, आयरन ओर की ट्रांसपोर्टिंग, अवैध माइनिंग एवं 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण बढ़ा हुआ है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बताया गया कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए भुरकुंडा में लगातार पानी का छिड़काव करने, पेड़ लगाने, बाउंड्री लगाने, प्रदूषण के स्तर की लगातार मॉनिटरिंग करने, प्रदूषण के स्तर को घटाने आदि विषयों पर काम किया जायेगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रदूषण रोकथाम को लेकर व्यापक कदम उठायें। अगली सुनवाई में कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.8 °c | 20.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.58 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.58 बजे |



### नियुक्ति नियमावली कैबिनेट से है पारित

# बहुत जल्द शुरू होंगी नियुक्तियां: आलमगीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक लंबोदर महतो के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने साफ कहा कि 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को सर्वसम्मति से विधानसभा से पारित करा कर राज्यपाल के माध्यम से भारत सरकार को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस पर क्या निर्णय लेती है, इसका हम लोग इंतजार नहीं कर सकते, क्योंकि समय निकल जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बात को ध्यान में रख कर सरकार ने कैबिनेट से नयी नियुक्ति नियमावली पारित करा ली है।



विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए अलग-अलग नियमावली बनायी गयी है। विभागों से रिक्तियां भी मांगी जा रही हैं। बहुत विभागों से रिक्तियों की सूची भी आयी है। सरकार बहुत जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने जा रही है।


विधायक लंबोदर महतो ने सरकार से जानना चाहा था कि सदन से 11 नवंबर को जो 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति पारित हुई थी, उसका क्या हुआ। अब तक यह राज्य में लागू नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का वक्तव्य झारखंड के युवाओं को दिग्भ्रमित करनेवाला है। 32 की जगह पर अब 23 आ गया है। उन्होंने कहा कि अभी जो सरकार ने कैबिनेट से नियमावली पारित करायी है, उससे झारखंड के युवाओं का भला नहीं होनेवाला है। सरकार पहले 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति बनाये, तब नियुक्ति शुरू करे।

# पुरी के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती पहुंचे रांची, किया गया भव्य स्वागत

## हरमू मैदान में विराट धर्मसभा को करेंगे संबोधित, 16 से 19 मार्च तक रांची में प्रवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोवर्धन मठ पुरी के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती रेल मार्ग से गुरुवार सुबह रांची पहुंचे। अनुयायियों ने जगतगुरु शंकराचार्य का रांची रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने गुरुवार शाम को रांची के हरमू मैदान में विराट धर्मसभा को संबोधित किया। धर्मसभा में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने अलग-अलग विषयों पर अपने विचार रखे। इस दौरान शंकराचार्य को सुनने के लिए झारखंड के कोने-कोने से हजारों लोग पहुंचे। पूर्व आइएएस राजीव रंजन और कार्यक्रम के संरक्षक डॉ एचपी नारायण ने बताया कि झारखंड में चौथी बार स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का आगमन हुआ है। उन्होंने बताया कि स्वामी निश्चलानंद सरस्वती 16 से 19



मार्च तक रांची में रहेंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था सेल सिटी में की गयी है। रांची प्रवास के दौरान शंकराचार्य का 17 मार्च को सुबह में दीक्षा और शाम में वॉलीबॉल ग्राउंड में धर्मसभा का आयोजन होगा। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती भारतवर्ष में घूम-घूम कर धर्मसभा के जरिये हिंदू समाज को एकजुट करने में लगे हैं। इसी उद्देश्य से शंकराचार्य रांची पहुंचे हैं। उन्होंने जुलाई 2021 में कहा था कि 2025 तक भारत हिंदू राष्ट्र बन जायेगा। इसी को लेकर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती देशभर में धर्मसभा को संबोधित करने जा रहे हैं। 19 मार्च की भी सुबह सरला बिरला में ही दीक्षा कार्यक्रम से कइयों को लाभान्वित करेंगे। इसी दिन शाम को हटिया रेलवे स्टेशन से वह वापस लौट जायेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** विशेष परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य सफल होगा। घर-गृहस्थी में सुखद वातावरण रहेगा।

**वृष** स्वजन-प्रियजनों का सहयोग। किसी समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर। मान-सम्मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क** शुभ समाचारों की प्राप्ति। सुखद दांपत्य जीवन। गृह-भूमि-भवन का सुख मिलेगा।

**सिंह** अधूरा काम पूरा होगा। राजनीतिक लाभ। गुप्त शत्रुओं पर विजय। धनलाभ होगा।

**कन्या** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ होगा।

**तुला** रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन। मांगलिक कार्य का सम्पादन होगा। मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी। महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति। व्यापार में लाभ।

**धनु** नौकरी-व्यवसाय में सफलता। विशिष्टजनों से संपर्क बढ़ेगा। सामाजिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकर** उलझनें दूर होंगी। मकान-वाहन आदि की समस्या का समाधान। आर्थिक लाभ होगा।

**कुंभ** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभपद। व्यापार-व्यवसाय से जुड़े लोग खुश रहेंगे।

**मीन** आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे। चल-अचल संपत्ति का लाभ। आपकी श्रीवृद्धि होगी।

## विपक्षी विधायकों ने नियोजन नीति को लेकर सदन के बाहर किया प्रदर्शन




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के चौथे दिन गुरुवार को भी विपक्षी पार्टी के विधायकों ने टी-शर्ट पहन कर नियोजन नीति को लेकर विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। विपक्ष के विधायकों ने 60-40 नाय चलतो, 1932 की भेलो के नारे भी लगाये। विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री सदन में नियोजन नीति पर वक्तव्य नहीं देंगे, विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है। नियोजन नीति के नाम पर राज्य के युवाओं को उलझा कर रखा है। भाजपा यह बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बुधवार को भी विपक्ष ने लगातार सदन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह नियोजन नीति पर स्पष्ट वक्तव्य दें, लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

## पत्रकारों के लिए प्रेस एकेडमी का गठन हो : जेपी पटेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** बीजेपी विधायक जेपी पटेल ने तेलंगाना की तर्ज पर पत्रकारों के कल्याण के लिए प्रेस एकेडमी गठित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमारे पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी काम करते हैं। काम के दौरान उन्हें कुछ हो जाता है, तो उनके परिवार का क्या होगा, सोचनेवाला कोई नहीं है। यहां पत्रकारों को कोई सुविधा और सुरक्षा नहीं है, इसलिए सरकार को प्रेस एकेडमी का गठन करना चाहिए।

## तेनुघाट एवं कसमार में बन कर तैयार आइटीआइ में शुरू हो पढ़ाई : डॉ लंबोदर

**रांची (आजाद सिपाही)।** विधानसभा में गुरुवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शून्यकाल में अपने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के तेनुघाट एवं कसमार में बन कर तैयार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) का उद्घाटन कर शैक्षणिक सत्र चालू करने का मामला उठाया। विधायक ने कहा कि दोनों आइटीआइ का अब तक उद्घाटन नहीं होने की वजह से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। इस वजह से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अलावा उग्रवाद प्रभावित इलाकों के हजारों छात्र एवं छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से शीघ्र दोनों आइटीआइ का उद्घाटन कर अगले शैक्षणिक सत्र से चालू करने की मांग उठायी।

### सदन में मंत्री बन्ना गुप्ता और सरयू राय के बीच नोकझोंक

# स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग में कार्यपालिका नियमावली के उल्लंघन को लेकर सरयू ने मंत्री को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग के ट्रांसफर-पोस्टिंग में कार्यपालिका नियमावली की अनदेखी के मामले पर विधायक सरयू राय और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता में नोकझोंक हुई। सरयू राय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग में काफी अनियमितता हुई है। कार्यपालिका नियमावली की धारा तीन और चार का उल्लंघन हुआ है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि परंपराओं के मुताबिक ट्रांसफर पोस्टिंग हुई है। सरयू राय, जो आज हम से सवाल कर रहे हैं, वह भी खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री रहे हैं। उनके विभाग के पेपर हमारे पास हैं। उन्होंने भी कार्यपालिका नियमावली का उल्लंघन किया था।

सरयू राय ने कहा कि लगता है, मंत्री को कार्यपालिका नियमावली की अलग ही समझ है। स्थापना समिति ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर मार्गदर्शक सिद्धांत बनाती है। उसका भी पालन उन्होंने नहीं किया है। पदस्थापन के लिए मुख्यमंत्री का भी अनुमोदन नहीं लिया गया और कह दिया गया कि मुख्यमंत्री का अनुमोदन ले लिया गया है। सरयू राय ने कहा कि सदन में मुख्यमंत्री भी बैठे है। वह चुनौती देते हैं कि अगर मुख्यमंत्री का अनुमोदन हो गया है, तो बतायें। अगर कोई भी विभाग ऐसे मुख्यमंत्री और सचिव के आदेश से ऊपर हो जायेगा, तो कैसे चलेगा। सरयू राय ने यह भी कहा कि लगता है मंत्री को कार्यपालिका नियमावली के बारे में समझ नहीं है, मुख्यमंत्री या कोई वरीय मंत्री उन्हें इसकी जानकारी दे दें।

# धनबाद में सेरसाकुंडी-करगली के बीच सड़क बनाने की तैयारी

## पश्चिम बंगाल सरकार से झारखंड ने मांगा सहयोग

आजाद सिपाहीसंवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने झारखंड और पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के बीच सड़क संपर्क को और बेहतर करने की योजना बनायी है। विधानसभा के जारी बजट सत्र में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने पथ निर्माण मंत्री से धनबाद जिला के बलियापुर प्रखंड अंतर्गत दो राज्यों (झारखंड एवं पश्चिम बंगाल) को जोड़ने वाली सेरसाकुंडी-चेलियामा-करगली के बीच दामोदर नदी पर आवागमन हेतु पुल निर्माण के संबंध में पूछा था। इस पर विभाग ने बताया है कि यह मार्ग पथ निर्माण विभाग के स्वामित्व के अधीन नहीं है। दामोदर नदी पर पुल निर्माण का प्रस्ताव झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्य के बीच है। ऐसे में इस पर अंतरराज्यीय पुल होगा। इसमें पश्चिम बंगाल अंतर्गत पहुंच पथ तथा पुरुलिया मुख्य मार्ग से संपर्क पथ के निर्माण और उन्नयन की जरूरत होगी। वर्तमान में पश्चिम बंगाल क्षेत्र में ग्रामीण पथ है। इसके निर्माण के बाद इस परियोजना का लाभ मिल सकेगा। पश्चिम बंगाल के अधीन पड़ने वाले क्षेत्रों और पहुंच पथ, संपर्क पथ के संदर्भ में वहां की सरकार से जानकारी मांगी गयी है।

## राम और रावण के तीर धनुष पर चला विधायकों का शब्द वाण

**रांची।** भोजनावकाश के बाद सदन में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा चल रही थी। विभाग की योजनाओं से ज्यादा शब्द वाण सदन में राम और रावण के तीर धनुष पर चला। झामुमो विधायक मंगल कालिंदी ने अपने भाषण के दौरान भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग हर हर बम और जय श्रीराम का झूठा नारा लगाते हैं। असली राम का अस्त्र तो हम लोगों के पास है। हमारे पास तीर और धनुष है, जो भगवान राम का अस्त्र है। इस पर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि यह राम वाला तीर नहीं रावण वाला तीर है। भानु को जवाब देते हुए मंगल कालिंदी ने कहा कि यह रावण वाला नहीं, बल्कि रावण को वध करनेवाला तीर धनुष है।

# कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अपनी ही सरकार को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को भी सदन के अंदर और बाहर विपक्ष का हंगामा जारी रहा। भाजपा विधायक सदन के अंदर भगवा रंग की टी शर्ट पहन कर पहुंचे, जिन पर 60-40 नाय चलतो और 1932 का क्या हुआ लिखा था। कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक वेल में पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच स्पीकर अल्पसूचित प्रश्न ले रहे थे। विपक्ष का हंगामा और नारेबाजी देख विपक्ष के हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने सरकार से सिंचाई के लिए परकोलेशन टैंक की जगह डीप बोरिंग योजना को स्वीकृति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान डीप बोरिंग की मांग कर रहे हैं। जवाब में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि वर्ष 2023-24 के बजट में डीप बोरिंग के लिए 500 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पर एक अप्रैल के बाद राज्यादेश निकलेगा। विधायक ने मंत्री से जानना चाहा कि प्रति प्रखंड कितना डीप बोरिंग दिया जायेगा। इस पर मंत्री स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बता पाये। मंत्री के जवाब पर विधायक दीपिका ने अध्यक्ष से कहा कि मंत्री का गोलमोल जवाब आपके सामने है, इसीलिए हम लोग सवाल नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास कोई प्री प्लान नहीं है क्या। यही वजह है कि साल के अंत में पता चलता है कि आधा से अधिक राशि खर्च नहीं हो पाती।

## कोर्ट नोटिस

**न्यायालय श्रीमान् सब जज-1, कोडरमा।**

**पार्टीसन सुट नं.-208 / 2022**

सुरेश साव वगैरह ....................वादीगण

**बनाम्**

मधुसुदन साव वगैरह ......... प्रतिवादीगण

**नोटिस बनाम :-**

**पवन साव पिता प्रकाश साव साकिन-जोगीडीह, पोस्ट - जोगीडीह, थाना-सतगावां, जिला - कोडरमा**

चूंकि आपको इस पेपर प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में उपस्थिति हेतु लंबित है, जिसकी सुनवाई की तिथि 28.03.2023 निश्चित है। इसके पूर्व आपको नजारत एवं रजिस्ट्री के माध्यम से इसकी सूचना दी गई फिर भी आप न्यायालय उपस्थित नहीं हुए।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त तारीख को 10:30 बजे सुबह में स्वयं उपस्थित होकर वो रहकर या अपने-अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर होकर उचित कार्रवाई करें। अन्यथा आपके गैर हाजरी में एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा। इसे ताकिद सख्त जाने।

आज दिनांक 15.03.23 को मेरे दस्तखत तथा अदालत के मोहर से जारी किया गया।

**सब जज-1**
**कोडरमा**

## पलामू समाहरणालय

**प्रपत्र XVII**

**अधिनियम की धारा–93(1) के अन्तर्गत अधिसूचना**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू–अर्जन शाखा) या**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**
**अर्जन की वापसी**

**संख्या :–160(A)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–11.03.2023**

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा–93 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए समुचित सरकार अर्जनाधीन भूमि से अंश भूमि को अर्जन से वापस लिया जाता है। अर्जनाधीन कुल भूमि रकबा–**12.649** ए0 में से अंश रकबा–**0.2040** एकड़ भूमि (जो सम्पर्क पथ के लिए अभिलेख वाद संख्या–06/2018–19 द्वारा पूर्व से अर्जित है) जो ग्राम–मुरमाखूर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–56, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में अवस्थित है जिसे अधिसूचना सं0–**605B**/भू0अ0, दिनांक **21.10.2019** जिला के गजट सं0–**130**, दिनांक **16.10.2019** में पृष्ट सं0–1 से 11 तक में तथा दो दैनिक समाचार पत्रों राष्ट्रीय नवीन मेल में दिनांक **08.01.2020** को प्रकाशित कर अधिग्रहित किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

**ग्राम–मुरमाखूर्द, थाना सं0–56, कुल रकबा–0.2040 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 74 | 1248 | रैयती | धान दो | 0.001 | कृष्णा साव वो कमलेश साव पिता रामगहन साव वो उपनेती कुंवर पति मुखलेश साव वो रामनाथ साव पिता सुखदेव तेली | निज | 2069 | निज | 195 |
| 2 | 109 | 378 | रैयती | टांड दो | 0.009 | बिगन दुसाध पिता राधो दुसाध | निज | 782 | 639 | 634 |
| 3 | 65 | 180 | रैयती | धान दो | 0.015 | रामकरण पासवान वो रामनाथ पासवान वो शिवनाथ पासवान पिता स्व0 धुरा दुसाध | बांध | निज | 258 | 258 |
| 4 | 78 | 66 | रैयती | टांड दो | 0.012 | सोना देवी पति पारो देवी पति दिलेश्वर यादव कुन्ती देवी पति मानो देवी पति मुखली देवी पति | बांध | 104 | 102 | 136 |
| 5 | 100 | 100 | रैयती | धान दो | 0.0125 | जवाहर साव वैगरह राजमोहन साव पिता नन्हकुली साव | निज | 135 | 137 | 145 |
| 6 | 70 | 97 | रैयती | टांड दो | 0.008 | (1) गुलसनी देवी पति स्व0 भुलन साव वो बिला देवी पति स्व0 नजन साव वो अंगद साव पिता रामखेलावन साव वैगरह (2) प्रभु साव वो नंदेव साव वो सहदेवन साव वो नन्दु साव वो शिक साव वो वंशी साव पिता स्व0 रामबड़ाई साव वो कुलदीप साव वो सुर्दशन साव पिता रटु साव | 140 | 137 | 136 | 138 |
| 7 | 69 | 95 | रैयती | टांड दो | 0.029 | कृष्णा साव वो कमलेश साव पिता रामगहन साव वो उपनेती कुंवर पति मुखलेश साव वो रामनाथ साव पिता सुखदेव तेली | 138 | 133 | 137 | 145 |
| 8 | 74 | 101 | रैयती | टांड दो | 0.0035 | कृष्णा साव वो कमलेश साव पिता रामगहन साव वो उपनेती कुंवर पति मुखलेश साव वो रामनाथ साव पिता सुखदेव तेली | निज | 145 | 138 | 144 |
| 9 | 79 | 104 | रैयती | टांड दो | 0.016 | अज्ञात | निज | 166 | 145 | निज |
| 10 | 67 | 120 | रैयती | टांड दो | 0.03 | अज्ञात | 146 | 167 | 134 | 165 |
| 11 | 75 | 119 | रैयती | टांड़ दो | 0.0370 | फकीर चन्द साव पिता जोखु साव वो बलेष्वर साव वो त्रिवेणी साव वो गुलाब साव पिता स्व0 रामेष्वर साव वो द्वारिका साव वो रघुनाथ साव वो अषोक साव पिता स्व0 युगेष्वर साव वो सुदेष्वर साव वो अर्जुन साव, पिता स्व0 बिटन साव वो हरिहा साव वो राजकुमार साव पिता बिरन साव | निज | 168 | 166 | सिवाना |
| 12 | 85 | 122 | रैयती | टांड दो | 0.031 | रामकरण पासवान वो रामनाथ पासवान वो शिवनाथ पासवान पिता स्व0 धुरा दुसाध | 165 | 169 | 167 | सिवाना |
| कुल :– | | | | | 0.2040 ए0 | | | | | |

कानूनगो,
जिला भू–अर्जन, कार्या0, पलामू।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
पलामू

अपर समाहर्त्ता
पलामू

उपायुक्त
पलामू

PR 292725 Palamu(22-23).D

# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 4372 करोड़ रुपये की अनुदान मांग पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में 10 वें दिन गुरुवार को भोजनावकाश के बाद सदन में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा हुई। विपक्ष के कार्यवाही बहिष्कार के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 4372 करोड़ रुपये का अनुदान मांग पारित हुआ। इस पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से उत्तर देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि अन्य प्रदेशों की तुलना में झारखंड के जल स्रोत कमजोर हैं। 6-7 नदियां ही हैं, जिसमें सालों भर पानी रहता है। उन्होंने कहा कि झारखंड मूलतः भूगर्भ जल पर ही निर्भर है। इसके बाद भी सरकार का लगातार यह प्रयास है कि हर घर तक नल के माध्यम से जल पहुंचे। उन्होंने कहा कि 2019 से पहले मात्र चार प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचा था। आज यह आंकड़ा 32 प्रतिशत से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि अब तक हमारी



सरकार ने 19 लाख 46 हजार घरों तक नल से जल पहुंचाया है। लक्ष्य 61.18 लाख घरों तक नल से जल पहुंचाने का है जो हम 2024 तक पूरा कर लेंगे। सभी पेयजल योजनाओं का थर्ड पार्टी जांच का प्रावधान है। पूर्ण होने पर एजेंसी से जांच कराई जाती है। जितनी भी योजनाएं पूर्ण हुई है उसकी देखरेख का जिम्मा संबंधित एजेंसी को दिया है।

## युवाओं के साथ छल और भद्दा मजाक किया गया है: अमर बाउरी

अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव लाते हुए भाजपा विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जिस वायदे के साथ यह सरकार सत्ता में आई थी, उस पर कहीं से खड़ा नहीं उतर रही है। झारखंड को कैसे आगे बढ़ाया जाये, इसकी सरकार को चिंता नहीं है। उन्होंने कहा की जिस मांग को लेकर हेमंत सोरेन ने अर्जुन मुंडा की सरकार को अपदस्थ किया था, उस पर आज तक काम नहीं हुआ। 1932 खतियान का झांसा देकर सत्ता में आई यह सरकार आज 1932 पर मौन है। युवाओं को सपना दिखाकर सत्ता में आई यह सरकार आज युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। चर्चा में जे पी पटेल, मंगल कालिंदी, प्रदीप यादव, भूषण बाड़ा ने हिस्सा लिया।

## सरकार को राज्य जल आयोग का गठन करना चाहिए : सरयू राय

निर्दलीय विधायक सरयू राय ने नदियों में प्रदूषण और ग्राउंड वाटर लेवल का मसला उठाया। उन्होंने कहा कि ग्राउंड वाटर की स्थिति काफी खराब है। इसलिए सरकार को बोरिंग व डीप बोरिंग से परहेज करना चाहिए। नदियों और तालाबों की स्थिति काफी खराब है। उन्होंने चांडिल डैम का मसला उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय जल नीति के अनुसार पानी पर अब सबसे पहला हक पीने के लिए रखा गया है। चांडिल डैम से पर्याप्त मात्रा में पीने योग्य पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। इसके कारण जमशेदपुर एरिया में पानी की दिक्कत हो रही है। सरकार को राज्य जल आयोग का गठन करना चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि हमने कितना बारिश जल का संरक्षण किया। कितना पानी हमारे पास है, कितनी जरूरत है। सभी का आकलन हो सकेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को वर्षों पुरानी योजना को एक टाइम फ्रेम तय कर पूरा करना चाहिए।

## आखिरकार हमारा ग्राउंड वाटर का लेवल कहां पहुंच गया: विनोद सिंह

माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि हमारे सदस्य बोरवेल की मांग कर रहे हैं। मगर मांग करने से पहले यह सोचना चाहिए कि आखिरकार हमारा ग्राउंड वाटर का लेवल कहां पहुंच गया है। कब तक और कहां तक इसका दोहन किया जा सकता है। इसलिए अब हमें बोरिंग से परहेज करनी चाहिए। उन्होंने कोनार नदी का मसला उठाते हुए कहा कि कैनाल का काम पूरा कर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



## तेज आंधी के साथ बारिश से जनजीवन प्रभावित, शहर में घंटों गुल रही बिजली

# बिजली गिरने से नाबालिग की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम का मिजाज अचानक से बदला। गुरुवार की सुबह तेज धूप थी, मगर दोपहर होते-होते सूरज को बादलों ने ढंक दिया। दोपहर में ही अंधेरा छा गया। फिर बादल गरजने के साथ जोरदार बारिश हुई। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। एक ओर आंधी के कारण पेड़ टूटकर गिर गए तो दूसरी ओर बिजली के तार और पोल भी गिर गये, जिस कारण शहर में घंटों बिजली गुल रही। वहीं, धुर्वा में एक नाबालिग लड़की की मौत आकाशीय बिजली के गिरने के कारण हो गयी। धुर्वा के शालीमार बाजार के पास वज्रपात से जिस नाबालिग रितिका मुंडा की मौत हुई, उसकी उम्र 13 साल थी। वहीं, दो अन्य लोग भी घायल हुए जिनका इलाज पारस अस्पताल में चल रहा है।



**पेड़ गिरने से कार-बाइक हुई क्षतिग्रस्त :** बारिश के दौरान रांची में कई जगहों पर तेज हवा की वजह से पेड़ गिर गए। रेडिशन ब्लू होटल के पास पेड़ की डाली और बिजली का पोल गिरा। जिसके कारण एक कार और बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, तेज आंधी की वजह से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गयी। रांची, गुमला, सिमडेगा सहित राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को कहा कि मौसम का मिजाज 16 से 20 मार्च तक बदला-बदला नजर आयेगा। बारिश के साथ ओलावृष्टि, मेघ गर्जन और वज्रपात भी होंगे। झारखंड में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और सब हिमालयन वेस्ट बंगाल से लेकर ओडिशा तक बने एक सिस्टम का असर देखने को मिल रहा है।

### आगामी दिनों में मौसम की स्थिति

**17 मार्च :** राज्य में कहीं-कहीं गर्जन-वज्रपात के साथ तेज सतही हवा (अधिकतम गति: 30-40 किमी) चलने की संभावना है। राज्य के उत्तरी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना है।

**18 मार्च :** राज्य में कहीं-कहीं गर्जन-वज्रपात के साथ तेज सतही हवा (अधिकतम गति: 40-50 किमी) चलने की संभावना है।

**19 मार्च :** राज्य में कहीं-कहीं गर्जन-वज्रपात के साथ तेज सतही हवा (अधिकतम गति: 30-40 किमी) चलने की संभावना है।

**20 मार्च :** राज्य में कहीं-कहीं गर्जन-वज्रपात के साथ तेज सतही हवा (अधिकतम गति: 30-40 किमी) चलने की संभावना है।

## झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट की



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 6-8 अप्रैल- 2023 तक खेलगांव, रांची में आयोजित होनेवाले झारखंड इमेजिंग एक्सपो में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन सेंट्रल कमेटी के संरक्षक बापी घोषाल, अध्यक्ष चन्द्रेश्वर पंडित, उपाध्यक्ष बिरजू कुमार, सचिव उपेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, वीरेंद्र शर्मा और विकास कुमार शामिल थे।

## डीएसपीएमयू के छात्र को दिया प्रमाण पत्र



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविधालय, रांची के कंप्यूटर ऐप्लिकेशन विभाग के छात्र राहुल कुमार को कर्तव्य पथ परेड, 26 जनवरी दिल्ली में झारखंड राज्य से प्रतिनिधित्व करने के लिए राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने राहुल कुमार को विश्वविद्यालय में बधाई दी। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू डॉ एस एम अब्बास, रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह, डॉ अनुपम कुमार, डॉ राजेंद्र महतो, डॉ राहुल देव शाह, जाफर अब्बास और डॉ प्रिय रंजन प्रियदर्शी ने भी राहुल कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके तहत बुधवार को यहां क्रिकेट मैच खेला गया। क्रिकेट मैच द्वितीय सत्र (2021 -2023) तथा प्रथम सत्र (2022 2024) के छात्रों के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता में द्वितीय सत्र के छात्रों ने 23 रन से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच का खिताब अनिल उरांव को दिया गया। एंपायर की भूमिका सरफराज अहमद और प्रदीप सिंह ने निभाया। वहीं गुरुवार को वॉलीबॉल, कबड्डी तथा कैरम मैच खेला गया। वॉलीबॉल में द्वितीय सत्र के लड़कों ने तथा कबड्डी प्रतियोगिता में द्वितीय सत्र के लड़कियों ने जीत हासिल की। कैरम प्रतियोगिता में लड़कों में द्वितीय सत्र के छात्र आफान एवं रमेश तथा लड़कियों में प्रथम सत्र के छात्रों कुमारी विमला तथा मधुरी सुरीन विजयी रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी एवं सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

## रांची पुलिस अलर्ट पर, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करनेवाले पर मामला दर्ज

**रांची (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर रांची पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस की नजर सोशल मीडिया पर टिकी है। वैसे तत्व, जो संप्रदायिकता से जुड़े हुए पोस्ट करके माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में रांची पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करनेवाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## 22 को जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल के मामले में सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर यूनियन ऑफ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने दोनों पक्षों को लिखित बहस 20 मार्च तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। केंद्र सरकार की ओर से समय की मांग की गयी, जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 22 मार्च निर्धारित की। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा। वहीं केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार सिन्हा ने पैरवी की। मामले में सेना की ओर से कहा गया कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बन रही है, वह सेना की जमीन के बगल में है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। वहीं प्रतिवादियों की ओर से कहा गया कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है, वह वर्ष 2022 का है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। वर्ष 2016 की गाइडलाइन इसमें अप्लाई होती है। इसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है, जो बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो रहा है, वह सेना की जमीन से 45 मीटर से ज्यादा दूरी पर है।

## आयोग की अनुशंसा के अनुरूप मिले ओबीसी को आरक्षण : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने झारखंड सरकार के द्वारा ओबीसी आरक्षण तय करने और ओबीसी का ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद ही निकाय चुनाव कराने के निर्णय का स्वागत किया है। प्रसाद ने कहा कि पहले सरकार ने ओबीसी को आरक्षण दिये बिना निकाय चुनाव कराने का निर्णय लिया था। उसका मोर्चा ने विरोध किया था, लेकिन अब सरकार ने सही निर्णय लिया है, तो इसका मोर्चा ने स्वागत भी कर रहा है। कहा कि सरकार को अब चाहिए कि पिछड़ी जातियों को आबादी के अनुसार 50 प्रतिशत तक आरक्षण देने की जो राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने अनुशंसा सरकार से की है, उसको ट्रिपल टेस्ट करा कर सरकार ओबीसी का आरक्षण तय करे। प्रसाद ने कहा कि इडब्ल्यूएस को भी आरक्षण मिला है, इसका लाभ मूलवासी सदान से आनेवाले सवर्णों को कैसे मिले, झारखंड सरकार को इसकी पहल करनी चाहिए। मूलवासी सदान से आनेवाले सवर्ण भी अंतिम पंक्ति में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि जितनी जल्द हो सके, मूलवासी सदान आयोग का गठन करे। प्रसाद ने कहा कि सरकार को मूलवासी सदानों के विषय को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों का सात जिलों में आरक्षण शून्य है उसको तुरंत सुधार करते हुए आबादी के अनुसार ओबीसी को आरक्षण दिया जाना चाहिए।

## ओबीसी आरक्षण तय करने के बाद ही नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला स्वागतयोग्य : राजेश गुप्ता

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य मंत्री परिषद की बैठक में राज्य में ओबीसी आरक्षण तय करने के बाद ही नगर निकाय चुनाव करने का फैसला लिया गया है। इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है। लेकिन यह कदम देर से उठाया गया, राज्य सरकार अगर गंभीर होती तो पंचायत चुनाव में भी ओबीसी का आरक्षण अवश्य प्राप्त होता। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई आंदोलन करके नगर निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरा करने की मांग की थी तथा माननीय झारखंड हाई कोर्ट में भी अर्जी लगाई थी। ट्रिपल टेस्ट कर ओबीसी को नगर निकाय चुनाव में आरक्षण देने के निर्णय का स्वागत करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम नंदन मंडल, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, संजय मेहता, उमेश जयसवाल, महासचिव अजय मेहता, प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर, अजय मेहता, राम लखन यादव, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, राम लखन साहू, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, नंद गोपाल चौरसिया, दिनेश प्रसाद, आनंद कुमार मौर्य अशोक कुमार कुशवाहा खुसीयाल साहू शामिल है।

## राज्य सरकार और रिम्स को हाइकोर्ट में जवाब दाखिल करने के लिए मिला समय

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत की कमेटी बना कर जांच करने एवं इस घटना के रिस्पांसिबल लोगों के खिलाफ एक्शन लेने को लेकर दाखिल झारखंड छात्र संघ की ओर से जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार एवं रिम्स प्रबंधन की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी। कोर्ट ने इन्हें जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान करते हुए अगली तिथि 13 अप्रैल निर्धारित की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की आंशिक सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि 2 जून 2018 से कुछ दिनों तक रिम्स के जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों की चली हड़ताल के दौरान 28 लोगों की मौत हुई थी। मामले में क्या एक्शन लिया गया। मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने, उनके पुनर्वास करने आदि पर कोई पहल हुई या नहीं। हड़ताल के जिम्मेदार जूनियर डॉक्टरों एवं नर्स पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं।

## श्रीमद्भागवत कथा हरि से मिलने का मार्ग बताती है : पंडित नीरज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हुटुप गौशाला में गौ माता को समर्पित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन गुरूवार को कृष्ण लीला का मंचन किया गया। वृंदावन से आये पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। भगवान श्री कृष्ण की मनोरम झांकी निकाली गई। कथा के दौरान कथा व्यास ने कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्री कृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। उन्होंने कंस वध की भविष्यवाणि, कृष्ण का जन्म, कृष्ण की बाल लीलाएं आदि पर चर्चा की और सभी भक्तजन को ओतप्रोत किया। पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के अध्यक्ष सज्जन सिंघानिया, मीरा अग्रवाल, ज्योति कुमार, जेपी शर्मा, ज्योति कुमारी, सुरेश कुमार, सुरेश अग्रवाल, रतन कुमार शर्मा, राजेश चौधरी सहयोग कर रहे हैं। यह जानकारी ज्योति कुमारी ने दी।



# हर घर तक शुद्ध टैप वाटर पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : अमित कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के तहत झारखंड के साहेबगंज और राजमहल में गंगा नदी के प्रदूषण स्तर को न्यूनतम स्तर तक ले जाने में कामयाब राज्य सरकार ने अब दामोदर नदी के प्रवाह को अविरल और प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत झारखंड में बहने वाली दामोदर नदी को स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया गया है। इसके लिए धनबाद, रामगढ़ और फुसरो नगर निकाय के सभी नालों और अन्य जल स्त्रोतों के जल को एसटीपी से शुद्ध बना कर हीं दामोदर नदी में जाने दिया जाएगा। इसके लिए इन सभी नगर निकायों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की योजनाएं स्वीकृत कर दी गयी है।

अमित कुमार गुरुवार को झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग और केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित निविदादाता मीट को संबोधित कर रहे थे।

अमित कुमार ने कहा कि झारखंड असीम संभावनाओं का प्रदेश है और झारखंड में काम करना अन्य प्रदेशों की तुलना में




बहुत ही आसान है। राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहद संवेदनशील है कि हर नागरिक को घर तक निशुल्क शुद्ध पेयजल पहुंचे और नदियों में अविरल धारा प्रवाह बना रहे। उन्होंने कहा कि इन तीन शहरों के एसटीपी निर्माण के साथ साथ प्रदेश के सभी नगर निकायों में पेयजल और सेप्टेज की कई योजनाएं हैं, जिसमें आप जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए सरकार पैसे की कमी नहीं होने देगी। जरूरत पड़ने पर हम विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक की भी मदद ले रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (प्रोजेक्ट) हिमांशु बदोनी ने भी निविदा दाताओं से अपील की कि वो बड़ी संख्या में झारखंड की परियोजनाओं की निविदा में भाग लें। इस निविदादाता मीट में देश के 36 से ज्यादा निर्माण कंपनियों के उच्च अधिकारी शामिल हुए। वहीं एनएमसीजी के साथ साथ बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी के महाप्रबंधक और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मीट में जिन महत्वपूर्ण निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए उनमें कुछ इस प्रकार हैं। मैक्स इंफ्रा प्राइवेट लि. हैदराबाद, तोसिबा वाटर सॉल्यूशन, इको प्रोटेक्शन, एल एंड टी,एनसीसी लि., जेडब्लूआइएल इन्फ्रा लि., एमएआरजी लि,कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लि., एसइपीसी लि., अडाणी ग्रुप लि., त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लि. के नाम शामिल हैं। बैठक में उप निदेशक कृष्ण कुमार,सहायक निदेशक आशुतोष कुमार, जुडको के परियोजना निदेशक (टेक्निकल) गोपालजी, धनबाद के नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, जुडको के परियोजना निदेशक( एडमिन) अरविंद मिश्रा,परियोजना निदेशक(वित्त) अमित चक्रवर्ती, डीजीएम आलोक मंडल और डीजीएम उत्कर्ष मिश्रा वहीं सूडा की ओर से विभूति कुमार, अंजना भारती सहित अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राज्यपाल से मिले एसएसपी किशोर कौशल, विधि-व्यवस्था की दी जानकारी



रांची (आजाद सिपाही)। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को राजधानी रांची की विधि-व्यवस्था की जानकारी दी।

### जैप एडीजी के प्रभार से भार मुक्त हुए आइपीएस प्रशांत सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन एमडी के पद पर पदस्थापित आइपीएस प्रशांत सिंह जैप एडीजी के प्रभार से स्वत: भार मुक्त हो गये। एडीजी प्रशांत ने सरकार को लिखे पत्र में कहा कि एडीजी जैप पद का प्रभार स्वत: त्याग रहा हूं। गौरतलब है कि बीते 4 मार्च को राज्य सरकार ने झारखंड के आठ आइपीएस का तबादला कर दिया है। एडीजी जैप के पद पर पदस्थापित प्रशांत सिंह को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन एमडी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### प्रतिमा भौमिक ने मंत्री अर्जुन मुंडा से की मुलाकात



नयी दिल्ली/रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री प्रतिमा भौमिक ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा से शास्त्री भवन स्थित कार्यालय में भेंट कर त्रिपुरा में जनजातीय विकास के लिए चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

### सिंगराय टूटी को ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता का मिला अतिरिक्त प्रभार

रांची (आजाद सिपाही)। पथ निर्माण विभाग से सेवा मिलने तक कार्य हित में मुख्य अभियंता जेएस आरआरडीए सिंगराय टूटी को अपने कार्यों के साथ ग्रामीण कार्य विभाग का मुख्य अभियंता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बता दे कि वीरेंद्र राम के निलंबन के बाद से 15 दिनों से यह पद रिक्त था।

### निकिता कुमारी को मिला डेयरी क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ के देवघर इकाई (मेधा डेयरी) से जुड़ी महिला दुग्ध उत्पादक निकिता कुमारी को गांधीनगर गुजरात में आयोजित इंडियन डेयरी असोशिएशन के डेयरी इंडस्ट्री कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में पूर्वी क्षेत्र से देश में सर्वश्रेष्ठ महिला डेयरी किसान के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। इस दौरान केन्द्रीय मतस्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के द्वारा राष्ट्रिय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मिनेश शाह, इंडियन डेयरी असोशिएशन के अध्यक्ष आर एस सोढ़ी तथा झारखंड दुग्ध महासंघ एवं इंडियन डेयरी एसोशिएशन के पूर्वी प्रक्षेत्र के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह उपस्थित थे।

### निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन पर 23 को सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। निलंबित आइएएस अफसर पूजा सिंघल कि डिस्चार्ज पिटीशन की सुनवाई इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी पूजा सिंघल की ओर से बहस जारी रही। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 23 मार्च निर्धारित की है। मामले में अदालत ने पूजा सिंघल समेत उनके पति के सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ 23 मार्च को आरोप गठन की तिथि निर्धारित की है। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप गठित कर चुकी है। अभी पूजा सिंघल सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर हैं।

### सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू रंगदारी-गोलीबारी केस में बरी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के अलग-अलग जिलों में आतंक का पर्याय रहे सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू को रांची सिविल कोर्ट से फिर बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उसे एक और आपराधिक मामले में बरी कर दिया है। रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी समर अफसान की कोर्ट ने जयनाथ साहू को रंगदारी मांगने और गोली चलवाने के आरोपों से बरी कर दिया है। यह मामला रांची के लापुंग थाना से जुड़ा हुआ है, जिसमें वर्ष 2000 में जयनाथ साहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में तीन गवाह पेश किये गये, लेकिन ये गवाह यह साबित नहीं कर पाये कि जयनाथ साहू ने रंगदारी मांगी थी और गोली चलवायी थी। जयनाथ साहू की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने कोर्ट में पक्ष रखा।

### झारखंड हाइकोर्ट से विधायक प्रदीप यादव को यौन शोषण मामले में राहत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने एक महिला के साथ यौन शोषण मामले में आरोपित पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव पर गुरुवार को दुमका के एमपी, एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी। जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में पीड़ित महिला को अभी तक नोटिस तामील नहीं हो सका है। इस पर कोर्ट ने महिला का सही पता जानकारी करके उसे फिर से नोटिस करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने फिलहाल प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी, एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने पीड़ित महिला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह एवं ललित यादव ने पैरवी की।

### जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक में 14 में से 10 अभ्यावेदन हुए स्वीकृत

रांची (आजाद सिपाही)।उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में समिति द्वारा सामान्य एवं चौकीदार से संबंधित कुल 15 अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गयी। इनमें सामान्य के 14 और चौकीदार से संबंधित एक अभ्यावेदन थे। सामान्य अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श के बाद समिति ने 14 में से 10 अभ्यावेदनों को स्वीकृत किया, जबकि दो अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया गया। समिति द्वारा सामान्य के दो अभ्यावेदन पर आवश्यक दस्तावेज के साथ अगली बैठक में रखने का निर्णय लिया गया। चौकीदार से संबंधित एक मामले पर विचार विमर्श करते हुए समिति ने स्वीकृति प्रदान की।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## ब्लड कैंसर के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना वरदान बनी



रांची (आजाद सिपाही)। पेटेंट रोशन यादव उम्र छह वर्ष। बुखार, वजन काम होने एवं सांस की तकलीफ के कारण वह राज्य के बाहर के अस्पताल में भर्ती हुए, जहा पर जांच के उपरांत उनको ब्लड कैंसर का पता चला। इलाज के खर्चे को नहीं उठा पाने के कारण, उनके परिजन उनको अस्पताल से घर लेकर चले गये। कुछ सोशल वर्कर को जानकारी दिये जाने के बाद उनके परिजन ने मरीज बच्चे को एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल इरबा रांची ले आये। उस मरीज का आइसीयू में डॉ सतीश शर्मा – मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट के अंदर ट्रीटमेंट शुरू किया गया। पूरी जांच के बाद पता चला कि मरीज को ट्यूमर लयसिस सिंड्रोम है। उसके बाद मरीज की स्तिति को बरकरार कर उसकी कीमोथेरपी आइसीयू में ही शुरू की गयी। मरीज की मौजूदा स्थिति के हिसाब से ट्यूमर ठीक हो चुका है और इलाज जारी है। इस मरीज की बीमारी से मिलता जुलता एक और मरीज है अरनव महतो। उसकी उम्र एक वर्ष है। वह सराईकेला जिले से है। उस मरीज का सफल इलाज भी सफलतापूर्वक डॉ सतीश शर्मा – मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट के अंदर चल रहा है। डॉ सतीश शर्मा से बात करने के बाद पता चला कि एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल इरबा रांची में सभी प्रकार के सफल इलाज मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना एवं आयुष्मान द्वारा भी किया जा रहा है।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग, पब्लिक हेल्थ एंड क्लिनिकल टेक्नोलॉजी द्वारा विवेकानंद सभागार में इंट्रोडक्शन टू यूरोलॉजी, इंटरेस्टिंग डिजीज, केस सिनेरियो, इंटरएक्टिव सेशन शीर्षक पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सत्र के प्रख्यात वक्ता जाने-माने यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रेम कुमार, एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी), डीएनबी (सर्जरी), डीएनबी (यूरोलॉजी), रांची ने उक्त शीर्षक पर अपना व्याख्यान देकर छात्रों, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों को यूरोलॉजी के बारे में जागरूक किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने यूरोलॉजी के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए प्रोस्टेट कैंसर, किडनी कैंसर, ब्लाडर कैंसर सहित विभिन्न यूरोलॉजिकल बीमारियों के लक्षण, कारण, प्रकार, प्रबंधन एवं उसकी रोकथाम के बारे में कई महत्वपूर्ण टिप्स दिये। इस अवसर पर उन्होंने न केवल अपना व्याख्यान दिया, बल्कि प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों और प्राध्यापकों के विभिन्न प्रश्नों के बड़े ही रोचक और सरल तरीके से जवाब देकर कई व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारियां साझा कीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने मुख्य वक्ता का स्वागत अभिभाषण करते हुए विषय प्रवेश किया एवं उन्होंने अपने काम के साथ साथ उत्तम स्वास्थ्य के लिए दैनिक दिनचर्या में सामान्य व्यावहारिक चीजों को अपनाये जाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू सिंघी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता नर्सिंग के कोऑर्डिनेटर एवं एडमिनिस्ट्रेटर आशुतोष द्विवेदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डॉ संदीप कुमार, प्रो एसबी दांडीन, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ राधा माधव झा, हरी बाबू शुक्ला, डॉ अरविंद भंडारी, डॉ विश्वरूप सामंता, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, प्रो अमित गुप्ता, मीनल श्वेता, डॉ विद्या झा, डॉ राशि मालपानी, डॉ भारद्वाज शुक्ल, चंद्रशेखर महथा, ऋषि राज जमुआर, प्रशांत जमुआर, राहुल रंजन, आदित्य रंजन, उमंग आशीष सहित सभी पदाधिकारी प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बीएनआर चाणक्य में 17 से 26 तक चाइनीज फूड फेस्टिवल का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। बीएनआर चाणक्य होटल में 17 से 26 मार्च तक एक चाइनीज फूड फेस्टिवल का आयोजन करने जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को होटल के खाद्य एवं पेय प्रबंधक धर्मवीर कुमार ने फूड फेस्टिवल के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विभिन्न चाइनीज पकवान अपने ग्राहकों को होटल के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। यदि स्टार्टर की बात करें तो इसमें ककड़ी धनिया, अंडा के बूंदों के साथ झींगे इंद्रधनुषी, पकौड़ी कुरकुरी, डिमसम वेजिटेबल, टेम्पुरा रोल, लेमनग्रास चिकन, मियुज गोल्ड टोफू इत्यादि आकर्षण का केंद्र होंगे, इसके साथ ही मुख्य मेन्यू में थाई तुलसी, चिकन, पूरा केकड़ा, जंबो झींगा, चमेली चावल, इत्यादि सम्मिलित हैं। धर्मवीर कुमार ने बताया कि हमारे होटल में एक पैन एशियन रेस्टोरेंट भी उपलब्ध है। इस फूड फेस्टिवल के लिए हमारे अंतरराष्ट्रीय सेफ धीरेन होंगे। इन्हें इस क्षेत्र में 20 वर्षों का काम करने का अनुभव है।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तलाब का प्रतिनिधीमंडल रमेश सिंह से मिला



रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश सिंह जी से मिलकर उन्हें मोमेंटो, अंगवस्त्र और तलवार देकर सम्मानित किया। साथ ही महासमिति द्वारा आयोजित चैती दुर्गा पूजा महोत्सव में आमंत्रित किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह), उपाध्यक्ष राहुल सिंह, शुभम वर्मा, प्रवक्ता नमन भारतीय, भंडारा प्रभारी आकाश रजक, सदस्य गणेश वर्मा, प्रियांशु वर्मा आदि पदाधिकारी शामिल थे।

## फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम में झारखंड की सात खिलाड़ियों को मिली जगह

रांची (आजाद सिपाही)। 18 से 29 मार्च तक ढाका (बांग्लादेश) में सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन होना है। इसके लिए ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में 20 सदस्यीय भारतीय महिला फुटबॉल टीम का गठन कर दिया गया है। इसमें झारखंड की सात बालिका फुटबॉलरों का भी चयन किया गया है। टीम सेलेक्शन के लिए इंदौर (मध्यप्रदेश) में 21-22 फरवरी तक ट्रायल हुआ था। इसमें देश भर से कुल 35 खिलाड़ियों को रखा गया था। इसके बाद अंतिम रूप से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का चयन हुआ है, जिसमें 20 खिलाड़ियों को रखा गया है। झारखंड की जिन महिला खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है, वे हैं- शिवानी टोप्पो (फॉरवर्ड), साउलिना डांग (मिडफील्डर), विकसित बाड़ा (डिफेंडर, आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, गुमला-संत पैट्रिक विद्यालय), अनीषा उरांव (गोलकीपर), बबिता कुमारी (फॉरवर्ड), निशिमा कुमारी (डिफेंडर), ललिता बॉयपाई (मिडफिल्डर, जेएसएसपीएस, रांची)।

# अल्पसंख्यक विद्यालयों के मामले में सीएम का कदम बेहद सराहनीय : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के होल्डिंग टैक्स में नगर निगम द्वारा की गयी अप्रत्याशित वृद्धि के संपूर्ण मामले की जांच कर मामले के निष्पादन के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सकारात्मक कदम उठाने के निर्देश की सराहना की है। इस संदर्भ में गुरुवार को शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा में स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की और उनके द्वारा दिये गये निर्देश के लिए आभार जताया और उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान किया। श्रीमती तिर्की ने कहा कि रांची नगर निगम द्वारा रांची जिले के अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के होल्डिंग टैक्स में कई गुना वृद्धि कर दी गयी थी, जो पूरी तरीके से अप्रत्याशित और अव्यावहारिक थी। जबकि अनेक अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान काफी कम शुल्क में अपने छात्र छात्राओं को पढ़ाते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की थी और प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से उनकी भेंट करवा कर उन्हें मूल समस्याओं और उसके व्यावहारिक पहलू से अवगत कराया था। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी अपनी परेशानियों को मुख्यमंत्री के सामने रखा था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कदम उठाते हुए विभागीय सचिव को निर्देश दिया था कि वे प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत बातचीत कर इस मामले का समाधान निकालें। श्रीमती तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री का कदम बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय रहा और इससे अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को राहत मिलेगी।

### प्रतिनिधिमंडल में ये थे शामिल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलनेवाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से फादर डेविड खलखो, फादर प्रफुल बाड़ा, फादर विनय टोप्पो, फादर डेविड संतान, पादरी सामवेल नाग, पादरी सामवेल भुइयां, फिलिप तिर्की, धनकुबर बाखला, किरण आइंद, संजय हलधर और राजकुमार नागवंशी शामिल थे।

## होल्डिंग टैक्स में बदलाव का चैंबर ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। होल्डिंग टैक्स नियमावली में राज्य सरकार ने बदलाव किया है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इस पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। चैंबर ऑफ कॉमर्स के सह सचिव रोहित पोद्दार ने कहा कि मुख्यमंत्री और समस्त कैबिनेट मंत्रियों की ओर से लिया गया निर्णय स्वागत योग्य है। कैबिनेट की बैठक में नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण संग्रहण और वसूली के लिए) संशोधित विधेयक को स्वीकृति मिली है। निर्णय के अनुसार रांची में लोगों को होल्डिंग टैक्स पहले से 20 फीसदी तक कम देने पड़ेंगे। कुछ शहरों में यह 30 फीसदी तक हो सकता है।

चैंबर ऑफ कॉर्मस इस मामले में लगातार प्रयासरत रहा कि सरकार पूर्व में निर्धारित होल्डिंग टैक्स नियमावली को वापस ले। जानकारी हो कि चैंबर की ओर से नगर विकास विभाग और मुख्यमंत्री को होल्डिंग टैक्स का आंकलन कर रिपोर्ट सौंपी गयी थी। साथ ही होल्डिंग टैक्स में बदलाव की मांग भी की गयी थी।

### कैबिनेट में लिया गया निर्णय

बीते बुधवार को कैबिनेट की बैठक में इन मुद्दों पर सहमति बनी. जहां, झारखंड नगर पालिका संपत्ति का नियमावली 2022 में संशोधन किया। इसके साथ होल्डिंग के फामूर्ला में बदलाव किया गया। अब एक प्रमंडल में जितने भी नगर निकाय है उसमे जो संपति का दर का औसत निकाल कर होल्डिंग टैक्स का निर्धारण होगा।

वहीं बिना लाभ-हानि के चल रहे शैक्षणिक संस्थानों को अब मात्र 25 फीसदी होल्डिंग टैक्स देना होगा. शैक्षणिक संस्थानों को शर्तों के साथ 75 फीसदी होल्डिंग टैक्स में छूट दी जायेगी।

## डीपीएस में वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 'जश्न ए बचपन' का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरुवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विवेकानंद सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 'जश्न ए बचपन' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा नर्सरी और प्रेप के बच्चों द्वारा नृत्य नाट्य कला का अद्भुत मंचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुरस्कार वितरण द्वारा बच्चों को हर क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त कराने के लिए प्रोत्साहित करना तथा पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखते हुए जीव-जंतुओं के प्रति सहानुभूति के भावों को अनुभव कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान और ज्ञान के प्रतीक दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि न्यायाधीश संजय प्रसाद झारखंड उच्च न्यायलय ने इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने अपने भाषण में विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों में नैतिक मूल्य पर आधारित शिक्षा देने में विश्वास रखता है तथा विभिन्न गतिविधियों और प्रतिस्पधाओं के माध्यम से बच्चो में रूचि जागृत कराना है।

ताकि आने वाले समय में ये बच्चे मजबूती से सभी चुनौतियों का सामना कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छोटे और नन्हें विद्यार्थियों का प्रदर्शन बहुत ही प्रभावपूर्ण था। उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि विद्यालय छोटे बच्चों को आने वाले कल का जिम्मेदार नागरिक बनाने का जो प्रयास प्रधानचार्य के अधीन चल रहा है वह काफी प्रशंसनीय है। इस संदेशात्मक प्रस्तुतीकरण को देख सभागार में उपस्थित सभी दर्शकों ने तालियां बजाकर नन्हें छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के ग्रैंड फिनाले में सभी प्रतिभागी मंचासीन हुए। यह विहंगम दृश्य अविस्मरणीय था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया।

## चार किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार


आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। चतरा अंतर्राज्यीय अफीम माफिया गिरोह के तस्करों के विरुद्ध जिले के प्रतापपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। चार किलो अफीम के साथ गिरोह के दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के प्रतापपुर अंचल अधिकारी मोहम्मद जुल्फिकार अंसारी और थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक लव कुमार के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के चरका खुर्द गांव से राजेश शर्मा और बिहार के गया जिला निवासी राजेश विश्वकर्मा नामक दोनों तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन, अफीम माप तोल करने का इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन व हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक जब्त किया। पुलिस ने दोनों तस्करों को जेल भेज दिया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने गुरुवार को सदर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है।

### आलोक दुबे ने लगाया भवन निर्माण के टेंडर आवंटन में इंजीनियर अखिलेश पर मनमानी का आरोप, कहा

# सीएमओ और मुख्य सचिव तक है उनकी पकड़

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता आलोक कुमार दुबे ने भवन निर्माण विभाग को करप्शन की गंगोत्री बताया है। साथ ही कहा है कि यह विभाग राज्य को दीमक की तरह चाट रहा है। पिछले 22 वर्षों में इस विभाग ने भ्रष्टाचार के कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इसकी जांच कराने के लिए वह अब इडी और सीएम हेमंत सोरेन से भी मिलेंगे। आलोक दुबे ने गुरुवार को मीडिया को सूचना जारी करते हुए बताया कि विभाग में टेंडर आवंटन में मनमानी जारी है। उदाहरण देते हुए कहा कि भवन निर्माण विभाग प्रमंडल-1 (आमंत्रण सूचना संख्या 60/2022-23 एवं प्रमंडल-2 आमंत्रण सूचना संख्या 75/2022-23) के मातहत लगभग 11 करोड़ का दैनिक साफ-सफाई का टेंडर 27 मार्च को होगा।

इसमें 31 ग्रुप हैं। ये सभी टेंडर उन्हीं को हासिल होंगे, जो पिछले 22 वर्षों से काम कर रहे हैं। नये लोगों को अवसर नहीं मिलेगा। नये संवेदक को जटिल नियम और कानून लगा कर बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। वर्ष 2023 के कार्यों की ये सिर्फ शुरूआत है। इस संदर्भ में जब उन्होंने भवन-1 के कार्यपालक अभियंता अखिलेश कुमार से पूछा, तो उन्होंने कहा कि जो करना है, कर लें. सीधा सीएमओ के यहां उनका संपर्क है। आप कुछ नहीं कर पाओगे। आप ठेकेदार श्यामल को जानते हैं। उनकी और हम सबकी पकड़ मुख्य सचिव तक है।

### आरटीआइ की भी सुनवाई नहीं

आलोक दुबे के मुताबिक यह पहली बार नहीं है, जब इस विभाग की अनियमितताओं को लेकर आवाज नहीं उठायी गयी हो। उन्होंने कई बार आंदोलन भी किया है। आरटीआइ के माध्यम से जानकारी भी मांगी थी, पर आज तक इसे उपलब्ध नहीं कराया गया। 22 वर्षों में भवन निर्माण विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की सूची अब जल्द ही इडी एवं मुख्यमंत्री को वह सौंपेंगे। इसमें वे लोग भी शामिल हैं, जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। जरूरत के मुताबिक मोरहाबादी स्थित कार्यालय के समक्ष चरणबद्ध तरीके से आंदोलन भी किया जायेगा। दुबे के मुताबिक 22 वर्षों में अगर देखा जाये, तो पांच से सात ही संवेदक हैं, जो पूरे बजट का 80 प्रतिशत काम करते हैं। इनका गठजोड़ इतना मजबूत है कि ये जो चाहते हैं, विभाग में नीचे से लेकर ऊपर तक वही होता है। नये संवेदक को तो विभाग में प्रवेश ही नहीं मिलता। टेंडर के पहले काम समाप्त हो जाता है। अगर कोई संवेदक गलती से टेंडर डाल दिया, तो उसे वापस कराया जाता है। नये संवेदक रजिस्ट्रेशन का कागज लेकर घूमते रह जाते हैं। आलोक दुबे के मुताबिक टेक्नोक्रेट्स के आगे ब्यूरोक्रेसी कहीं नहीं है। इनका साम्राज्य पूरे देश में फैला हुआ है। बड़े-बड़े महानगरों में विभिन्न संस्थानों में झारखंड के इंजीनियर का पैसा लगा हुआ है। इसके पुख्ता प्रमाण भी हैं, जो इडी को उपलब्ध कराया जायेगा।

## हिंदू नववर्ष पर अपने घरों में दिये जलाये : नमन भारतीय

रांची (आजाद सिपाही)। बालवीर नवयुवक रामनवमी पूजा समिति के संस्थापक अध्यक्ष नमन भारतीय नें कहा कि हिन्दू नववर्ष नव सांवत्सर 2080 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिनांक 22 मार्च कों झारखंड वासियों से मेरा अपील है कि स्वागत में हम सब अपनी गली मोहल्ले में लोगों से, बातचीत कर, घर से बाहर भगवा ध्वज लगाए और रंगोली बनाने का आग्रह करें और रात्रि में सभी अपने अपने घरों के बाहर 5-7 दीपक जलाकर और भगवान से प्रार्थना करें कि जल्द से जल्द वर्ल्ड फ्लू जैसी महामारी से हम सभी मिलकर दूर करें। वर्ल्ड फ्लू कों लेकर बड़े व्यवसायियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। एक छोटा का प्रयास करके देखें आपका छोटा सा प्रयास ही भारत में क्रन्तिकारी परिवर्तन परिवर्तन लाने कि झमता रखता है युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) चैती दुर्गा पूजा महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय, ने कहा कि मुझे विश्वास है आप अपने घर और पड़ोस में यह छोटा सा प्रयास जरूर करेंगे। एक दूसरे को नववर्ष कि बधाई संदेश भेजें।

## भाजपा नेत्री नीलिमा चौधरी ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे बच्चों का एडमिशन कराया

रांची (आजाद सिपाही)। रांची एचइसी की रहने वाली भाजपा नेत्री नीलिमा चौधरी मानवता की मिसाल है। अक्सर किसी न किसी जरूरतमंद लोगों की मदद किया करती है। अभी हाल ही में स्कूल में कई बच्चों का एडमिशन कराया जो आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे। नीलिमा चौधरी ने बताया कि मैंने कुछ ऐसे बच्चों का एडमिशन स्कूल में कराई जो बच्चे आर्थिक तंगी के कारण स्कूली शिक्षा से वंचित थे। ये बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं ये बच्चे भी पढ़ लिख कर देश का नाम रोशन करेंगे। ऐसे कार्य करने में उन्हें आत्मसंतुष्टि मिलती है।

## किड्जी बरियातू प्री-स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया




रांची (आजाद सिपाही)। स्टेट म्यूजियम, ऑडीटोरियम में किड्जी बरियातू प्री-स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया। प्रोग्रम का किड्जी अनमोल रिश्ते रखा गया। बच्चों ने नृत्य, नाटक के माध्यम से हमारे मानवीय जीवन के विभिन्न रिश्तों की महत्ता बतायी। माता-पिता, दादा-दादी, मां-बेटा, पिता, बेटी, मित्र आदि के संबंधों को बहुत सुंदर तरीके से दर्शागया गया। फूलों का तारों का जीत के माध्यम से भाई-बहन के रिश्ते को बताया गया, वहीं तेरी लाडकी में गीत से पिता-युगी, मां मैं तेरा लाडला गीत से मां पुत्र के रिश्ते तो भारों दोस्ती गीत से मिलता के रिश्ते को दिखया गया। कार्यक्रम की सफलता में किड्जी स्कूल की डाइरेक्टर निमिषा सिंह का डायरेक्शन रहा साथ ही प्राचार्या ममता मिश्रा व अन्य शिक्षिकाओं श्वेता भूषण, अलका, मधुदाला, आंकाक्षा दूबे, आकांक्षा रानी, तोपोसी डे, मीरा झा, रीना वर्मा का अथक प्रयास रहा पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे किड्जी बरियातू के स्टाफ, बच्चे एवं अभिभावकों का योगदान रहा।

## रांची में ऑल इंडिया शाह साइ कमेटी का हुआ सम्मेलन

रांची (आजाद सिपाही)। राजनीति में अपनी भागीदारी के लिए शाह-साई समाज के लोग राजधानी रांची में अपनी आवाज बुलंद की। गुरुवार को ऑल इंडिया शाह साई कमेटी ने रांची के मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा में एक सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें रामचंद्र चंद्रवंशी पूर्व मंत्री झारखंड सरकार सह विधायक, डॉ इजहार अहमद पूर्व विधायक, बिहार, प्रो परवेज अनवर, पटना, मकसुद शाह, मौलाना हेलाल अख्तर, मौलाना शकील उर्रहमान कासमी, सरवर शाह अध्यक्ष गढ़वा, अजहर शाह, मोजममील शाह, बबलू, हबीब अहमद सहित अन्य लोग शामिल हुए। सम्मेलन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष असीरुद्दीन साहिब ने कहा कि आजादी के बाद से हमारे समाज के लोगों को आज तक राजनीतिक भागीदारी नहीं मिली। सामाजिक राजनीतिक भागीदारी के लिए समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के कोने-कोने में फैले हुए, बिखरे हुए शाह बिरादरी से संबंधित सभी प्रबुद्ध लोगों को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह संगठन शाह बंधुओं के लिए बीते 25 सालों से संघर्षरत है। राष्ट्रीय स्तर पर संगठन निर्माण को लेकर असीरुद्दीन साहिब ने कहा कि जो कौम अपने पूर्वजों को भूल जाती है, अपने पूर्वजों के इतिहास को याद नहीं रखती है, अल्लाह ताला उस कौम के अस्तित्व को मिटा देता है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम को एक ज्ञापन सौंपा जायेगा। इससे पहले एक ज्ञापन झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम को दिया गया है। इसमें मांग किया गया है कि नियुक्ति में प्राथमिकता शाह जाति एवं इसके अन्तर्गत आने वाले साई / फकीर / मदारी / दिवान / छपरबंद आदि उप जातियों को झारखंड सरकार के विभिन्न स्तर की बहालियो में अत्यंत पिछड़ी जाति के कोटे में प्राथमिकता के आधार पर बहाल करने। शिक्षा से जोड़ने शाह जाति एवं इसके अन्तर्गत आने वाले उप जातियों को प्राथमिकता के आधार पर प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए योजना बनायें। संवैधानिक संस्थाओं एवं राजनीतिक भागीदारी झारखंड सरकार के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक संस्थाओं एवं बोर्ड / निगम / आयोग / कमिटी में उचित भागीदारी सुनिश्चित करने। लोकसभा/ राज्यसभा / विधानसभा प्रतिनिधित्व देने सहित अन्य मांग है।

### निर्मला कॉलेज में दूसरे दिन भी छात्राओं का प्रदर्शन

## प्रोफेसर की बर्खास्तगी का विरोध

रांची (आजाद सिपाही)। रांची में निर्मला कॉलेज के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अंजना सिंह की बर्खास्तगी का मुद्दा गरमाया हुआ है। गुरुवार को भी निर्मला कॉलेज की छात्राओं ने डॉ अंजना सिंह की बर्खास्तगी का विरोध किया। गौरतलब है कि बर्खास्तगी का विरोध करते हुए जहां डॉ अंजना सिंह ने कहा कि उनको हटाने के लिए मनगढ़ंत कहानियां बनायी गयी हैं, वहीं प्रिंसिपल डॉ सिस्टर ज्योति ने कहा कि यह अकस्मात लिया गया फैसला नहीं है, बल्कि उन्हें चार बार नोटिस दिया गया था, जिसका उन्होंने जवाब नहीं दिया। इधर, छात्राओं ने गुरुवार को भी डॉ अंजना सिंह को वापस लाओ के नारे लगाये।

### 3 मार्च को विभागाध्यक्ष को किया बर्खास्त

गौरतलब है कि 3 मार्च को ही इतिहास विभाग की विभाध्यक्ष डॉ अंजना सिंह को अनुशासनहीनता के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया था। कॉलेज के शासी निकाय ने यह फैसला किया था। डॉ अंजना सिंह पर आरोप है कि उन्होंने कॉलेज में डेमो क्लास लेने आयी शिक्षिकाओं को कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ भड़काया। हालांकि, अंजना सिंह ने इन आरोपों से इनकार करते हुए बर्खास्तगी के फैसले को नियम-विरुद्ध बताया। डॉ अंजना सिंह ने कहा कि उन्होंने कॉलेज में 7वें वेतनमान, बकाया एरियर का भुगतान और शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया, जिसकी सजा उन्हें मिली।

### प्रिंसिपल और विभागाध्यक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप

प्रिंसिपल डॉ सिस्टर ज्योति ने कहा कि बर्खास्त करने से पहले डॉ अंजना सिंह को नोटिस दिया गया था। जांच समिति गठित की गयी थी। हालांकि, डॉ अंजना सिंह ने कॉलेज प्रबंधन की बजाय हाइकोर्ट के पास जाना उचित समझा। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन हाइकोर्ट के फैसले का इंतजार करेगा। छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रिंसिपल ने कहा कि उन्हें मुद्दे की जानकारी नहीं है।

# सही दिशा में उठे कदम

को सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता दिये जाने की मांग से जुड़ी याचिकाओं को पांच जजों वाली संविधान पीठ के पास भेजने का फैसला किया है। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ तौर पर कहा कि वह समलैंगिक शादियों के खिलाफ है, क्योंकि ये भारतीय पारिवारिक इकाई में फिट नहीं बैठतीं। सरकार का यह भी कहना था कि समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने का सवाल नीतिगत मसलों की श्रेणी में आता है और इसलिए इस पर कानून बनाने का अधिकार विधायिका को ही है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने महसूस किया कि इन याचिकाओं में ऐसे कई पहलू हैं जो संविधान की व्याख्या से जुड़े हैं। अब 18 अप्रैल से पांच सदस्यों वाली संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। बहरहाल, इतना तो स्पष्ट हो ही चुका है कि समाज का बड़ा हिस्सा इन सवालों को पारंपरिक नजरिये से देखता है और राजनीति की मुख्य धारा इस बात को अनदेखा नहीं कर सकती, लेकिन अगर हम दुनिया के अन्य देशों के अनुभवों और वहां हो रहे बदलावों पर गौर करें तो बिलकुल अलग हालात नजर आते हैं। कई देशों में पहले ही वैवाहिक समानता को कानूनी तौर पर स्थापित किया जा चुका है। आयरलैंड जैसे धार्मिक माने जाने वाले देश में भी जनमतसंग्रह के बाद समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता दी गयी। ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका में भी बहुमत आबादी की राय में समय के साथ बदलाव आया। यहां तक कि जापान जैसे देश में जहां अब भी समलैंगिक शादी गैरकानूनी मानी जाती है, 'पार्टनरशिप ओथ सिस्टम' के जरिए इनके लिए गुंजाइश बना दी गयी है। ऐसे ही अन्य देशों में जहां अब तक समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने का फैसला नहीं हो पाया है, रजिस्टर्ड सिविल युनियन या डोमेस्टिक पार्टनरशिप की इजाजत दे दी गयी है। इनमें धार्मिक मान्यता की जरूरत नहीं होती, लेकिन तकरीबन वे सारे अधिकार मिल जाते हैं, जो किसी भी लीगल कपल को हासिल होते हैं, चाहे वह बच्चे पाने और उनका पालन-पोषण करने की बात हो या उत्तराधिकार की या फिर साथ में बैंक अकाउंट संचालित करने की। सिविल यूनियंस का दर्जा किसी को भी मिल सकता है, चाहे उसकी यौन प्राथमिकता जो भी हो। आश्चर्य नहीं कि फ्रांस और उत्तरी यूरोप के देशों में सिविल युनियंस का विकल्प पारंपरिक शादियों से भी ज्यादा लोकप्रिय है। यह ऐसी चीज है जिस पर भारतीय अदालतों और कानून निर्माताओं को खास तौर पर गौर करना चाहिए। अगर परंपराओं में जकड़े भारतीय समाज के लिए समलैंगिक शादी को स्वीकार करना मुश्किल हो रहा हो और इसी वजह से देश का राजनीतिक नेतृत्व इस दिशा में कदम बढ़ाने में असमर्थ महसूस कर रहा हो, तो सिविल यूनियन को एक स्मार्ट सॉल्यूशन के रूप में लिया जा सकता है। जो लोग वैवाहिक समानता की जायज मांग कर रहे हैं, वे भी इसे सही दिशा में एक कदम मान सकते हैं।

**आश्चर्य नहीं कि फ्रांस और उत्तरी यूरोप के देशों में सिविल युनियंस का विकल्प पारंपरिक शादियों से भी ज्यादा लोकप्रिय है। यह ऐसी चीज है जिस पर भारतीय अदालतों और कानून निर्माताओं को खास तौर पर गौर करना चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में प्याज का उत्पादन मुख्य रूप से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और गुजरात में होता है। देश के कुल उत्पादन का दो तिहाई प्याज इन्हीं राज्यों में पैदा होता है और अगर किसी तरह का संकट पैदा हुआ, तो राष्ट्रीय आपूर्ति पर इसका काफी असर पड़ता है। मई और जून की चिलचिलाती गर्मी को छोड़ कर, प्याज की खेती यहां पूरे साल की जाती है। प्याज का उत्पादन खरीफ, पछेती खरीफ और रबी के मौसम में होता है।**

# प्याज : आंसू नहीं, अब मुस्कान की वजह

रोहित कुमार सिंह



भारतीय व्यंजनों में व्यापक पैमाने पर उपयोग होने वाला प्याज देश के ज्यादातर घरों में खाया जाता है। चीन के बाद हम दुनिया में प्याज के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश हैं। पिछले साल 31.6 मिलियन मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ था, जिसके 2022-23 में बढ़ कर 31.8 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंचने की संभावना है। भारत में प्याज का उत्पादन मुख्य रूप से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और गुजरात में होता है। देश के कुल उत्पादन का दो तिहाई प्याज इन्हीं राज्यों में पैदा होता है और अगर किसी तरह का संकट पैदा हुआ, तो राष्ट्रीय आपूर्ति पर इसका काफी असर पड़ता है।

मई और जून की चिलचिलाती गर्मी को छोड़ कर, प्याज की खेती यहां पूरे साल की जाती है। प्याज का उत्पादन खरीफ, पछेती खरीफ और रबी के मौसम में होता है। प्याज के कुल उत्पादन का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा रबी के मौसम में होता है। रबी के मौसम में पैदा होने वाले प्याज (जिसकी खेती मार्च से लेकर मई महीने के बीच की जाती है) का भंडारण जहां 5 से 7 महीने की अवधि के लिए किया जा सकता है, वहीं खरीफ के मौसम में पैदा होने वाले प्याज बहुत ही जल्द खराब हो जाते हैं और वे आमतौर पर 30 दिनों से ज्यादा समय तक नहीं टिक पाते हैं।

**थोक औसत मूल्य नवंबर 2022 में 2,150 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर फरवरी 2023 में लगभग 1,600 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।**

प्याज के जल्द खराब होने की प्रकृति के साथ-साथ प्रसंस्करण के मामले में अपेक्षाकृत कम सुविधा और भंडारण के कमजोर बुनियादी ढांचे के कारण फसल की कटाई के बाद उपज का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा बर्बाद हो जाता है। सम्मिलित रूप से इन कारकों के कारण अक्सर थोड़े-थोड़े अंतराल पर उपज की अधिकता और कमी की घटनाओं में वृद्धि होती रहती है, जिससे इसकी उपलब्धता और खरीद संबंधी सामर्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जोकि किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए नुकसानदायक साबित होता है।

प्याज की कीमतें जुलाई महीने से धीरे-धीरे बढ़ना शुरू होती हैं और अक्टूबर के महीने में वह सबसे ज्यादा होती हैं। प्याज की खरीफ और पछेती खरीफ फसलों की आवक के साथ, उसकी कीमतें नवंबर से लेकर फरवरी के मध्य आते-आते कम हो जाती हैं। फरवरी के दूसरे पखवाड़े में पछेती खरीफ और रबी की फसल की आवक के बीच पड़ने वाले छोटे से अंतराल के कारण फरवरी महीने में प्याज की कीमतों में वृद्धि होती है, जो मार्च में आवक बढ़ने के साथ कम हो जाती है।

हालांकि, इस साल यह स्थिति किसानों के लिए पूरी तरह से उलट गयी। हाल ही में थोक बाजारों में प्याज की कीमतों में भारी गिरावट आयी है। प्याज के प्रमुख उत्पादक एवं व्यापारिक केंद्र, महाराष्ट्र में पिछले पांच महीनों के दौरान कीमतों में 25 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गयी। यहां थोक औसत मूल्य नवंबर 2022 में 2,150 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर फरवरी 2023 में लगभग 1,600 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

मौसम की अनिश्चितता के कारण इस वर्ष लंबे समय तक बारिश हुई। इसके परिणामस्वरूप प्याज के किसानों को मजबूरन देर से बुवाई करनी पड़ी। यहां तक कि कुछ मामलों में तो फिर से बुवाई करनी पड़ी। इस तरह खरीफ उत्पादन का कुछ हिस्सा पछेती खरीफ के उत्पादन में बदल गया। दूसरी ओर, फरवरी के अपेक्षाकृत गर्म रहने के कारण रबी की फसल जल्दी कट जाने से पछेती खरीफ और रबी की फसल की आवक एक-साथ आ गयी।

बाजार में आवक बढ़ने और भंडारण की बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण प्याज के प्रमुख उत्पादक राज्यों में इसकी थोक कीमतों में जहां खासी गिरावट आयी, वहीं इसके उपभोक्ता राज्यों में कीमतें अपेक्षाकृत अधिक रहीं। सरकार ने नैफेड और एनसीसीएफ को हस्तक्षेप करने और महाराष्ट्र एवं गुजरात के किसानों से प्याज की खरीद करने का दायित्व सौंपा। इस कदम से किसानों को काफी राहत मिली (दोनों एजेंसियों ने पिछले 10 दिनों के दौरान किसानों से कुल लगभग 7,000 एमटी प्याज की खरीद की है)।

हालांकि, इस स्थिति ने एक बार फिर से भारत में प्याज की एक मजबूत मूल्य-श्रृंखला विकसित करने की जरूरत को रेखांकित किया। सरकार किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के हितों की रक्षा के लिए बहु-आयामी रणनीति अपनाती है। किसानों एवं उपभोक्ताओं के हित अक्सर प्रतिस्पर्धी होते हैं। वह एक प्रभावी आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने, भंडारण के रचनात्मक उपायों और मूल्य वर्धित उत्पाद के विकास सहित कई मोर्चों पर प्याज की कीमतों से जुड़ी स्थिति को संभाल रहे हैं। नैफेड और एनसीसीएफ को पिछले साल मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के जरिए 2.5 लाख एमटी के प्याज का बफर स्टॉक विकसित करने के लिए अधिकृत किया गया था। जरूरत पड़ने पर इस स्टॉक को खुले बाजार में जारी किया जाना था। इसके सकारात्मक नतीजे निकले हैं, जिसके परिणामस्वरूप 2022 के दौरान देश भर में उपभोक्ताओं के लिए प्याज की कीमतें स्थिर बनी रहीं। वर्ष 2023 में बफर स्टॉक बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिससे साल के अंत तक उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को नियंत्रित रखा जा सके। इससे यह सुनिश्चित होगा कि प्याज साल भर सभी भारतीयों के लिए सस्ते में उपलब्ध हो। इस तरह से कभी-कभार आंसू लाने वाला प्याज हमेशा मुस्कुराहट लाने वाला बन सकेगा।

**हालांकि, इस स्थिति ने एक बार फिर से भारत में प्याज की एक मजबूत मूल्य-श्रृंखला विकसित करने की जरूरत को रेखांकित किया। सरकार किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के हितों की रक्षा के लिए बहु-आयामी रणनीति अपनाती है। किसानों एवं उपभोक्ताओं के हित अक्सर प्रतिस्पर्धी होते हैं।**

## जमशेदपुर की खबरें

### मातृभूमि की स्वतंत्रता में मातृशक्ति का योगदान भुलाया नहीं जा सकता

# अखंड तिरंगा यात्रा में शामिल होने का महिलाओं ने लिया संकल्प




**संस्थापक काले ने दर्जनों बैठकें कर शहरवासियों से शहीद सम्मान यात्रा को सफल बनाने का किया आग्रह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** 23 मार्च भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस पर 'नमन' द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में बिरसानगर जोन 5, 10 नं बस्ती, साकची, बिरसानगर जोन 6, लक्ष्मीनगर, जेम्को, बागुनहातु, गुरुद्वारा बस्ती साकची सहित अन्य क्षेत्रों की बैठकों में शामिल होकर तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। इस दौरान नमन कार्यालय में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि प्रत्येक कालखंड में मातृशक्ति ने भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वह न केवल पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चली है। अपितु अनेक अवसर पर अग्रणी भूमिका में भी रही है। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के पृष्ठ पलटेंगे तो रानी लक्ष्मीबाइ, झलकारी बाई, राजकुमारी अमृत कौर, रानी गाइदिनल्यू, दुर्गा भाभी, मैडम कामा जैसी अनेक वीरांगनाओं ने प्राणों की चिंता किये बगैर क्रांति जैसे कठोर संकल्प को निभाने का कार्य भी भारत की मातृशक्ति ने किया।

**मौके पर इनकी रही मौजूदगी**

इस मौके पर नमन कार्यालय में राजपति देवी, लता सिन्हा, रिया मित्रा, मिष्टु सोना, बंदना नामता, लख्खी कौर, डी मनी, रितिका श्रीवास्तव, कल्याणी पाठक, अनीता सिंह, अरविंदर कौर, काकुली मुखर्जी, आरती मुखी, रंजीता राय, पुतुल सिंह, ममता कपूर, मीरा सिंह, पल्लवी कौर, आभा वर्मा, रंजीता राय, सीमा जयसवाल, नमिता उपाध्याय बिरसानगर जोन 5 से धीरज चौधरी, प्रशांत कुमार, जसवंत, राजेश, सन्नी, कुंदन, अमन, राहुल सेनानी बिरसानगर जोन 6 से मनोज मुखी, कुंदन मुखी, रामचरण मुखी, कलसू मुखी, अजय मुखी, गोविंद मुखी, मोहन मुखी 10 नंबर बस्ती से त्रिनाथ मुखी, बिटटू मुखी, विकाश मुखी, आशीष मुखी, अंगात, रोहन साकची सब्जी विक्रेता संघ से बलवीर मंडल, बाल कृष्णा, अरविंद, किशोर, रणवीर मंडल, कियेलेश साकची गुरुद्वारा बस्ती से सरबजीत सिंह टोबी, नरेंद्र सिंह निर्दी, बबलू पांडेय, राकेश मंडल, महेंद्र सिंह बागुनहातु झारखंड रविदास समाज स्थानीय समिति से सौरभ दास, संदीप दास, रवि दास, मुकेश दास, संतोष दास जेम्को से, लक्ष्मीनगर से. एवं अन्य का योगदान रहा।

## 19 मार्च को मनेगा जीण माता का 17वां वार्षिक महोत्सव

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** साकची बंगाल क्लब में 19 मार्च रविवार को जीण माता का भव्य 17वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। साकची बंगाल क्लब के एसी हॉल में दोपहर तीन बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या आठ बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। पहले आओ पहले पाओं की तर्ज पर मंगल पाठ का कूपन वितरण कार्य समाप्त हो गया हैं। होली के बाद 10 मार्च से भक्तों के बीच कूपन बांटना शुरू किया गया था। मंगलपाठ का वाचन करने के लिए जयपुर (राजस्थान) से रविश-सोनम सोनी की जोड़ी आ रही हैं। कोलकाता के आमंत्रित भजन गायक हर्षिता डीडवानिया एवं विवेक शर्मा भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए पधार रहे हैं। कोलकाता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा। धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, संस्थापक शंभू खन्ना, राजकुमार रिंगसिया, विनोद खन्ना, सुनील देबुका, जगदीश खेमका, बजरंग अग्रवाल, मनीष खन्ना, आशीष खन्ना, अनंत अग्रवाल आदि जुटे हुए हैं।

# 'एंब्रेसिंग इक्वालिटी' थीम के साथ करीम सिटी कॉलेज वूमेंस सेल का वार्षिक कार्यक्रम संपन्न

### प्रतियोगिता के विजेताओं, वूमेंस सेल प्रतिनिधियों और समिति सदस्यों को किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने गुरुवार को कॉलेज परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए अपनी तीन दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन किया। इस वर्ष की थीम 'एंब्रेसिंग इक्विटी' थी। इस अवसर की मुख्य अतिथि वैज्ञानिक और करियर उन्नयन कोच डॉ. रीमा डे थीं। कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसकी शुरूआत निबंध प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, कॉमिक स्क्रिप्टिंग प्रतियोगिता और नो फायर कुकिंग से हुई। डॉ डे ने छात्रों के साथ एक बहुत ही जीवंत इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया और उन्हें पूरी तरह से व्यस्त रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मुस्कान, नम्रता, सना और निकिता द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गीत से हुई। एकल गीत हर्ष झा ने प्रस्तुत किया। रैप की प्रस्तुति प्रियांशु ने की और नाटक में मानव, अभिलाषा, हिमांशु, हर्ष झा, स्नेहा, मुस्कान और आयुष बनर्जी ने हिस्सा लिया। संचालन स्मृति डे ने किया और पुरस्कार की घोषणा स्नेहा शर्मा ने की। वूमेंस सेल की को-ऑर्डिनेटर डॉ कौसर तस्नीम ने अतिथि का स्वागत किया। सत्र के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में वूमेंस सेल प्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों को विशेष पुरस्कार सहित 70 पुरस्कार दिये गये।

# झामुमो नेता की पहल पर जरूरतमंदों तक पहुंचने लगा सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सरजामदा बांध ढोला निवासी छोटू माझी के घर कमजोर होने से क्षतिग्रस्त हो गया। छोटू माझी के परिवार में आर्थिक स्थिति कमजोर होने से घर का मरम्मत नही करा पाया। जिसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी मिलने पर स्थानीय झामुमो कार्यकर्ताओं ने इसकी सूचना झामुमो नेता अजय रजक को दी। बुधवार को सूचना मिलने पर झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो नेता अजय रजक सहित झामुमो का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार के आवास पहुंच कर परिवार के स्थिति से अवगत हुए। मौके पर झामुमो नेता अजय रजक ने परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान तिरपाल उपलब्ध कराया गया। मौके पर अजय रजक के साथ समद अंसारी, उमाकांत झा, अभिषेक मुखी सहित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पटमदा में युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**पटमदा (आजाद सिपाही)।** पटमदा के ठनठनी घाटी में एक अज्ञात लाश मिलने की सूचना मिलने पर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गुरुवार को जानकारी मिलते ही पटमदा प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी। वही पुलिस के द्वारा स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान शव का पहचान कमलपुर थाना क्षेत्र के कुमीर गांव निवासी रामपदो महतो उर्फ कंका के रूप में की गई। घटना की जानकारी होने के बाद पटमदा डीएसपी सुमित कुमार एवं इंस्पेक्टर हीरालाल महतो, थाना प्रभारी रंजित सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका बताते हुए मामले को जांच करने की अपील की। अनुमान लगाया जा रहा है युवक की हत्या कर शव को पेड़ में टांग कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना की पूरी जानकारी मिल पायेगी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# पुलिस ने दो लाख के इनामी नक्सली के घर चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले में दो लाख के ईनामी नक्सली सागर सिंह सरदार के घर में पुलिस ने इश्तेहार लगाकर समय से कोर्ट में हाजिर होने की बात कही। गुरुवार को नक्सली सागर सिंह सरदार के नीमडीह स्थित टेंगाडीह टोला बेनाडीह में पैतृक आवास में तीन थाना के पुलिस पहुंची।

जहां नीमडीह पुलिस के सहयोग से खरसावां, बोड़ाम एवं एमजीएम पुलिस ने कोर्ट से जारी इश्तेहार लगाकर समय पर हाजिर होने का निर्देश दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।

## पोटका में सरहुल महोत्सव 24 मार्च को

**जादूगोड़ा (आजाद सिपाही)।** पोटका प्रखंड के कोवाली थाना अंतर्गत हरिणा स्थित दिशुम जायराथान में राष्ट्रीय भूमिज सरहुल महोत्सव आयोजन समिति की एक बैठक श्रीपति सरदार की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में अगामी 24 मार्च 2023 शुक्रवार को दिशु जायराथान हरिणा में आयोजित की जानेवाले दिशुवा हादी बोंगा-2023 को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर कोवाली थाना प्रभारी रंजीत उरांव भी मौजूद रहे। यहां बताया गया कि झारखंड, असम, ओड़िशा एवं पश्चिमी बंगाल से 20 हजार से अधिक लोग जुटेंगे। आयोजन के लिए भव्य पंडाल का निर्माण किया जायेगा, जहां लाइट व्यवस्था के लिए छह टॉवर लगाया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव की अध्यक्षता में तीन सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल के साथ उपायुक्त से भेंट करके एक मांग पत्र सौंपा गया। इस मांग पत्र के द्वारा सर्वप्रथम गढ़वा जिले के सेवानिवृत्त चौकीदारों को एसीपी एवं एमएसएपी आदि का लाभ देने हेतु कहा गया। साथ ही इस जिले में पेंशनरों से संबंधित मामलों के निपटारे हेतु उपायुक्त की अध्यक्षता में पेंशन अदालत लगाने के लिए अनुरोध किया गया। उपायुक्त के द्वारा मांग पत्र पर विचार करने का आश्वासन दिया गया एवं कहा गया कि इस विषय पर शीघ्र कोई कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर केके यादव, सरवन कुमार एवं कन्हैया प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

### बीपीओ के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से मनरेगा कर्मियों में आक्रोश

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के मनरेगा कर्मियों ने बीपीओ द्वारा अभद्र व्यवहार करने एवं मानदेय काटे जाने की शिकायत बीडीओ से की थी। शिकायत के एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी बीडीओ द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से मनरेगा कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मियों ने कहा कि बीडीओ विपिन कुमार भारती छुट्टी में घर चले गए थे। इस कारण सभी कर्मी चुप बैठे थे, परंतु अब बीडीओ के आने के बाद भी उनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से गर्मियों में काफी नाराजगी है। कर्मियों ने कहा कि शुक्रवार तक उनके आवेदन में पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो शनिवार को इसकी शिकायत गढ़वा उपायुक्त से करेंगे। ज्ञात हो कि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। साथ ही बार-बार मानदेय रोकने की धमकी देते हैं। मनरेगा कर्मियों को गधा, बैल, बोतल, जूता से मारेंगे आदि अभद्र गालियां दी जाती हैं। साथ ही कर्मियों की नवंबर एवं जनवरी माह में 15-15 दिन का मानदेय काट दिया गया है। मौके पर रोजगार सेवक एनिमा बाखला, विजय कच्छप, श्रवण कुजूर, अर्जुन कुजूर, आत्माराम, कनीय अभियंता संजय मेहता, सहायक अभियंता विकास कुमार सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

### 1 अप्रैल को झारखंड बनाम बिहार के बीच होगा चैता दुगोला महासंग्राम

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बलीगढ़ पंचायत में संचालित सामाजिक संगठन युवा शक्ति परिषद के तत्वावधान में रामनवमी के शुभ अवसर पर चैता महा दुगोला महासंग्राम कराने को लेकर बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता युवा शक्ति परिषद के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता एवं संचालन संगठन मंत्री पुरुषोत्तम प्रसाद के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैता महा दुगोला महासंग्राम कराने को लेकर सहमति जतायी। इस चैता महा दुगोला महासंग्राम का आयोजन एक अप्रैल को बलीगढ़ पंचायत के अजनिया मोड़ के पास होगा। यह संग्राम झारखंड बनाम बिहार के बीच होगा। जिसमें बिहार से व्यास तारकेश्वर सिंह एवं झारखंड से ब्यास अश्रेश कुमार अकेला के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुत दी जाएगी। मुखिया प्रतिनिधि सह संगठन के अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने संगीत प्रेमियों से अपील की है कि इस अवसर पर काफी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। इस मौके पर युवा शक्ति परिषद के सचिव छोटन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रमेश राम, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील यादव, प्रवक्ता मनीष कुमार गुप्ता, उपसचिव महेंद्र प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक रवि शंकर गुप्ता, सदस्य सिकंदर शाह, सरवन साह, अशोक ठाकुर, मोनू कुमार गुप्ता, विजमल गुप्ता, मिथिलेश कुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम रजक, मृत्युंजय यादव, वार्ड सदस्य परमेंद्र राम, सुनील यादव, प्रेम यादव, जगन साह, सत्येंद्र गुप्ता, राजेंद्र यादव सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### प्रखंड प्रमुख ने रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता के स्थानांतरण को लेकर बीडीओ को लिखा पत्र

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंताओं को अपने पदस्थापित पंचायत से दूसरे पंचायत में स्थानांतरण करने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रमुख के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान लगातार आम जनता से मिल रही शिकायतों एवं सुझावों के उपरांत तथा विकास कार्यों में धीमी प्रगति को देखते हुए रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता को बदला जाए।

### तसीली केंद्र बना बस स्टैंड : बस संचालक

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सोनपुरवा अंतरराज्यीय बस पड़ाव में वाहन चेकिंग अभियान पर बस संचालक ने बताया कि गढ़वा जिले में बिना परमिट के कई बस विभिन्न राज्यों में संचालित हो रहे हैं। लेकिन प्रशासन की मिलीभगत से उनके खिलाफ कभी भी कार्रवाई नहीं होती है। कार्रवाई उन्हीं के खिलाफ होती है जिनका लेन-देन जिला प्रशासन के साथ नहीं। उन्होंने बताया कि अगर जांच करायी जाए तो सभी बसों का कुछ ना कुछ कागजात नहीं है। एक ऐसी घटना हुई थी जो बिना परमिट के चल रही पॉपुलर नामक बस अन्नराज घाटी में पलट गई थी। जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। जिस बस से दुर्घटना हुई थी उस बस का टूरिज्म डिपार्टमेंट से परमिट लिया गया था। लेकिन वह छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से यात्रियों को लाने-ले जाने का काम करती थी।

**उपलब्धि : गढ़वा को मिला बड़ा तोहफा, 120 करोड़ की लागत से बनेगी 25 किमी सड़क**

# गढ़वा का विकास एवं जनसेवा ही जीवन का उद्देश्य : मंत्री मिथिलेश

**झारखंड कैबिनेट से इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, बहुत जल्द निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड सरकार ने गढ़वा को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। गढ़वा की चिर प्रतिक्षित एवं अति महत्वपूर्ण सड़क नामधारी कॉलेज से पचपड़वा तक सड़क निर्माण की स्वीकृति कैबिनेट से प्रदान कर दी गयी है। करीब 25 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण करीब 120 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित नामधारी कॉलेज (ओल्ड एनएच-75 पथ) से पचपड़वा (एनएच-343) तक भाया कोरवाडीह, चामा, दुलदुलवा पथ की कुल लंबाई- 24.670 किमी को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके तहत पुलों का निर्माण, भू-अर्जन, यूटिलिटी शिफ्टिंग, रिसेटेलमेंट एवं रिहैबिलिटेशन आदि सभी कार्यों के लिए 119,69,93,400 रु. (एक सौ उन्नीस करोड़ उनहत्तर लाख, तिरानबे हजार, चार सौ रु.) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसका निर्माण पीडब्ल्यूडी से कराया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि कोरवाडीह के लोग इस सड़क के जीर्ण-शीर्ण होने के कारण काफी परेशान थे। यह गढ़वा के लिए बहुत बड़ी सौगात है। झारखंड कैबिनेट से इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बहुत जल्द निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 80 करोड़ रुपए सड़क निर्माण में तथा करीब 40 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण आदि कार्यों में खर्च किया जाएगा। इस सड़क का निर्माण नामधारी कॉलेज से कोरवाडीह, बघौता, चामा, पेसका, दलदुलवा, अमवर, कतरी, करमही, ढोटी, भदूमा, महुलिया, नवाडीह होते हुए पचपड़वा एनएच 343 तक किया जाएगा। यह सड़क एक मिनी बाईपास का भी कार्य करेगी। इस क्षेत्र की लगभग 50 हजार की जनसंख्या इससे लाभान्वित होगी।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुझे गढ़वा को एक मॉडल ज़िला बनाना है। गढ़वा का विकास और जनसेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। बहुत जल्द गढ़वा सबसे विकसित जिला के रूप में सामने होगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा का कोई भी गांव बेहतर सड़क, बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा।

### 18 फीट होगी सड़क की चौड़ाई : ईई

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि गढ़वा के नामधारी कॉलेज से कोरवाडीह, चामा, पचपड़वा सड़क पीडब्ल्यूडी से बनायी जाएगी। यह इंटरमीडिएट लेन सड़क है। इसकी चौड़ाई 18 फीट होगी। करीब 120 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा। डीपीआर के अनुसार भूमि अधिग्रहण आदि का कार्य भी किया जाएगा।

# करोड़ों की जमीन के लिए हुई थी महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**आरोपी प्रिंस पिछले कई वर्षों से मृतका के साथ गढ़वा में किराये के मकान में रहता था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चिनिया रोड स्थित नेहरू नगर में बीते दिन 13 मार्च को प्रोफेसर डॉ संत किशोर के मकान से एक महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था। मामला संदेहास्पद होने के बाद मौत की सूचना देने वाले युवक जो खुद को मृतका का चचेरा भतीजा बताता था। जिसका नाम प्रिंस था। पुलिस उसे अपने कस्टडी में लेकर जब गहनता से पूछताछ करने लगी तो यह मामला प्रकाश में आया कि युवक मृतका पुष्पा देवी का कोई रिश्तेदार नहीं था। वहीं महिला की मौत के बाद मृतका पुष्पा देवी की बेटी प्रमिला देवी के द्वारा सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था।

मृतका पुष्पा देवी का कथित भतीजा प्रिंस कुमार ने बताया कि पिछले कई वर्षों से वह अपनी चचेरी चाची पुष्पा देवी के साथ नेहरू नगर में प्रो. डॉ संत किशोर के मकान में किराये पर रहता था। वह अपने गांव होली त्यौहार में गया हुआ था। वहां से सोमवार की सुबह वह गढ़वा पहुंचा और अपनी चाची के मोबाइल पर फोन किया तो बात नहीं हुई। तब वह अपने दोस्त के घर चला गया। दूसरे दिन सुबह जब अपने रूम पर पहुंचा तो देखा कि पुष्पा देवी का शव उसके कमरे में बेड के नीचे पड़ा हुआ है। उधर पुलिस के द्वारा शव बरामद कर उसका अंत्यपरीक्षण कराते हुए परिजनों के आने तक शव को सुरक्षित रखा गया। जब परिजन गढ़वा पहुंचे तो उनके द्वारा प्रिंस के विरुद्ध ही प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। घटना के दिन से ही हिरासत में लिए गए प्रिंस से तब और सख्ती से पुलिस के द्वारा पूछताछ शुरू की गई तब उसने महिला की हत्या की बात स्वीकार की। वहीं उसने बताया कि मृतका पुष्पा देवी का जमीन जायदाद हड़पने की लालच में हत्या की गयी। साथ ही उसने बताया कि 2019 से ही पुष्पा देवी के साथ गढ़वा में रहता था, जब 2021 में उसकी शादी हो गयी तो पत्नी के विरोध के बाद अपने रास्ते से हटाने के लिए घटना को अंजाम दिया। कांड के उद्भेदन में पुनि थाना प्रभारी चंदन कुमार, पुअनि प्रवीण कुमार, सूर्य प्रकाश दुबे, रोशन कुमार, आशीष कुमार, अशोक कुजूर, दिनेश मरांडी, संजय बेदिया, राजू उरांव, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कु. सिंह शामिल हैं।

# भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ को आदर्श बूथ बनायें : किसलय तिवारी

**भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण अभियान को लेकर तीन पंचायत के शक्ति केंद्र पर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण अभियान को लेकर गढ़वा जिला के डंडा मंडल में पहुंचे। जहां सभी तीनों पंचायत के शक्ति केंद्र पर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा डंडा मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी ने की। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ को आदर्श बूथ बनायें। बूथ ही संगठन की मजबूती का प्रमाण है। बूथ मजबूत तो पार्टी मजबूत करने को लेकर बूथ स्तर पर संगठन मजबूती को लेकर बैठक कार्यक्रम शुरू कर चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा आनेवाले दिनों में लक्ष्य से आगे बढ़ कर लोगों का समर्थन प्राप्त करे। इसके लिए पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं। बूथ के कार्यकर्ता पार्टी संगठन के असली पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में जनहित के लिए सैंकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं, जिसका लाभ सीधे तौर पर जनता को मिल रहा है। हर बूथ स्तर पर अनेकों लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बूथ स्तर पर महिलाओं को भी भागीदारी सुनिश्चित की है। भाजपा किसी एक वर्ग का संगठन नहीं है। सभी समाज के लोगों को बूथ स्तर पर जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भाजपा बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख एवं पन्ना समिति भी बनाना है। हर घर से सम्पर्क करना है। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना होगा। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, मंडल महामंत्री नंदु चौधरी, उपाध्यक्ष रामलाल मेहता, गिरजालाल मेहता, विपुल गुप्ता, राजन महतो, नंदलाल चौधरी, शत्रुधन मेहता सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.com


# डीटीओ ने बिना परमिट के चल रही तीन बसों को किया जब्त

**सोनपुरवा अंतरराज्यीय बस पड़ाव में प्रभारी डीटीओ ने चलाया सघन चेकिंग अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के सोनपुरवा अंतरराज्यीय बस पड़ाव में प्रभारी जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन के द्वारा संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान गढ़वा से विभिन्न राज्य को जाने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गयी। जांच के दौरान तीन बसों का परमिट सहित विभिन्न तरह के कागजात नहीं पाये जाने के बाद संबंधित बसों को जब्त कर लिया गया। जिसमें उपाध्याय, सूरज एवं दुबे बस शामिल हैं। बताया जाता है कि उक्त तीनों बसें गढ़वा से छत्तीसगढ़ जाती हैं। प्रभारी जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने बताया कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए जिले में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उस दौरान उन्होंने कहा कि जिन बसों का कागजात नहीं मिलेगा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एमवीआई लाल बिहारी यादव, जिला परिवहन पदाधिकारी के वरीय लेखापाल अरविंद सिंह, अमित तिवारी सहित अन्य लोग शामिल थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

### अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– RDD/SD/KHUNTI/48/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रप सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कर्रा | कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत +2 हाई स्कूल लोधमा में पाँच अदद क्लासरूम का निर्माण कार्य। | 86,51,000/– | 1,73,300/– | 10000/– | 06 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–31.03.2023 के अपराह्ण 01:00 बजे तक।
3. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–10.04.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक ।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समयः– 11.04.2022 अपराह्ण 02:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
5. निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समयः– 12.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 292735 Rural Development (22-23)_D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### -: संवेदक के निबंधन हेतु सूचना :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, चतरा के अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली सभी योजनाओं में निविदा देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में निबंधन हेतु संवेदकों से विहित प्रपत्र (परिशिष्ट–'क') में आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 500/– (पांच सौ) रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक (जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा) के पदनाम से निर्गत एवं चतरा में भुगतेय हो) जमा कर जिला परिषद्, चतरा कार्यालय से **दिनांक 15.03.2023 से 31.03.2023 तक** किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**वांछित प्रमाण पत्रों की सूची :**

1. परिशिष्ट 'क' में आवेदन पत्र।
2. पैन कार्ड की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।
3. जी0एस0टी0 की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. आवेदन पत्र में अंकित पता का साक्ष्य (Address Proof)
5. आवेदन पत्र में चिपकायी गई हाल की ली गई रंगीन फोटो की स्वप्रमाणित प्रति।
6. निबंधन शुल्क के लिए किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से निर्गत एवं चतरा में भुगतेय होगा।
7. यदि पावर ऑफ एटॅानी है, तो इसकी अभिप्रमाणित प्रति।
8. शपथ पत्र, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि पूर्व में उन्हें किसी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गय हो।
9. हाल में ली गयी पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटो की तीन अतिरिक्त प्रतियां।
10. निबंधन के लिए विहित प्रपत्र में भरा हुआ आवेदन पत्र जिला परिषद चतरा के कार्यालय में **दिनांक :– 01.04.2023** को कार्यालय कार्य अवधी में जमा किया जा सकेगा।
11. संवेदकों को जिला परिषद के अन्तर्गत समस्त निर्माण कार्य/मरम्मति/सुधार/अनुरक्षण आदि कार्यों के लिए निम्नलिखित श्रेणियों में निबंधन किया जायेगा।

| श्रेणी | निविदा राशि की सीमा | निबंधन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | 2.50 करोड़ रूपये से उपर के निर्माण कार्यों का निविदा देने के लिए सक्षम। | 2,00,000/– (दो लाख रू0) |
| 2 | 50 लाख रूपये से उपर किन्तु 2.50 करोड़ तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 1,00,000/– (एक लाख रू0) |
| 3 | 10 लाख रूपये से उपर किन्तु 50 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम। | 25,000/– (पच्चीस हजार रू0) |
| 4 | 10 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा के लिए सक्षम। | 10,000/– (दस हजार रू0) |

i. निबंधन (5) पांच वर्षो के लिए मान्य होगा। निर्धारित अवधि समाप्त होने के तीन माह पूर्व निबंधन नवीनीकरण निर्धारित शुल्क जमा कर कराना आवश्यक होगा।

ii. निबंधन अवधि के समाप्ति के पश्चात् मात्र अगले तीन माह अर्थात् 90 दिनों के अन्दर संबंधित श्रेणियों के लिए वर्णित शुल्क का डेढ़ गुण राशि जमा कर नवीनीकरण कराया जा सकेगा। उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

iii. इस आशय का शपथ पत्र कि आवेदक अथवा उन पर आश्रित परिवार के किसी अन्य सदस्य/फर्म को इस नियमावली के नियम 10 एवं 11 में वर्णित किसी भी कदाचार में संलिप्तता के लिए कभी दण्डित प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

iv. सरकारी सेवा से हटाये गये व्यक्ति, संवेदकों की स्वीकृत सूची से हटाये गये व्यक्ति, निलंबित सरकारी सेवक, न्यायालय से दोषी पाये गये व्यक्ति एवं किसी भी विभाग द्वारा असैनिक कार्यो हेतु प्रतिबंधित/काली सूची में अंकित व्यक्ति/फर्म के आवेदक होने की स्थिति में आवेदन पत्र पर निबंधन/नवीनीकरण के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

v. विभाग द्वारा काली सूची में अंकित संवेदक या साझेदार, यदि किसी अन्य संस्थानों या संवेदको से जुड़कर एवं गलत जानकारी देकर फिर से निबंधन कराते हैं, तो उक्त त्रुटिपूर्ण निबंधन को खारिज करते हुए उनके तथा संबंधित संस्थानों के Board of Directors of Governors अथवा Partners के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

vi. ऐसे आवेदक जिला परिषद में निविदा समर्पित करने के हकदार नहीं होगे, जिनके नजदीकी संबंधी (पति/पत्नी/माता–पिता/सहोदर भाई अथवा सहोदर बहन) लेखापाल या कनीय अभियंता से अन्यून स्तर के पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रहेगें।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 292724 (District) 22-23 (D)


**बैठक : श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को लेकर तिथि में किया गया बदलाव**

# अब 8 एवं 9 अप्रैल को होगा महोत्सव का आयोजन

**इसके पूर्व इस आयोजन के लिए 27 एवं 28 मार्च की तिथि की गई थी निर्धारित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को लेकर तिथि में फेर बदल करते हुए 8 एवं 9 अप्रैल 2023 को धूमधाम से मनाने का लिया गया।

श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन के संदर्भ में आज विचार विमर्श को लेकर जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की बैठक उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में की गई। जिसमें कई राजनीतिक दल के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिसमें सर्वसम्मति से 8 एवं 9 अप्रैल को धूमधाम से श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में श्री बंशीधर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर एजेंसी का चुनाव एवं कलाकारों का चुनाव, मंदिर एवं मंदिर पहुंच पथ का रंग रोगन/साफ सफाई को लेकर भी विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए गए। महोत्सव के व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार को लेकर बस पड़ाव, रेलवे स्टेशन, जिले के प्रमुख स्थानों एवं आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर भी बैनर/होर्डिंग लगवाने एवं एप एम के माध्यम से भी प्रचार प्रसार पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही कलाकरों के चयन को लेकर कमेटी बनाने की बात कही गयी।

अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को इस राजकीय महोत्सव की तैयारी हेतु स्थानीय गणमान्य, व्यवसायिक संघ एवं अन्य सामाजिक संगठनों से संपर्क एवं बैठक कर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्था को सुनिश्चित करने का निर्देश उपयुक्त ने दिया। महोत्सव के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु वोलेंटियर्स के रूप में जेएसएलपीएस एवं साक्षरता कर्मी की सेवा लिए जाने का निर्णय लिया गया। मंदिर प्रबंधन के ट्रस्टी अनंत प्रताप देव द्वारा महोत्सव के दौरान प्रसाद का वितरण करने की बात कही गई। बताते चलें कि इसके पूर्व इस आयोजन के लिए 27 एवं 28 मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी। बैठक में एसपी अंजनी कुमार झा, जिप अध्यक्ष शांति देवी, डीडीसी राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, एसडीओ गढ़वा राज महेश्वरम, एसडीओ श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, अध्यक्ष नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर विजयालक्ष्मी, विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि चंद्रदीप चंद्रवंशी के अलावा गढ़वा-रंका एवं भवनाथपुर-नगर उंटारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in
08

## जल संकट के निराकरण को लेकर शशि रंजन ने की बैठक, दिये कई निर्देश

# खराब हैंडपंप और पुराने टैंकरों को अविलंब दुरुस्त करायें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** गर्मी के दिनों में खूंटी जिले में जल सकंट की संभावना और उसके निराकरण को लेकर डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक हुई। इसमें पेयजल स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी के अधिकारी, जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारियों और थाना प्रभारियों से गर्मी के मौसम में जिले में पेयजल संकट की संभावना को लेकर प्रखंडों में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। डीसी ने पेयजल स्वच्छता प्रमंडल के पदाधिकारी से जिले में खराब पड़े चापानलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और खराब चापानलों की अविलंब मरम्मत कराने का निर्देश दिया। डीसी ने जिले के बीडीओ से अप्रैल, मई और जून माह के दौरान जल स्तर के नीचे चले जाने से उत्पन्न जल संकट से प्रभावित होनेवाली पंचायतों की जानकारी ली। साथ ही प्रखंडों में उपलब्ध टैंकरों की संख्या एवं स्थिति की जानकारी ली।


पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

डीसी ने कहा कि अप्रैल, मई और जून माह के दौरान जल संकट से जूझने वाले क्षेत्रों में टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रखंडों के पुराने टैंकरों की मरम्मत कराई जाएगी। साथ ही आवश्यकतानुसार नये टैंकर की व्यवस्था की जाएगी। डीसी ने कहा कि जिन गांवों में तालाब की आश्यकता है, वहां तालाब का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब निर्माण के लिए प्रतिवेदन प्रेषित करें। प्रखंड पदाधिकारियों एवं थाना प्रभरियों के साथ चर्चा के क्रम में डीसी ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार कार्यालय परिसर में अधिक क्षमता के वाटर प्यूरिफायर की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने सोलर वाटर सप्लाई उपकरण को अधिष्ठापित कराने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि स्थल का चयन कर जिला प्रशासन को प्रतिवेदन प्रेषित करें।

बैठक के दौरान जिले में अफीम की खेती एवं विनष्ट करने की कार्रवाई की चर्चा की गई। डीसी ने थाना प्रभारियों को विनष्टिकरण के कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनों से निरंतर सम्पर्क रखते हुए उनकी समस्याओं का निष्पादन करें।

## कर्रा में ऑटो पलटने से महिला की मौत

कर्रा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कर्रा-रांची रोड में मालगो गांव के समीप गुरुवार की शाम यात्रियों से भरा एक टॉटो पलट गया। जिसमें ऑटो में सवार एक महिला की मौत हो गई। उसकी पहचान सिसई निवासी नूनी देवी (50) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार नूनी देवी अपने अन्य सहयोगी सब्जी विक्रेताओं के साथ जम्हार बाजार से सब्जी खरीद कर ऑटो से जम्हार बाजार से रांची लौट रही थी। तभी मालगो गांव के पास ऑटो चालन ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलय गया। इस घटना में गुमला के सिसई गांव निवासी नूनी देवी के सिर में गंभीर चोट लग गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे में ऑटो सवार कुछ अन्य लोगों को भी हल्की चोट आई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना में मामूली रूप से घयल सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि सभी लोग सब्जी खरीदने कर्रा प्रखंड के जम्हार सात्ताहिक हाट आते थे। वहां सब्जी खरीदकर रांची के शालिमार बाजार व अन्य जगहों पर बेचते थे। गुरुवार को भी सब्जी खरीदकर रांची लौट रहे थे। उधर, कर्रा पुलिस शव को थाने ले गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों सौंप दिया जाएगा।

# अब सरहुल पर्व का भी हो गया राजनीतिकरण : कड़िया मुंडा

अनिल मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जनजातीय समुदाय के सबसे बड़े त्योहार सरहुल पहले धार्मिक के साथ ही सामजिक और सांस्कृतिक पर्व था, लेकिन अब उसका भी राजनीतिकरण हो गया है। लोग अलग-अलग समूह बनाकर अलग-अलग दिनों में सरहुल मना रहे हैं। पहले खूंटी में एक ही दिन सामूहिक रूप से सरहुल मनाया जाता था, लेकिन अब न वो सामजिक एकता रही और न ही पुरानी परंपरा। उक्त बातें लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कही। वे गुरुवार को अपने अनिगड़ा (खूंटी) स्थित आवास में **आजाद सिपाही** से बातचीत कर रहे थे। खूंटी संसदीय क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि हर गांव में अलग-अलग दिनों में सरहुल मनाया जाता है। सरना धर्म की परंपरा रही है कि जिस गांव में सरहुल संपन्न नहीं हुआ है, उस गांव में सखुआ या सरई के फूल को ले जाने की मनाही थी। गांव में सरहुल होने के बाद ही कोई व्यक्ति इस फूल को लेकर जा सकता है। इसीलिए खूंटी के सीमावर्ती गांवों में सरहुल मनाने के के बाद अंतिम में खूंटी में सामूहिक रूप से सरहुल मनाया जाता था, ताकि सभी गांवों के



लोग मुख्य कार्यक्रम में शामिल हो सकें। यदि किसी गांव में सरहुल नहीं मनाया गया है, तो उस गांव के लोग खूंटी के सरहुल में शामिल नहीं हो सकते थे, लेकिन अब लोग खूंटी में दो दिन सरहुल मनाने लगे हैं। कड़िया मुंडा ने कहा कि कुछ लोग 24 मार्च को ही खूंटी में सरहुल मनाएंगे, जबकि पहले की परंपरा के अनुसार इस वर्ष छह अप्रैल को खूंटी में सामूहिक रूप से सरहूल मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का इस तरह राजनीतिकरण कर कुछ लोग आदिवासियों की एकता को गंभीर चोट पहुंचा रहे हैं और सामाजिक एकता को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, परंपरा, धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने वाले लोग भी अब दिखावे के लिए कानों में और अपने घरों में सखुआ या सरई का फूल लगाने लगे हैं।

### इसाई बन चुके लोगों को पड़हा अध्यक्ष बनने का अधिकार नहीं

बातचीत के दौरान पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि अब तो ईसाई धर्म अपना चुके लोगों को भी पड़हा राजा बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत और असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि रुढ़िवादी परंपरा को मानने वालों को ही पड़हा राजा का पद दिया जा सकता है और उसकी पगड़ी बांधी जा सकती है, लेकिन जन जनजातियों की परंपरा और संस्कृति को छोड़कर ईसाई बन चुके लोग पड़हा राजा बन रहे हैं। यह जनजातीय परंपरा के लिए ठीक संकेत नहीं है।

### सूर्य और पृथ्वी के विवाह का पर्व है सरहुल

पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि सरहुल त्योहार सूर्य और पृथ्वी की शादी का पर्व है। इसीलिए गांव के पाहन और उसकी पत्नी को नया वस्त्र, नया घड़ा आदि देने की परंपरा है। सरहुल (सूर्य और पृथ्वी की शादी होने) के बाद ही किसान खेतों में धान बुनने का काम शुरू करते हैं

## तमाड़ के नुरीडीह में पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास

तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नुरीडीह में जिला योजना अनाबद्ध निधि जिला परिषद की ओर से से 1130 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। जिसकी लागत राशि 22 लाख रुपये है। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, जिप सदस्य मानकी विजय सिंह, मुखिया अनिता देवी, अंड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहु, प्रमुख अजय मुण्डा, जिप सदस्य दिलीप सेठ, वार्ड सदस्य गीता देवी आदि के संयुक्त रुप से शिलान्यास किया। वर्षों पुरानी मांग के पुरा होने से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा और स्थानीय विधायक विकास कुमार मुण्डा के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर जगदीश गुप्ता, महावीर सोनी, प्रकाश सिंह मुंडा, मदन सिंह थे।

# रांची डीसी ने किया मोनेट कोल वाशरी का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** केंद्रीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रिंसिपल बेंच के निर्देश पर रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को खलारी स्थित मोनेट डेनियल कोल वाशरी का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व झारखंड स्टेट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी थे। डीसी ने निरीक्षण के क्रम में मोनेट डेनियल कोल वाशरी के जनरल मैनेजर व संबंधित पदाधिकारियों को कंपनी द्वारा पर्यावरण प्रदूषण को लेकर और सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वाशरी के आसपास के लोगों को प्रदूषण से समस्या न हो। साथ ही पास में बहने वाली नदी प्रदूषित न हो, इसकी व्यवस्था करें। कंपनी को बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने का



निर्देश दिया गया। डीसी ने एनजीटी के आदेश का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बतातें चलें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली के आदेश पर एक कमेटी बनाई गई थी, जिसमें पिछले निरीक्षण के दौरान पर्यावरण प्रदूषण को लेकर निर्देश दिये गए थे। गुरुवार को कमेटी के दिए गए निर्देशों के अनुपालन को लेकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान राजीव रंजन, अपर निदेशक, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, (क्षेत्रीय कार्यालय) वैज्ञानिक तौफीक आलम, गोपाल कुमार, क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखंड स्टेट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड के युवाओं का वर्तमान और भविष्य से खिलवाड़ कर रही सरकार : सुदेश महतो

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली आजसू कार्यालय परिसर में गुरुवार को पार्टी के सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला व पुरुष ग्राम प्रभारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धीरेंद्र महतो और संचालन प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रभारी अपने दायित्व का निर्वाह करें। उनका सीधे संवाद पार्टी के चुल्हा प्रमुखों के साथ होना चाहिए। चुल्हा प्रमुख संगठन के सबसे मजबूत नींव है। पार्टी की हर गतिविधियों की जानकारी उनके माध्यम से ग्रामीणों तक अवश्य पहुंचे। इसे सुनिश्चित किया जाए। तभी संगठन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार युवाओं के वर्तमान और भविष्य के साथ खिलवाड़ कर




रही है। आने वाले दिनों में इसका खामियाजा भुगतना होगा। राज्य सरकार लोगों को झूठा आश्वासन दे रही है। राज्य के लोगों को ठगा है। यह सरकार विकास विरोधी है। यहां के आदिवासी मूलवासी को महागठबंधन सरकार ने धोखा दिया है। इसके अलावा स्थानियता, रोजगार समेत विभिन्न मुद्दों पर विधायक ने सरकार की आलोचना की। सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। कहा कि चुनाव जीतने के लिए किए गए वादे सिर्फ धोखा देने के लिए थे। हर वर्ष पांच लाख रोजगार की चुनावी घोषणा कोरी साबित हुई। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति के आधार पर ही नियोजन नीति बने। ग्रामीणों की अंचल कार्यालय में कार्यों की शिकायत पर उन्होंने सिल्ली, सोनाहातू, राहे, मुख्यालय पर पदाधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का निर्देश दिया। सभा को रंगबहादुर महतो, सुचेन प्रामाणिक, विजय चंद्र महतो, गौतम सिंह देव, शंकर बेदिया, वरुण सिंह मानकी, चंचला भोगता, कमल सिंह मुंडा आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान रामगढ़ उपचुनाव में बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मौके पर जयपाल सिंह, सुनील सिंह, चित्तरंजन महतो, संजय सिद्धार्थ, आरती देवी के अलावे ग्राम प्रभारी व आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रांची डीडीसी ने डीएमएफटी संबंधित विकास योजनाओं का किया निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रांची के डीडीसी दिनेश यादव नेगुरुवार को खलारी प्रखंड में चल रही डीएमएफटी से संबंधित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। वे सबसे पहले महावीर नगर में अपग्रेडेड मीडिल स्कूल का निरीक्षण किए। उन्होंने वीआर लैब, टैब लैब, स्टेम लैब और एडिशनल क्लास रूम का निरीक्षण किया। उसके बाद खलारी पहाड़ी मंदिर में पीसीसी सड़क व मंदिर परिसर का निरीक्षण किए। मालूम हो कि खलारी पहाड़ी मंदिर जिले के पर्यटन स्थलों की सूची में है। डीडीसी मंदिर परिसर में पर्यटन की दृष्टिकोण से संभावित विकास योजनाओं के बारे में पूछे। इसके बाद ब्लॉक आफिस में जेएसएलपीएस का प्रशिक्षण केंद्र, पेवर ब्लाक सड़क व ओपन जिम का निरीक्षण किए। वे तुमांग पंचायत में नौ नंबर जलाशय में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित केज कल्चर देखने गए। डीडीसी अन्य पदाधिकारियों के साथ मोटर वोट पर सवार होकर केज तक गए। उसके बाद सीसीएल के जीएम के साथ माइंस का निरीक्षण किए। लौटने के क्रम में मायापुर पंचायत स्थित डाक बंगला का निरीक्षण किए। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी अरूपकुमार चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग, अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, बीपीओ विनयकुमार गुप्ता, कनीय अभियंता सत्येन्द्रकुमार पाल सहित अन्य पदाधिकारी व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## खूंटी बैडमिंटन एकेडमी का शुभारंभ, प्रतीक चिह्न का अनावरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी बैडमिंटन एकेडमी का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस दौरान उकेउमी के प्रती चिह्न का अनावरण भी किया गया। उससे पूर्व 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया, जिसमें आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनी मैच में जिला प्रथम जज संजय कुमार, जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, डीसीएलआर जितेंद्र मुंडा, कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश, देवेंद्र दास, एसडीए स्कूल के प्रिंसिपल पतरस मुर्मू, वाटसन स्वांसी, राजेश चौंडे आदि ने भाग लिया। एकेडमी के संचालक सुमित पॉल लकड़ा और सागर सुरीन ने कहा कि एकेडमी शुरू करने का उद्देश्य बाकी खेलों की तरह ही उकेडमी में बेहतर तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि खूंटी में बैडमिंटन खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने योग्य बनाया जा सके। वहीं, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव शशि पांडेय ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। मौके पर क्रिकेट कोच देवा हस्सा, हेल्थ क्लब के संचालक विशाल शर्मा, प्रवीण कुमार, खूंटी बैडमिंटन एकेडमी के संचालक सुमित पॉल लकड़ा आदि थे।

# कोयलांचल के बमने चौक में हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो अन्य घायल

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के बमने स्थित शहीद निर्मल महतो चौक के पास गुरुवार को हुए भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान महेंद्र महतो (38) के रूप में हुई है। वह रांची जिले के खलारी थानांतर्गत डुंडु ग्राम का रहने वाला था। वहीं, घायलों में मोहम्मद जसीम (22) और अंकित कुमार (20) शामिल हैं। दोनों बचरा बंसत विहार कालोनी के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम खलारी थाना क्षेत्र के बचरा-रांची मुख्य मार्ग के बमने चौक के पास दो बाईक के बीच भिड़ंत हो गई। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर खलारी पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन से ही तीनों को बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने महेंद्र महतो को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल जसीम और अंकित को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। उधर, घटना के बाद बचरा अस्पताल में स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। मृतक के पड़ोसी और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य गणेश महतो ने बताया कि मृतक की दो बेटी और एक बेटा है। वह पेशे से मजदूर था। उसके आश्रितों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। उन्होंने झारखंड सरकार, जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन से मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की अपील की है।

## केंद्रीय रामनवमी महासमिति का विस्तार, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक कोचे और नीलकंठ मुंडा बने मुख्य संरक्षक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी धूमधाम से मनाने को लेकर केंद्रीय रामनवमी महासमिति का गुरुवार को हुई बैठक में विस्तार किया गया। कमेटी में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुण्डा और तोरपा के विधायक कोचे मुण्डा को मुख्य संरक्षक बनाया गया है। वहीं संरक्षका मंडल में मुनीनाथ मिश्रा, रोशनलाल शर्मा, भोलानन्द तिवारी, डॉ बीआर महतो, अर्जुन पाहन, राजेंद्र प्रसाद, मदन मोहन गुप्ता, आदित्य साहू, मदन मोहन मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, गणपत भगत, प्रदीप भगत, परमेश्वर प्रसाद, दिलीप मिश्रा, ओम प्रकाश कश्यप, आशुतोष भगत, सुखदेव भगत, जानकी साहू, कामेश्वर महतो, विजय कुमार साहू, चंद्रशेखर गुप्ता, रामकृष्ण चौधरी, विभाष बनर्जी, शैलेंद्र शीवास्तव, लक्ष्मण राम गौंझू, कृष्णा भगत, अरविन्द जायसवाल, परिमल घोष, निरंजन भगत, राजकुमार गुप्ता, रासबिहारी चौधरी, रमेश मांझी, जयंतलाल स्वर्णकार, अरुण चौधरी, बाल गोविन्द सिंह, जयन्त साहू, महेन्द्र सिंह, मदन मिश्रा, गणेश प्रसाद साहू , पुरुषोत्तम राम गौंझू, ओम प्रकाश मिश्रा, कैलाश भगत, श्रीपाल जैन, दिनेश्वर मिश्रा, बढ़कू शाहदेव, राधेश्याम गोप, अशोक दास, गणपत चौधरी, योगेश वर्मा, हरीशचंद्र कश्यप, शिवनारायण गौझू, कृष्णा भगत को शामिल किया गया है। समिति में, अध्यक्ष ज्योतिष भगत, कार्यकारी अध्यक्ष अनूप कुमार साहू, महामंत्री जितेन्द्र कश्यप, कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल, जिला संयोजक मंडल में ज्योतिष भगत आदि शामिल हैं।

## रामनवमी और सरहुल को लेकर पिपरवार थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

# आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों का गुंडा पंजी में डाला जायेगा नाम : गोविंद कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** रामनवमी और सरहूल त्योहार को लेकर पिपरवार थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रौशन और संचालन थाना प्रभारी गोविन्द कुमार ने किया। बैठक में दोनों त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही डीजे और अवैध शराब बेचने वालों पर सख्त कारवाई करने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।


शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग।

शरारती और उत्पात मचाने वालो का नाम गुंडा पंजी में डाला जाएगा। इंस्पेक्टर रंजीत रोशन ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी तरह के धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आपसी भाईचारगी और शांतिपूर्ण माहौल में दोनों त्यौहार मनाने का निर्णय लिया। बैठक में रामनवमी जुलूस और सरहुल शोभा यात्रा के निर्धारित मार्ग पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर इंस्पेक्टर रंजीत रोशन, अवर निरीक्षक रूपेश महतो, कन्हैया यादव, दिलीप बास्की, शैलेश राय, आनंद खंडित, एरिया सिक्यूरिटी ऑफिसर अरूण महतो, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, बेंती मुखिया सरिता देवी, बहेरा मुखिया रेखा देवी, हाजी प्रवेज, इस्लाम अंसारी, धीरेन्द्र शर्मा, बिजय लाल, अभय सिंह, सलीम जावेद, बिनोंद सिंह, सुनील प्रसाद, कृष्णा यादव, अंगद महतो, इदरीश अंसारी, गणेश भुईयां और लक्ष्मण मंडल आदि मौजूद थे।

## राजा बांध नहर की जर्जर स्थिति को लेकर बैठक



**अड़की। (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जारंगा गांव में लक्ष्मण मुंडा ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा भी उपस्थित थे। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि राजा बांध नहर जहां-तहां टूट गया है। जिससे सैकड़ों किसानों को पानी खेतों में नहीं मिल पाता है। इस कारण धान की फसल में किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। इस क्षेत्र में किसान केवल धान की खेती पर आश्रित है। अगर इस राजा बांध नहर का पक्कीकरण हो जाता तो किसान के लिए वरदान साबित होगा। इस पर आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा ने भरोसा दिलाया कि ग्रामनीणों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी से मिलकर पहल कराया जायेगा। इस मौके पर सोखा मुंडा, मोहन अहीर, लाल मुंडा, एतवा मुंडा, ठाकुर अहीर, फलेंद अहीर, पुरेंद्र स्वांसी, संवत मुंडा, जगदीश मुंडा, दूतिकृष्णा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## मुरहू में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खनन विभाग की ओर से गुरुवार को मुरहू थाना अंतर्गत बिचना स्थित बनई नदी के समीप बालू का अवैध परिवहन करने के आरोप में बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। जब्त ट्रैक्टरों में से एक में सौ घनफीट जबकि दो अन्य ट्रैक्टरों में 50-50 घन फीट बालू लदा पाया गया। इन ट्रैक्टरों को तय नियमों के अनुसार जब्त कर मुरहू थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इस बाबत ट्रैक्टर और मालिकों के विरुद्ध मुरहू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसकी जानकारी खान निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह ने दी।

# कांग्रेस पार्टी की राजनीति में आम जनता हमेशा से केंद्र बिंदु में रही है : बंधु तिर्की



**विधायक कार्यालय में की गयी प्रखंड पदाधिकारी एवं पंचायत अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय स्थित विधायक कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की अध्यक्षता में प्रखंड पदाधिकारी व पंचायत अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है। कांग्रेस की राजनीति में आम जनता हमेशा से केन्द्र बिन्दु में रही है। जनता की समस्याओं के समाधान और उसके विकास के लिये कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता हमेशा समर्पित रहे हैं। पदाधिकारियों व कार्यकर्ता आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर आम लोगों की समस्याओं का समाधान करें। आम जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा आप सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की गांव समाज के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बैठक में मजकुर आलम सिद्दीकी, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, जिपस वेरोनिका एक्का, प्रखंड अध्यक्ष प्रो. करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, समशाद आलम, शंभू बैठा, मीर मुस्लिम, मो. फहीम, सिलबेस्टार कच्छप, बिशु उरांव, मनकु कुजूर, बीरेंद्र उरांव, रैफुद्दीन मिरदाह, बुधराम बड़ा, परवेज आलम, हबीब, बुधराम उरांव सहित पंचायत अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरहुल और रामनवमी को लेकर सिकिदिरी थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सरहुल और रामनवमी को लेकर गुरुवार को सिकिदिरी थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने की। बैठक में दोनों समुदाय के गणमान्य, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शामिल हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल और रामनवमी का पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसी प्रेम और भाईचारगी के साथ मनाया जाएगा। रामनवमी का जुलूस तथा सरहुल के अवसर पर मेला में किसी भी स्थिति में शांति भंग होने नहीं दी जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों व अशांति फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने किसी भी अफवाह से सावधान रहने की सलाह दी। कहा कि पुलिस अलग-अलग टीम बना कर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी। इस अवसर पर खालिक खान, मुखिया राजेंद्र बेदिया, निर्मल करमाली, राजेश पाहन, हेमंत कुमार तिवारी, अली इमाम अंसारी, मुस्तर अंसारी, गणेश किशोर महतो, आनंद महतो, नाजनीन परवीन, कमलनाथ महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## इटकी में 25 मार्च को निकलेगी सरहुल शोभायात्रा

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी में 12 पड़हा के तत्वावधान में सरहुल पूजा को लेकर सरना स्थल में बैठक की गई। बैठक में यह तय किया गया कि 25 मार्च को सरहुल की शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को झखरा टांड़ में आदिवासी समाज की एक बैठक ग्राम प्रधान सुधीर उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरहुल पूजा कमेटी का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष बीरा उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनाथ उरांव, उपाध्यक्ष चंदन उरांव व सचिव सूरज उरांव के अलावा भोला उरांव, शुका उरांव, सुधीर उरांव, अमन उरांव, विजय उरांव व सुरेश उरांव संरक्षक बनाये गये। बैठक में रंजीत उरांव, सोनू उरांव, सुखदेव उरांव, सूरज उरांव, नीरज उरांव, दीपाकर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेड़ो बीडीओ ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** चावल दिवस के अवसर पर बीडीओ डा. प्रवीण कुमार ने गुरुवार को जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि प्रतिमाह 15, 16 एवं 25, 26 तारीख को चावल दिवस मनाया जाना है। जिसमें जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को राशन का वितरण किया जाना है। जिसका निरीक्षण पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों दोनों के द्वारा किया जाना है। इसी क्रम में बीडीओ ने हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बोदा गांव में जन वितरण प्रणाली दुकानदार सुनील कुमार यादव की दुकान का निरीक्षण किया। वहीं लाभुकों ने इस पीडीएस दुकानदार के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें की थी। इस दौरान बीडीओ ने दुकानदार को कार्डधारियों के बीच अनाज वितरण की समुचित व्यवस्था करने व कागजात को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। जिससे कार्डधारियों को परेशानियों का सामना करना नहीं पड़े।

## रंका थाना प्रभारी ने 100 गरीब बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का किया वितरण



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने दो आंगनबाड़ी केंद्रों के बेहद गरीब 100 बच्चों के बीच अपनी तरफ से पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया। जिसमें किताब, कॉपी, स्लेट, पेंसिल, कटर, बिस्कुट, टॉफी आदि सामग्री शामिल हैं। थाना प्रभारी इसके पूर्व भी जहां पदस्थापित हुए वहां पर भी अपने स्तर से गरीब बच्चों को पठन-पाठन सामग्री एवं खाद्य सामग्री का वितरण करते रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित बच्चे एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे मन लगाकर पढाई करें और अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। उन्होंने रंकाकला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया एवं स्वयंसेवक समाजसेवी अमरेंद्र कुमार की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में इनके द्वारा समय-समय पर सहयोग मिलता रहा है। इस अवसर पर सेविका सीमा देवी, बसंती देवी, अरविंद सोनी, अनिता देवी, आशा देवी, सहायिका सहित काफी संख्या में बच्चे, महिला पुरुष उपस्थित थे।

**बैठक :** अनगड़ा में महाधरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आजसू पार्टी ने की बैठक

# अंचल कार्यालय में भूमि संबंधी कार्यों में लूट-खसोट चरम पर : पारसनाथ उरांव

**21 मार्च को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित धरना कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर की गयी इसे सफल बनाने की अपील**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

अनगड़ा। अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आगामी 21 मार्च को आजसू द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आहुत महाधरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुरुवार को बोंगईबेड़ा पंचायत के गंगाघाट में एक बैठक की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से खिजरी विधानसभा के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव एवं आजसू प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो उपस्थित थे। बैठक के माध्यम से ग्रामीणों को महाधरना कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की गयी।

मौके पर पारसनाथ उरांव ने कहा कि अंचल कार्यालय अनगड़ा में भूसंबंधी कार्यों में लूट-खसोट चरम पर है। ऑनलाईन प्लॉट इंट्री, त्रुटि सुधार, गलत नामांतरण, दाखिल-खारिज आदि कार्यों में बेवजह रैयतों को परेशान किया जा रहा है।

ग्रामीणों की शिकायत है कि बगैर चढ़ावा के यहां कोई काम नहीं होता है। आम गरीब रैयत त्राहिमाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण इस धरना कार्यक्रम में जरूर पहुंचे तथा पदाधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी, भ्रष्ट नीति के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करें। आजसू पार्टी उनके साथ खड़ी है। अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष गणेश उरांव ने की।

बैठक में प्रकाश उरांव, सुनील उरांव, संदीप तिर्की, जगना उरांव, बिरसा उरांव, बंधन उरांव, हाकिरा उरांव, संदीप उरांव, बुधनी देवी, जावनी देवी, प्रिया देवी, नीलमणी देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## दिघिया पंचायत में ग्राम सभा की बैठक आयोजित

**ग्राम सभा की बैठक में कई योजनाओं के लिए दिया गया आवेदन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के दिघिया पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया प्रबला केरकेट्टा की अध्यक्षता में ग्राम सभा और ग्राम संघटन से पारित योजनाओं के समेकन के लिए बैठक की गयी। जिसमें ग्राम संघटन से ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना के तहत हकदारी योजना जॉब कार्ड के लिए 38 आवेदन, उज्ज्वला योजना के लिए 140 आवेदन, राशन कार्ड के लिए 8 आवेदन, स्वस्थ्य भारत मिशन योजना के लिए 58 आवेदन, पेंशन के लिए 7 आवेदन और सार्वजनिक योजना के लिए 18 योजनाओं को ग्राम संघटन के अध्यक्ष बेबी देवी और दिघिया आजीविका महिला संकुल संघटन के सचिव अवन्ति देवी के द्वारा अपने जनप्रतिनिधियों को आगे की कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। साथ ही एसएचजी, वीओ और सीएलएफ की बैठक में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर चर्चा की गयी। वहीं शुक्रवार को पेंशन से वंचित लोगो को पेंशन का लाभ दिलाने के लिए पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

बैठक में मुखिया ने कहा कि ग्राम संघटन से प्राप्त योजनाओं को सत्यापित कर के कार्यकारणी बैठक से पास करते हुए ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर इंट्री करने की स्वीकृति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही पंचायत का विकास संभव हो सकता है। बैठक में पंचायत समिति सदस्य रोशन तिर्की, वार्ड सदस्य सतीश सिंह, उमेश भगत, हदीस खातून, पूजा देवी, मंगल उरांव, आदेश कुमार यादव ग्राम संघटन के दीदी बिंदिया देवी टीआरआईएफ से सीएलएफएचआर पवन कुमार, सुनील भगत, पिंकी कुमारी मौजूद थे।

## पिस्का नगड़ी के हरही डूंबरटोली गांव में सरना सभा का आयोजन

**महासभा में 21 पड़हा के सरना धर्मावलंबियों के साथ सरहुल पर्व मनाने एवं समाज के लोगों को धर्म परिवर्तन करने से बचाने को लेकर किया गया विचार-विमर्श**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के हरही डूम्बरटोली गांव में गुरुवार को सरना स्थल पर सरना सभा का आयोजन किया गया है। सरहुल के पूर्व विशाल महासभा में पूरे 21 पड़हा के साहेर, जराटोली, हरही, कुम्बाटोली, बिन्धानी, मलार, पलाण्डू, चिनारो, पुरियो, कुल्ली, बारीडीह, तिलकसुती, सेमरा, खमभा, रानी डीह, हरमू, सौका, चौली, सालोटोली, बरटोली, लुंपगा, गांवों के सरना धर्मावलंबियों ने भाग लिया। मौके पर सैकड़ों सरना धर्मावलंबियों के द्वारा प्रार्थना सभा में सरना भजन प्रस्तुत किया गया। सरना सभा में उपस्थित वक्ताओं ने सरहुल पर्व कैसे धूमधाम से मनाया जाये इस विषय पर विचार विमर्श किया। साथ ही समाज के लोगों को धर्म परिवर्तन करने से कैसे बचाया जाये इस पर भी गहनता पूर्वक चर्चा की गयी। सरना प्रार्थना सभा में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने आदि धर्म सरना के प्रचार प्रसार और गांव गांव में सरना प्रार्थना सभा के आयोजन पर बल दिया। सरना प्रार्थना सभा को सफल बनाने में कर्मी उरांव, रमेश उरांव, सरिता उरांव, सुनीता मुंडा, सुमन टोप्पो, नेहा कुजूर, रवि तिग्गा, रेनू तिग्गा, ललीत मुण्डा, सुमेश मुण्डा, शिबू मुण्डा, दिलीप मुण्डा, चंदा, कमल, रोहित, अशोक, राजेश, अंगनू सहित 21 पड़हा समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

**कार्यक्रम :** मदरसा इल्यास आजाद अर्शदुल उलूम में जलसा ए दस्तारबंदी एवं इस्लाह मोआसरा कांफ्रेंस आयोजित

# सात छात्रों को दी गयी हाफिज की उपाधि

**कार्यक्रम में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम एवं पूर्व डिप्टी मेयर सह कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव भी हुए शामिल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड स्थित मदरसा इल्यास आजाद अर्शदुल उलूम में बुधवार की रात जलसा ए दस्तारबन्दी व इस्लाह मोआसरा कोंफर्न्स आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान ए तिलावत से की गयी।

जलसे के बतौर मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल्लाह सलीम चतुर्वेदी उपस्थित थे। उन्होंने जलसे को संबोधित करते हुए मुस्लिम समुदाय में शिक्षा के प्रति जागृति लाने, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने व समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। उन्होंने लोगों से दिनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम हासिल करने, मुसलमानों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने, सामाजिक बुराई दहेज प्रथा का विरोध करने तथा महिलाओं को उनके अधिकार देने की अपील की। कार्यक्रम में मदरसे के सात छात्रों को हाफिज की उपाधि देकर दस्तारबंदी की गयी।

मदरसा के सरपरस्त अरशद अयूब ने कहा कि यह मदरसा 2017 से संचालित किया जा रहा है। इस मदरसे से आगे भी सैकड़ों बच्चों को हाफिज की उपाधि दी जाएगी।

कार्यक्रम को हजरत मौलाना तौहिद कासमी, हजरत मौलाना फिरोज कासमी नदवी, मौलाना मुजाहिद हसनैन, मौलाना अकरम ने भी संबोधित किया। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम एवं पूर्व डिप्टी मेयर सह कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की सफलता में अंजुम खान, सरवर खान, अनिसुल रहमान, जसीम अंसारी, बेलाल अंसारी, कुर्बान अंसारी, शहनवाज खान, सिन्धबाज खान, मौलाना नौशाद, जाहिर मंसूरी, अताउल्लाह अंसारी का सराहनीय योगदान रहा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## नामकुम में सरहुल धूमधाम से मनाने के लिए कमेटी गठित, अध्यक्ष बने प्रदीप लकड़ा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर गुरुवार को ग्राम प्रधान सुनील लकड़ा की अध्यक्षता में रामपुर बाजार गड़के में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से सभी लोगों ने 20 मार्च को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने का फैसला लिया। वहीं, कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें नन्हे कच्छप, लक्ष्मी कुमारी, रीता रजनी कुजूर, सुनील लकड़ा, लक्ष्मण लकड़ा को मुख्य संरक्षक बनाया गया। जबकि अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा, सचिव चामू बेक, कोषाध्यक्ष अजय लकडा को बनाया गया। इस अवसर पर नन्हे कच्छप ने कहा कि आदिवासी मूलवासी का खास पर्व सरहुल है, जो प्रकृति से जुड़ा है। कहा कि प्रकृति से ही हवा-पानी मिलता है। इसे बचाये रखना हम सबों का दायित्व है। मौके पर अनिल लकड़ा, बिरसा कच्छप, उमेश कच्छप, मुन्ना लकड़ा, शंकर तांती, प्रेम लकड़ा, सूरज लकड़ा, बब्लू लोहरा, विनोद लकड़ा, रिशा कच्छप, बब्लू नाग, महादेव उरांव, हेमंत बिंहा, विरेंद्र कच्छप, आशिष बिंहा, सुजीत बिंहा, दीपक खलखो, मदन टोप्पो, बुदिया कच्छप, रुपेश सिंह, किशन कुजूर आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा की तैयारी को लेकर अखाड़ा में किया गया मिट्टी का भराव



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पूजा की तैयारी को लेकर गुरुवार को बजरंग दल जोरार बस्ती नामकुम के युवा खिलाड़ियों ने अखाड़ा में मिट्टी का भराव किया। गौरतलब है कि इससे पूर्व मंगलवार को अखाड़ा में महावीर झंडा लगाया गया था। पुजारी अरविंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रभु श्रीराम व संकट मोचन हनुमान जी की पूजा अर्चना की। अखाड़ा पूजन के बाद से ही रामनवमी की तैयारी शुरू हो गयी है। युवा मंगलवार से ही डंका तासा बजाकर खेल का अभ्यास शुरू कर दिये हैं। मालूम हो कि रामनवमी पर 30 मार्च को नवमी पूजा की जायेगी और 31 मार्च को दशमी पर झंडा जुलूस निकाला जायेगा। रामनवमी को सफल बनाने में बजरंग दल जोरार के अध्यक्ष संदीप गोप, सागर मुंडा, सूर्या सांगा, सूरज सांगा, सुभम मुंडा, सुमित मुंडा, सुमित वर्मा, विवेक मुंडा, अभय मुंडा, चांद सांगा, संजू महतो, श्याम मुंडा, रंजीत बड़ाईक, अनुराग गोप, रंजन मुंडा, ज्ञानी मुंडा आदि सदस्य लगे हुए हैं।

## कैंब्रिज पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने किया गवर्नमेंट टूल रूम का इंडस्ट्रियल भ्रमण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत द्वितीय वर्ष के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने गुरुवार को एक दिवसीय इंडस्ट्रियल विजिट के तहत टाटीसिलवे स्थित गवर्नमेंट टूल रूम का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने टूल रूम के विभिन्न संयंत्रों यथा लेथ मशीन, डाई, सोलर सिस्टम आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी हासिल की। मौके पर टूल रूम के ट्रेनिग इंजीनियर पंकज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये उन्हें विशेष रूप से इंटरप्रेन्योरशिप के लिये प्रेरित किया। इसके लिये कुमार ने विद्यार्थियों के लिये सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभप्रद योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मालूम हो कि इंडस्ट्रीयल विजिट का आयोजन संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में किया गया था। संस्थान के प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि वे अपने कार्यक्षेत्र से जुड़े, नये आइडियाज को चुनकर विभाग के समक्ष प्रस्तुत करें। सरकार यथासंभव मदद के लिये कृतसंकल्पित है। विजिट के दौरान विद्यार्थियों के दल के साथ संस्थान की टीएनपी ऑफिसर त्रिशिता घोष, प्रो. दिव्यांस आयन, प्रो. आशीष रंजन आदि साथ थे। उपरोक्त जानकारी संस्थान के मीडिया सेल प्रभारी रितु सिंह ने दी।

## बेड़ो पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चला कर की दोपहिया वाहनों की जांच



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना के मुख्य द्वार के समीप गुरुवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। क्राइम कंट्रोल, सड़क सुरक्षा अधिनियम व क्षेत्र में शांतिपूर्ण व्यवस्था को लेकर आने-जाने वाले दो पहिया वाहन एवं हेलमेट की जांच की गयी। इस दौरान बाइक की सघन जांच की गयी। इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा कानून का अनुपालन करने तथा हेलमेट पहनने की अपील की। साथ ही नियम का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों का चालान काटे जाने की चेतावनी दी।

## पूर्व क्षेत्र हॉकी टूर्नामेंट 19 से, तैयारियां पूरी



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी में 19 मार्च से होनेवाले अंतरराज्यीय हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। इसमें अंतरराज्य महिला पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के पूर्वी जोन की 13 टीमें भाग लेंगी। इसमें 264 खिलाड़ी और अन्य लोग दूसरे राज्यों से पहुंचेंगे। जिला प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाड़ियों और अन्य लोगों के ठहरने व खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। 19 को ही 8.66 करोड़ की लागत से बने हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन भी किया जाएगा। डीसी शशि रंजन ने बताया कि पहली बार इस अंतराज्यीय हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन हो रहा है। इसमें नौ राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### जो वादा किया उसे पूरा किया, जल्द होगा जपला नबीनगर पथ का निर्माण : विधायक

# 62.96 करोड़ की लागत से होगा जपला नबीनगर पथ निर्माण कार्य, मिली मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जपला नबीनगर पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का वादा किया था वह पूरा होने जा रहा है। उक्त पथ के चौड़ीकरण को बुधवार को झारखंड मंत्रिमंडल से स्वीकृति मिल गई है। यह पथ 62,96,42,400 रुपये की लागत से बनेगा। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि वह काम पर विश्वास करते हैं। क्षेत्र की समस्या को लेकर लगातार रांची में प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि जपला नबीनगर पथ के निर्माण को लेकर उन्होंने लगातार विभाग और मुख्यमंत्री से मिलकर पत्राचार कर स्वीकृति दिलायी। इसी तरह एक-एक कर सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण भी कराया जा रहा है। क्षेत्र में 24 ग्रामीण सड़कों पर काम चल रहा है, जबकि 24 और सड़कों का जल्द ही टेंडर निकलने वाला है। इसके अलावा भवन निर्माण के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र , स्कूल के भवन निर्माण व मरम्मत का काम भी जल्द शुरू होगा। विधायक ने कहा कि जिन्हे जात पात की राजनीति करनी है वो करें। पर वे केवल विकास की राजनीति करते हैं और आगे भी करेंगे। जनता ने क्षेत्र के विकास के लिए उन्हें चुना है। उनका काम करना ही धर्म मानते हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है।




विधायक कमलेश कुमार सिंह। सड़क निर्माण की फाइल फोटो।

# नगर अध्यक्ष ने किया जलमीनार का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-7 स्थित इस्लाम गंज मस्जिद के पास सोलर युक्त जलमीनार का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, वार्ड पार्षद सुहैल आलम व मौलाना कलीम ने संयुक्त रूप से किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकता है। वार्ड नंबर 7 में जलमीनार निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को सुलभ रूप से शुद्ध पेयजल मिलेगा। जिससे लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शहर के सभी वार्डो में पीसीसी पथ, आरसीसी नाली आदि का निर्माण के साथ विकास कार्य जारी है। वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने कहा कि वार्ड वाशियों के हर एक समस्या के त्वरित समाधान के लिए सदैव तत्पर होकर उसका निष्पादन करना हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, मोहिउद्दीन अंसारी, अनवर हुसैन, डबली व सलीम हाशमी आदि मौजूद थे।

# आमजनों की परेशानियों को समझें, विकास कार्यों में तेजी लायें : डीसी

**डीसी ने नावा बाजार प्रखड-सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है। इसके लिए पदाधिकारी एवं कर्मचारी संजीदगी से कार्य करें। आमजनों की परेशानियों को समझें और उनकी समस्याओं का निदान करें। पदाधिकारी एवं कर्मचारी पब्लिक कनेक्ट रखें। अंतिम पंक्ति के योग्य व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। यह बातें डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने कही। गुरुवार को नावाबाजार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कर्मियों को भी पूरी जिम्मेवारी के साथ काम करने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण के दौरान डीसी सबसे पहले प्रंखड कार्यालय में पहुंचे जहां प्रधानमंत्री आवास योजना, पोट-हो खेल मैदान, लंबित आवास समेत अन्य बिंदुओं से संबंधित जानकारी दी और उसकी प्रगति से अवगत होते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। अंचल कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान डीसी ने दाखिल खारिज, आय प्रमाण प्रमाण पत्रों, आवासीय प्रमाण पत्रों से संबंधित ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों एवं निर्गत प्रमाण पत्रों की जानकारी ली साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा राष्ट्रीय उच्च पथ निर्माण एवं चौड़ीकरण को लेकर चल रहे कार्य प्रगति में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा एवं अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव तथा प्रखंड एवं अंचल कर्मी मौजूद थे ।

## डीएमएफटी के तहत प्रस्तावित कार्यों की डीसी ने की समीक्षा




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने डीएमएफटी अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में जिले के 165 आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए डिजिटल लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराना, विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग का शौचालय एवं चाहरदीवारी निर्माण, बिश्रामपुर के लालगढ़ अवस्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र और पंडित दीनदयाल स्मृति भवन का जीर्णोद्धार, शहर के चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, पूरनाडीह एवं कुंदरी वन प्रक्षेत्र में अग्नि की रोकथाम हेतु आवश्यक उपकरण की व्यवस्था, मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत डाली रेलवे क्रॉसिंग, बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ एवं पंजरीकला रेलवे क्रॉसिंग पर एलएचएस का निर्माण, नीलांबर पीताम्बरपुर में सामेकित आजीविका पार्क का निर्माण, हुसैनाबाद प्रखंड के जिला परिषदीय दुकान के ऊपर 50 दुकानों का निर्माण, जिले के 16 प्रखंडों में दोना पत्तल निर्माण इकाई का अधिष्ठापन, साहित्य समाज चौक के पास अतिरिक्त केंद्रीय पुस्तकालय का निर्माण और सोलर लाइट का निर्माण आदि से संबंधित प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की।

इस मौके पर डीसी के अलावे पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, डीएफओ, नजारत उप समाहर्ता शैलेश सिंह, सीएस, डीएसओ, डीआईओ सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# विकास की गति को तेज करना लक्ष्य: कमलेश सिंह

**विशुनपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण भवन का विधायक ने किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** विशुनपुर गांव में गुरुवार को हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण योजना का आनलाइन शिलान्यास किया। जिसका निर्माण राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना अंतर्गत कराया जाना है। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि उनकी इच्छा है कि हरिहरगंज क्षेत्र में बेहतर योजनाओं के माध्यम से विकास की गति तेज हो। वहीं, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह ने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होने से आस पास के लोगों को प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी। कहा कि कोरोना काल के बाद विकास की गति बढ़ाया गया है। जल्द ही हल्का जगदीशपुर रोड का भी शिलान्यास किया जाएगा। आगे भी एक-एक कर कार्य निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान विशुनपुर के ग्रामीणों ने पीएम आवास, पेंशन, राशन कार्ड आदि कई समस्याओं से संबंधी विधायक प्रतिनिधि को अवगत कराया। इस पर विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह ने जनता के विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि प्रखंड कार्यालय में विधायक कक्ष हमेशा खुला रहता है। वहां आवेदन जमा करें। सभी समस्याओं का हल किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिहरगंज प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने किया। इस मौके पर एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, मनीष कुमार सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, संवेदक तलवंती कंस्ट्रक्शन के विवेका त्रिपाठी, भीष्मदेव नारायण सिंह, अरविंद पाण्डेय, प्रसिद्ध सिंह, सुनील ठाकुर, व्यास राम, राघो पांडेय, विनोद पांडेय, रामजन्म मेहता आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी करायेगी देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज की भागवत कथा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी कार्तिक मास में परमपूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन करेगी। रेड़मा रांची रोड स्थित वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय ने बताया कि भागवत कथा बाई पास रोड में हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में होगी। 21 नवंबर से आयोजित भागवत कथा का कार्तिक पूर्णिमा को समापन होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी धार्मिक स्थलों के संरक्षण व धार्मिक आयोजनों पर विशेष रुप से कार्य कर रही है उसी योजना के तहत झारखंड में पहली बार परमपूज्य देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज के भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा, संतोष तिवारी, आशीष भारद्वाज, ज्ञानेश तिवारी, राकेश पांडेय, संजय मिश्रा, अरविंद पांडेय आदि थे।


## हनुमानजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा व लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए कमेटी गठित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बुलंद बीघा गांव में हनुमानजी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता कृष्ण मुरारी तिवारी उर्फ किसान बाबा ने की। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सीआइएसएफ के कमांडेंट हृदय शंकर उपाध्याय को संयोजक, ओम प्रकाश उपाध्याय को अध्यक्ष, बबन कुमार सिंह को सचिव, महेंद्र कुमार सिंह को महासचिव, संत कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह को उप कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा विशेष आमंत्रित सदस्य में लाल बाबू उर्फ विनोद कुमार सिंह मुखिया लोटनियां पंचायत, जय प्रकाश उपाध्याय, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, उमाशंकर उपाध्याय, पूर्व मुखिया धर्मराज सिंह, योगेंद्र सिंह, ललन सिंह, उमाशंकर सिंह, उपेंद्र सिंह, रितिक उपाध्याय, प्रमोद सिंह, विनोद सिंह, रॉकी, जग लाल प्रजापति आदि शामिल थे। ग्रामीणों ने कहा कि यज्ञ को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए क्षेत्रवासियों के सहयोग की जरूरत है।

# सिंगरा में आरओबी निर्माण की मिली स्वीकृति : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के चलते केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सेतु बंधन योजना के अंतर्गत केंद्रीय सड़क अवसरंचना निधि के तहत सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एनएच रोड़ से जोड़ने के लिए रेलवे लाइन पर 83.54 करोड़ रुपये की लागत से आरओबी के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। सांसद ने कहा कि मेदिनीनगर से गढ़वा जिला होकर अन्य राज्यों छतीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश को जोड़ने के लिए मेदिनीनगर एवं शाहपुर के बीच में कोयल नदी पड़ती है जिस पर वर्ष 1980 में पुल बनाया गया था। उक्त पुल पर प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहनों एवं हजारों लोगों का आना-जाना होता है। पुल काफी पुराना होने के चलते जर्जर हो गया है। उसके कभी भी धाराशायी होने की संभावना बनी रहती है। उक्त पुल पर भारी वाहनों के दबाव को कम करने के लिए वैकल्पिक पुल का निर्माण वर्ष 2015-16 में सिंगरा-चेड़ाबार के बीच कोयल नदी पर किया गया था। पर उक्त पुल तक पहुंच पथ नहीं होने के कारण आवागमन सुचारू रूप से अभी तक चालू नहीं हो सका है जिस कारण आवागमन में जनता को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एनएच रोड़ से जोड़ने के लिए उक्त आरओबी के निर्माण होने से जनता को सुविधा होगी। सांसद ने आरओबी निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक– 180 /दिनांक–15.03.2023

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-47/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-292340 water resource(2022-23)D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 292715 Water Resource(22-23).D


# स्पोर्ट्स



भारत-ऑस्ट्रेलिया वन-डे सीरीज शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है। पहला मैंच मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में होगा। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अहम है, क्योंकि साल वर्ल्ड कप का है।

### आंकड़ों में ऑस्ट्रेलिया आगे: 43 साल में 143 वनडे, 80 ऑस्ट्रेलिया जीता, पिछले 13 साल से भारत दे रहा टक्कर

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज आज से

एजेंसी

**मुंबई।** भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज शुक्रवार से शुरू हो रही है। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह साल वर्ल्ड कप का है और भारत में ही यह टूर्नामेंट होना है। ऐसे में यह सीरीज तैयारियां परखने का मौका है। पहला मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच अब तक 143 वनडे मैच हुए हैं। इनमें से 80 ऑस्ट्रेलिया जीता है, जबकि 53 में भारत को जीत मिली और 10 मैचों का नतीजा नहीं निकला। हालांकि, दोनों के बीच वनडे इतिहास का एक मनोरंजक तथ्य यह भी है कि पहला मैच भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में ही हराया था। अब तक हुए 12 वनडे वर्ल्ड कप में 5 ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं। इस टूर्नामेंट में भारत से खेले गए ज्यादातर मैच ऑस्ट्रेलिया ने ही जीते। इस सदी की शुरूआत में टीम को लगभग अजेय कहा जाता था। पहले दशक में ऑस्ट्रेलिया वनडे में हम पर हावी रहा। लेकिन, दूसरे दशक में भारत ने कहानी बदल दी।



## पिछले 13 साल से भारत टक्कर देने लगा

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे छह दिसंबर 1980 को खेला गया था। इसके बाद से ऑस्ट्रेलिया ने शुरूआती 30 साल भारत पर दबादबा बनाए रखा। 1980 से 2010 के बीच दोनों टीमों के बीच 104 वनडे खेले गए। इसमें से भारत 35 मैच ही जीत सका। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 61 मुकाबलों में विजयी रहा। यानी, ऑस्ट्रेलिया ने लगभग दो तिहाई मैच जीते। पिछले 13 साल की बात करें तो भारत ने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी। कुल 39 वनडे खेले गए। भारत ने 18 तो ऑस्ट्रेलिया ने 19 वनडे जीते। 2 मैच का परिणाम नहीं निकल सका।

## दोनों के बीच पहला वनडे भारत ने ही जीता, गावस्कर कप्तान और मैच के हीरो थे संदीप

**6 दिसंबर 1980 को पहली बार वनडे क्रिकेट में भारत-ऑस्ट्रलिया आमने-सामने हुए थे। सुनील गावस्कर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने कंगारूओं को उनके गढ़ मेलबर्न के मैदान पर हराया था। भारत की 66 रनों की उस जीत का सेहरा संदीप पाटिल के सिर बंधा था। संदीप (64 रन और एक विकेट) ने दोहरा प्रदर्शन कर कंगारूओं को करारी शिकस्त दी थी। यह जीत इसलिए भी खास थी, क्योंकि भारतीय टीम को टेस्ट में कंगारूओं को उनकी सरजमीं पर पहली बार हराने में 30 साल लग गए थे।**

## पहले 10 साल में 12 मैच ही जीत सका था भारत

1980 में भारत-ऑस्ट्रेलिया पहले वनडे के बाद के दस साल में इन दोनों टीमों के बीच कुल 33 वनडे मैच खेले गए थे। इनमें से भारतीय टीम महज 12 ही जीत सकी थी, यानी की आधे से भी कम। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने, आधे से ज्यादा, 18 मैच जीते थे। तीन मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। 1990 से 2000 के बीच भी यही हाल रहा। भारत ने कुल 29 मैचों में से 11 ही जीते। इस बार हमारे जीत का प्रतिशत 34 फीसदी थी।

बतातें चलें कि 21वीं सदी के पहले दशक में यह और भी कम हुआ। दोनों टीमों के बीच 2000 से 2010 के बीच सबसे ज्यादा 42 मैच खेले गए, लेकिन हमारी जीत का प्रतिशत और कम होता चला गया। हमने 42 में से 12 मैच ही जीते। तब हमारी जीत का प्रतिशत 28 फीसदी था। पिछले 10 साल में भारतीय टीम ने कंगारुओं को तगड़ी टक्कर दी है। 2010 के बाद अब तक दोनों टीमों के बीच 39 मैच खेले गए हैं। इनमें भारत ने 18 और ऑस्ट्रेलिया ने 19 जीते हैं। दो मैच नो रिजल्ट रहे। पिछले दशक में हमारे जीत का प्रतिशत 46 फीसदी हो गया है।


झारखण्ड सरकार
**श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
जिला नियोजनालय, गुमला

**अप्रेन्टिसशिप मेला संबंधी सूचना**

निदेशक, नियोजन एंव प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के आदेशानुसार दिनांक– 20.03.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 04:00 बजे तक अपराह्न तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, **CRPF** कैम्प जशपुर रोड सिलम, गुमला में आई0टी0आई0पास/डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ **Short Term Skill etc** गैर तकनीकी छात्रों 5वीं से स्नातक आदि अभ्यर्थियों के लिए अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले अभ्यार्थी सभी कागजातों के साथ मेला में भाग ले सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 292740 Labour Employment and Traning (22-23)_D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**समाज कल्याण शाखा, (बाल संरक्षण)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कोडरमा जिला अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बालगृह एवं विशिश्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में कार्यालय संचालन, बच्चों का आवासीय सुविधाओं का उन्नयन, रख–रखाव के लिए सामग्री की आवश्यकता है। उक्त के निमित वित्तीय वर्श 2022–23 के लिए अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्ता/एजेन्सी को सूचीबद्व जिला बाल संरक्षण (समाज कल्याण शाखा) कार्यालय में किया जायेगा।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्ता/एजेन्सी अति अल्पकालीन निविदा के अन्तर्गत आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए, जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, कोडरमा में दिनांक–23/03/2023 को पूर्वाहन/ अपराह्न 12 बजे तक हाथो–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है। उक्त अति अल्पकालीन निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–23/03/2023 को 02:00 बजे पूर्वाहन/अपराह्न में खोला जायेगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– उपायुक्त, कोडरमा ।च्त्ण्छव्

PR.NO.292806 Women, Child Development & Social Security(22-23):D

## पुलिस व सीआइएसएफ की छापामारी, 25 टन अवैध कोयला जब्त



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल के निर्देश पर गुरुवार को बेरमो पुलिस, सीआइएसएफ और सीसीएल के सुरक्षा बल की ओर से ढोरी के एएडीओसीएम परियोजना अंतर्गत रेलवे साइडिंग 5 नंबर ढौडा के पास और नाखून ढौडा, 4 नंबर पीपल में छापामारी कर करीब 25 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। जबकि कोयला चोरी में संलिप्त सारे धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहे। वहीं, जब्त कोयले को रेलवे साइडिंग के क्रेशर में डंप कराया गया। छापामारी का नेतृत्व सीसीएल ढोरी के सुरक्षा अधिकारी सीताराम यूईके कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की चोरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर सीआइएसएफ के डीसी राजेश आर्य, कंपनी कमांडर, बेरमो के सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह, क्षेत्रीय सुरक्षा इनचार्ज उमाशंकर महतो आदि उपस्थित थे।

### झमाडा पर बिजली की समस्या बताकर पल्ला झाड़ने का आरोप

# लोयाबाद में आठ दिनों से जलापूर्ति ठप, 25 हजार की आबादी हलकान

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद में झमाड़ा की जलापूर्ति विगत आठ दिनों से ठप है। इसे सुचारू करने के बजाय विभाग बिजली का रोना रो रहा है। इन कारणों से यहां की 25 हजार की आबादी जल संकट से जूझ रही है। लोयाबाद मोड़, लोयाबाद छह नंबर, सात नंबर मदनाडिह, लोयाबाद दुगार्मंदिर कॉलोनी, कनकनी आदि क्षेत्रों में पानी के लिए लोग काफी परेशान हैं। लोग पानी खरीद कर जरूरतों को पूरा करने के लिए मजबूर हैं। बतातें चलें कि लोयाबाद सहित अन्य क्षेत्र निगम और माडा की पेयजलापूर्ति पर निर्भर है। माडा की जलापूर्ति सप्ताह भर से नहीं है, लेकिन माडा एसडीओ आधे घंटे के बीच जलापूर्ति की बात बता रहे है। आठ दिनों से जलापूर्ति नहीं होने से यहां के लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। सक्षम परिवार के लोग पानी खरीद कर काम चला रहे हैं, लेकिन गरीब परिवार कुंए और पीट वाटर पीने को मजबूर है।



नल के पास पानी का इंतजार करते लोग।

### सड़क पर उतरेगा चेंबर

माडा के जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर लोयाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स सड़क पर उतर कर आंदोलन करने की चेतावनी दे रहा है। चेंबर के सचिव सुनील पांडेय ने कहा कि अक्सर विभाग अपनी खामियां छिपाने के लिए बिजली विभाग को कसुरवार बता देता है। जबकि अन्य जगहों पर पेयजलापूर्ति की व्यवस्था ठीक से किया जाता है। सिर्फ लोयाबाद की अनदेखी होती है। सुनील ने कहा कि आधे घंटे जलापूर्ति की बात एसडीओ साहब कर रहे है। आधे घंटा का पानी तो पाइप में ही अटक कर रह जाता है। सुनील ने सड़क पर उतरने की धमकी दी है।

दूसरी ओर, झमाडा एसडीओ पंकज झा ने कहा कि अक्सर बिजली की समस्या रहती है। इस लिए नियमित जलापूर्ति नहीं हो पाती है। आज पेयजलापूर्ति जरूर की जायेगी।

## बाघमारा में हथियार के बल पर महिला से चेन छिनतई का प्रयास



बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा बंगाली पाड़ा की महिला से हथियार का बय दिखाकर बाइक सवार अपराधियों ने चेन छीनने का प्रयास किया। पर चेन नकली होने का आभास होते ही महिला को गाली-गलौज करते हुए शरीर पर थूक कर फरार हो गए। घटना गुरुवार की दोपहर 12 बजे हुई। देवश्री सेनगुप्ता नामक महिला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में छुट्टी के बाद अपने बेटे को स्कूल से घर लाने जा रही थी। तभी चंदन हरि के घर के समीप दो बाइक सवार अपराधियो ने उसे चाकू का भय दिखाकर कब्जे में लिया और चेन छीनने का प्रयास करने लगे। पर महिला ने कहा कि वो खुद ही चेन खोल कर दे रही है। पर चेन नकली देख उसे वापस देते हुए छिनताईबाज उसे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उसके शरीर पर गुटका थूक कर भाग गए। इससे पहले अनीता देवी और कल्पना पाल से छिनताई हो चुकी है।

# पति की प्रताड़ना से परेशान होकर पत्नी ने की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के चौथाई कुल्ही इन्द्रा नगर निवासी स्व मोहम्मद सुल्तान की विवाहित बेटी तबस्सुम परवीन (28) ने गुरुवार अहले सुबह अपने आवास पर दुप्पटा के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की खबर पूरे क्षेत्र में जंगल के लगी आग की तरह फैल गई। मृतका के मामा शेख मियाज ने बताया कि वर्ष 2012 में तबस्सुम का निकाह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला निवासी समीरूल शेख उर्फ मो समीर हुसन के साथ हुई थी। समीरूल शेख वर्तमान में सऊदी अरब के किसी निजी कंपनी में कार्यरत है। निकाह के बाद से ही तबस्सुम के ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। तबस्सुम परवीन का एक बेटा साहिल सेख (10) और एक बेटी कस्मिरी प्रबीन(05) भी है। ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान होकर वह अपने मायके झरिया वापस आ गई थी। लेकिन उसका पति उसे वापस ले जाने के बजाए तलाक की धमकी देने लगा। इसे लेकर कुछ माह पूर्व में तबस्सुम ने धनबाद कोर्ट में इंसाफ की गुहार भी लगाई थी। एक दिन पूर्व समीरूल शेख द्वारा किसी महिला से तबस्सुम परवीन के फोन पर कॉल कर अपशब्द भी बोला गया। इससे तबस्सुम मानसिक तनाव में आ गई और संभवतः इसी कारण उसने खुदकुशी कर ली। इस दिन सुबह तबस्सुम का शव रसोई घर में फंदे पर लटका देखा गया। उधर, घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी।



## केंद्रीय मंत्री 18 मार्च को करेंगे सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन

धनबाद (आजाद सिपाही)। आगामी 18 एवं 19 मार्च को डिगवाडीह स्थित जियलगोरा स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव आयोजित होगा। जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। अब तक 4632 से अधिक खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसकी जानकारी गुरुवार को मानस प्रसून ने दी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## लोयाबाद में निकली साईं बाबा की पालकी यात्रा, उमड़ा भक्तों का हुजूम



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। मेरे सर पे सदा तेरा हाथ रहे, शिरडी वाले तु हमेशा मेरे साथ रहे, जय साईं राम के नारों व बैंड बाजे की धुन पर नृत्य करते साईं भक्तों की टोली लोयाबाद से निकली। लोयाबाद क्षेत्र के कनकनी 3 नंबर मुखर्जी कॉलोनी स्थित बाबा के मंदिर से श्रीश्री साईं समिति की ओर से गुरुवार को भव्य पालकी यात्रा निताली गई। इस दौरान भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। यात्रा से पूर्व मंदिर में बाबा की स्थापित मूर्ति का जलाभिषेक व विधिवत पूजा अर्चना की गई। पालकी यात्रा मदनाडीह, सेन्द्रा, लोयाबाद और एकड़ा आदि क्षेत्रों से गुजरी। लोयाबाद मोड़ पर अनूप गुप्ता की ओर से यात्रा में शामिल श्रद्धालूओं को शर्बत वितरण किया गया। पालकी यात्रा को सफल बनाने में गणेशी भुईया, सुदर्शन चौहान, अनुप गुप्ता, कृष्णा निषाद, वकील तुरी, धमेंद्र साव, ललन भारती, बेवी देवी, पिंकी देवी और पुजा कुमारी आदि की भूमिका रही।

## बांसजोड़ा में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बांसजोड़ा में आयोजित नौ दिवसीय श्रीश्री शतचण्डी महायज्ञ में परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपनी अपनी मनोकामनाएं मांग रहे है। कई श्रद्धालु 12 घंटे तक यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे है। यज्ञ के दौरान भंडारा का आयोजन भी किया गया है। यज्ञ बाबा भूतनाथ की देख रेख मे चल रहा है। यज्ञ में राजकुमार महतो, असलम मंसूरी, रवि चौबे, रामेश्वर तुरी, कृपाशंकर सिंह, टूलू साव, मुकेश साव, गौतम रजक आदि का सराहनीय योगदान है ।

## रोजगार की मांग को लेकर स्थानीय युवाओं ने किया आंदोलन, आश्वासन के बाद माने



बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के अंतर्गत संचालित खेमका कैरियर्स आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर नदखुरकी एवं माटीगढ़ा पंचायत के शिक्षक बेरोजगार युवा ग्रामीणों ने गुरूवार को कंपनी का चक्का जाम कर दिया। आंदोलन का नेतृत्व पूर्व मुखिया जीतन भुइयां व सुनील चौहान कर रहे है। लगभग 12 घंटा कंपनी का काम ठप रहने के बाद स्थानीय प्रबंधन ने आंदोलनकारियों के साथ वार्ता की। जिसमें एक सप्ताह के अंदर विधायक ढुल्लू महतो के साथ वार्ता कर मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन देने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ। इस मौके पर विशाल रवानी, अविनाश पांडेय, राजू चौहान, बलराम चौहान, रमाशीष चौहान, राजकुमार चौहान, विजय कुमार चौहान, गिरजा चौहान, रवींद्र चौहान, रामजी चौहान, शकलदीप चौहान, इंद्रदेव चौहान, दिनेश चौहान, जितेंद्र चौहान, जुगेरू चौहान, राजू कोल, बिरजू नोनिया, कृष्ण कोला, सूरज वर्मा और उदय नोनिया आदि मौजूद थे।

## नियोजनालय बोकारो थर्मल में भर्ती कैंप 18 को

बोकारो (आजाद सिपाही)। दसवीं/12 वीं/आइटीआइ डिप्लोमा उत्तीर्ण युवाओं के लिए जिनकी उम्र 18 से 35 के बीच है। उनके लिए सुनहरा अवसर है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सौजन्य से नियोजनालय बोकारो थर्मल में शनिवार को भर्ती शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील ट्रेनिंग इंस्च्यूट, अहमदाबाद कंपनी हिस्सा लेगी। कंपनी को कुल 500 कर्मियों की बहाली करनी है।भर्ती शिविर के सफल आयोजन के लिए नियोजनालय ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। ऑनस्पॉट अभ्यर्थियों का होगा चयनः भर्ती शिविर में अभ्यर्थियों का ऑनस्पॉट चयन किया जाएगा। अभ्यर्थी को दसवीं/12वीं/आइटीआइ (फिटर, वेलडर, इलेक्ट्रिशियन) डिप्लोमा उत्तीर्ण अनिवार्य है। भर्ती कैंप में हिस्सा लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना होगा।

# ऐना प्रबंधन के खिलाफ जमसं ने खोला मोर्चा, किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बीसीसीएल कुसुडा क्षेत्र के ऐना परियोजना में प्रबंधन के तानाशाही रवैए के खिलाफ गुरुवार को बीसीसीएल कर्मियों ने जनता मजदूर संघ (जमसं) के बैनर तले मोर्चा खोल दिया। ब्लास्टिंग कार्य को प्रभावित कर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। जमसं (कुंती गुट) ऐना शाखा के अध्यक्ष रामप्रसाद ने आरोप लगाया कि ऐना प्रबंधक ललन कुमार मिश्रा तानाशाह रवैया अपनाते हुए अभद्र व्यवहार व ट्रांसफर करने की धमकी देने की बात की, जिससे ब्लास्टिंग कर्मियों में नाराजगी है। इसे लेकर ही गुरुवार को दो घंटे तक ब्लास्टिंग कार्य बाधित किया गया है। उन्होंने कहा कि मैन पावर की कमी की वजह से समस्या उत्पन्न हो रही है, जब तक प्रबंधन हम लोगों से वार्ता कर समझौता नहीं करेंगे तब तक कार्य बाधित रहेगा। उधर, सूचना पाकर प्रबंधन की ओर से बीसीसीएल कर्मियों से वार्ता की गई जो असफल रही। जमसं सचिव राहुल सिंह ने कहा कि प्रबंधन द्वारा वार्ता में कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। अभी तत्काल कर्मियों द्वारा ब्लास्टिंग बोरहोल भराई का कार्य शुरू कर दिया गया, इसकी सूचना वरीय नेताओं को दी गई है। उनके आदेशानुसार आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रबंधक अपनी हरकतों से बाज आए, नहीं तो जनता मजदूर संघ आंदोलन करने के बाध्य होंगे, जिसका जवाबदेही केवल प्रबंधक की होगी। इस संबंध में प्रबंधक ललन कुमार मिश्रा ने बताया कि कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया गया है। हम पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। यह लोग हमारे कर्मी है इसलिए ब्लास्टिंग के लिए बोरहोल कार्य करने को कहा गया। इस मौके पर हराधन रजक, मिठाई लाल चौधरी, बबलू कुमार, गोविंद दुसाद, महेश भुइयां, दिलदास कुमार, देवीलाल मांझी आदि दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।



## बीएसएल में मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा



बोकारो (आजाद सिपाही)। 16-31 मार्च की अवधि बोकारो स्टील प्लांट में स्वच्छता पखवाड़ा के तौर पर मनायी जा रही है। इस कड़ी में गुरुवार को शहर के गांधी चौक पर नगर प्रशासन विभाग की टीम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में अधिशासी निदेशक (कार्मिक) राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) बी एस पोपली एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

### अतिक्रमण के खिलाफ लोयाबाद पुलिस हुई रेस

# दुकानदारों को अल्टीमेटम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद में अतिक्रमण हटाने को लेकर पुलिस रेस हो गई है। गुरुवार को लोयाबाद के करीब 30 दुकानदार को चेतावनी दी गई है। आरोप है कि दुकान को काफी आगे बढ़ा लिया गया है,और उसपर दुकानों के आगे वाहन खड़ी होने से सड़क जाम हो जा रहा है। पुलिस का कहना है कि दुकानदार अपने आगे वाहन खड़ी करने से परहेज करें। अन्यथा दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। लोयाबाद थाना के पदास्थापित एएसआई मनोज मिश्रा व मंगरा उरांव ने यहां के करीब 30 दुकानदार को अल्टीमेटम दिया है। बताया जा रहा है कि करकेंद कतरास मुख्य मार्ग के लोयाबाद में सड़क के किनारे दोनों पर अतिक्रमण बढ़ा हुआ है। लगभग दुकाने सड़क के काफी करीब पहुंच गया है। वजह यहां पर बाइक और कार सड़क पर खड़ी कर दी जाती है। इससे जाम की स्तिथि बन जाती है।



### दिन भर गुजरती हैं रांची धनबाद की बसें

शहर में नो एंट्री लागू होने के बाद रांची धनबाद की बसें दिनभर लोयाबाद के रास्ते गुजरती है। बस और करीब 500 कोयला लोड हाइवा और ट्रको का परिचालन से यह सड़क काफी व्यस्त रह रहता है। ऐसे में अतिक्रमण व जाम से दुर्घटना की संभावना बनी रही है।

### 1998 में चला था बुलडोजर

1998 में यहां अतिक्रमण करने पर बुलडोजर चला था। सड़क के दोनों किनारे के अधिकतर दुकाने ध्वस्त कर दिया गया था। जिससे पूरा लोयाबाद वीरान दिखता था। शाम ढलते ही चारो तरफ अंधेरा छा जाता है। तब कुछ दूकानदार अपने स्थान पर फुटपाथ जैसे हालात जिंदगी गुजारने को मजबूर थे, लेकिन इतने सालों में फिर से लोयाबाद सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण कर लिया गया है। ज्ञात हो कि लोयाबाद मुख्य सड़क पीडब्लूडी की जमीन पर है। पीडब्ल्यूडी की अधिकतर जमीन बीसीसीएल की बताई जाती है। इस संबंध में लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने चेंबर के पदाधिकारियों के सामने हटाने के लिए कहा गया है। अब देखना यहीं है कि दुकानदारों की ओर से इस दिशा में अगला कदम क्या उठाया जा रहा है।


झारखण्ड सरकार

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521 Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में गुमला जिला अन्तर्गत प्रखण्डवार राजस्व तालाबों की 2022–23 से 2024–25 तक के लिए अल्पकालीन बन्दोबस्ती की जानी है जिसकी सूची निम्न है :– डाक की तिथि : – 25.03.2023

• रायडीह प्रखण्ड स्थित अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु तालाबों की सूची :–
दिनांक 25-03-2023 समय – 11.00 AM To 11.30 AM

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0में) | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भंडारटोली तालाब | नवागढ़ | नवागढ़ | 280, 264 | 2743, 2744 | 1.50 | 600.00 | |

• गुमला प्रखण्ड स्थित अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु तालाबों की सूची :–
दिनांक 25-03-2023 समय – 11.30 AM To 12.00 PM

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0में) | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंजन तालाब 01 | आंजन | आंजन | 313 | 3565 | 2.08 | 1600.00 | |
| 2 | आंजन तालाब 02 | आंजन | आंजन | 313 | 3147 | 1.82 | 1400.00 | |
| 3 | आंजन तालाब 03 | आंजन | आंजन | 313 | 3385 | 6.37 | 2000.00 | |
| 4 | आंजन तालाब 04 | आंजन | आंजन | 313 | 2369 | 5.28 | 1500.00 | |
| 5 | आंजन तालाब 05 | आंजन | आंजन | 313 | 3034 | 0.72 | 700.00 | |

• डुमरी प्रखण्ड स्थित अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु तालाबों की सूची :–
दिनांक 25-03-2023 समय – 12.00 PM To 12.30 PM

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0में) | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरसी बाँध | सिरसी | सिरसी | – | 598 | 2.30 | 1500.00 | |
| 2 | बड़ाकटरा तालाब | बड़ाकटरा | करनी | 74 | 274 | 0.75 | 500.00 | |
| 3 | जुरमू तालाब | जुरमू | हिसरी | 134 | 1453, 1454 | 1.59 | 600.00 | |
| 4 | इराबल तालाब | इराबल | हिसरी | 82 | 1443 | 0.55 | 600.00 | |
| 5 | जैरागी तालाब | जैरागी | जैरागी | 91 | 1320 | 0.25 | 400.00 | |
| 6 | हुटाप तालाब | हुटाप | उदनी | 100 | 508 | 2.23 | 600.00 | |
| 7 | हिसरी तालाब 02 | हिसरी | हिसरी | 111 | 1836, 1837 | 0.74 | 700.00 | |
| 8 | छोटाकटरा तालाब | छोटाकटरा | डुमरी | 88 | 335 | 1.81 | 1000.00 | |
| 9 | नवाडीह तालाब | नवाडीह | डुमरी | 99 | 435 | 0.61 | 500.00 | |
| 10 | शंखनदी दह | सिरसी | पुटरूंगी | – | 238 | 0.80 | 300.00 | |

• विशुनपुर प्रखण्ड स्थित अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु तालाबों की सूची :–
दिनांक 25-03-2023 समय – 12.30 PM To 01.00 PM

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0में) | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिरोडीह तालाब | चिरोडीह | गुरदुरी | 97 | 1870 | 1.11 | 400.00 | |
| 2 | सातो तालाब | सातो | चमरटोली | 70 | 706 | 0.40 | 400.00 | |

• चैनपुर प्रखण्ड स्थित अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु तालाबों की सूची :–
दिनांक 25-03-2023 समय – 01.00 PM To 01.30 PM

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0में) | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चैनपुर तालाब | चैनपुर | चैनपुर | 180 | 2013 | 0.29 | 800.00 | |
| 2 | सेमलवार तालाब | चितरपुर | चितरपुर | 118 | 291 | 1.60 | 700.00 | |
| 3 | सुखड़ी तालाब | कटकाही | कटकाही | 41 | 190 | 0.40 | 500.00 | |
| 4 | रातु गम्हरिया तालाब 03 | रातु गम्हरिया | रातु गम्हरिया | 52 | 334 | 0.50 | 500.00 | |
| 5 | रातु गम्हरिया तालाब 01 | रातु गम्हरिया | रातु गम्हरिया | 153 | 623 | 0.80 | 800.00 | |

• घाघरा प्रखण्ड स्थित अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु तालाबों की सूची :–
दिनांक 25-03-2023 समय – 01.30 PM To 02.00 PM

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0में) | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जमगाई तालाब | ईचा | ईचा | 190 | 422,423 | 3.02 | 1200.00 | |
| 2 | बदरी तालाब | ब्दरी | ब्दरी | 101 | 1102 | 0.68 | 300.00 | |
| 3 | बेती बाँध | बेती | ईचा | 2710 | 450 | 1.06 | 800.00 | |
| 4 | केश्वर बाँध | घोड़ाटांगर | बदरी | – | – | 1.03 | 700.00 | |
| 5 | टोटाम्बी तालाब | टोटाम्बी | शिवराजपुर | 4 | 1892 | 3.84 | 1500.00 | |
| 6 | पुटो तालाब | पुटो | डुको | 182 | 1369 | 0.54 | 900.00 | |
| 7 | सलगी तालाब | स्लगी | सलगी | 163 | 973 | 0.50 | 600.00 | |
| 8 | बुरहु तालाब | बुरहु | तारागुटू | 689 | 120, 121 | 0.96 | 1000.00 | |

• पालकोट प्रखण्ड स्थित अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु तालाबों की सूची :–
दिनांक 25-03-2023 समय – 02.00 PM To 02.30 PM

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0में) | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केराटोली बाँध | केराटोली | खरवाडीह | 85 | 1408 | 10.00 | 2200.00 | |

**अल्पकालीन खुले डाक की शर्ते :–**

1. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत् प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा । डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि को डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि को डाक की बोली में समायोजित किया जायेगा एवं शेष डाक वक्ताओं की प्रतिभूति राशि डाक समाप्ति के बाद वापस कर दिया जाएगा ।
2. डाक का स्वीकृति के पश्चात् डाक वक्ता को संबंधित एकरारनामा यथोचित स्टैंप के साथ करना होगा। जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त तालाब में उच्चतम डाक वक्ता कोई भी कार्य नहीं करेगें ।
3. किसी भी समय किसी भी डाक की बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।
4. उच्चतम डाक वक्ता का डाक समाप्ति के पश्चात् पूरी राशि एक मुश्त जमा करना होगा ।
5. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपने पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर कार्ड) की छायाप्रति कार्यालय में जमा करनी होगी ।
6. यदि उपरोक्त तालाबों हेतु नवनिर्मित निबंधित मत्स्य जीवी सहयोग समितियों द्वारा बन्दोबस्ती हेतु दावा प्रस्तुत किया जाता है तो नियमानुसार उनके साथ बन्दोबस्ती की प्रकिया की जाएगी ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।

PR.NO.292781 Fish(22-23):D

## सम सर्जन की सफलता

# एंसेफेलोसेलस वाले बच्चे की दुर्लभ सर्जरी हुई



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के सर्जन, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के चिकित्सा विज्ञान संकाय ने दुर्लभ सर्जरी कर चार साल के बच्चे का इलाज किया। एक 4 साल का लड़का जन्म दोष से पीड़ित था जिसमें उसके मस्तिष्क का हिस्सा नाक में प्रवेश कर गया था। यह बच्चा केवल बायीं नाक या मुंह से सांस ले रहा था और बार-बार उल्टियां कर रहा था और सूंघ नहीं पा रहा था। प्रख्यात न्यूरोसर्जन प्रोफेसर (डॉ.) अशोक कुमार महापात्र ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में कहा कि इन सभी समस्याओं के चलते बच्चे के परिजन उसे इलाज के लिए सम अस्पताल ले आये। सोआ के प्रधान सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) के रूप में कार्य कर रहे प्रोफेसर (डॉ.) महापात्र ने कहा, जांच से पता चला कि बच्चे के मस्तिष्क से नाक तक के रास्ते में एक छेद था और मस्तिष्क का हिस्सा नीचे की ओर निकला हुआ था। ऐसी समस्या बहुत ही कम होती है और लगभग 3 लाख बच्चों में से एक में होती है। उन्होंने कहा कि पिछले 52 वर्षों में इएमएस नयी दिल्ली में ऐसी लगभग 140 सर्जरी की गई हैं। उचित जांच के बाद इस सप्ताह बच्चे की सर्जरी की गई। प्रो. महापात्र ने कहा कि 1960 और 1970 के दशक में जिस सर्जरी में 10 से 12 घंटे लगते थे, वह अब आधुनिक तकनीक की मदद से महज साढ़े तीन घंटे में की जा सकती है।

### इलाज और सर्जरी पूरी तरह नि:शुल्क की

प्रेस कांफ्रेंस में बच्चे और उसके पिता दोनों मौजूद थे। दिमाग से निकलकर नाक में जो हिस्सा गया था, वह बेकार था, इसलिए उसे हटा दिया गया और सर्जरी से बना छेद बंद कर दिया गया। प्रोफेसर महापात्र ने कहा कि बच्चा अब धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित आइएमएस एवं सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर पुष्पराज सामंतसिंघार ने बताया कि सम में एक ही छत के नीचे जांच, इलाज, सर्जरी एवं देखभाल संभव है और ऐसी सर्जरी में न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, इएनटी एवं एनेस्थीसिया विभाग साथ में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाइ) की मदद से बच्चे का इलाज और सर्जरी पूरी तरह नि:शुल्क की गई। पत्रकार सम्मेलन में सम अस्पताल के इएनटी विभाग के प्रमुख डॉ सौम्य रंजन दास, न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रोफेसर (डॉ.) सौभाग्य पाणिग्राही और एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के रामचंद्र देव, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सतभूषण सेनापति और एनेस्थिसियोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ.) राजीव लोचन सामल मौजूद थे।

## दो प्रधानाध्यापक निलंबित



**भुवनेश्वर।** मैट्रिक परीक्षा में अनियमितता के खिलाफ कार्रवाई माध्यमिक शिक्षा परिषद के निदेशक ने दो प्रधानाध्यापकों को निलंबित कर दिया। वे हैं नरसिंहपुर जोड़ूम हाइ स्कूल के प्रधान शिक्षक अंतज्यार्मी स्वांई और कलाहांडी दयानिधि हाइ स्कूल के प्रधान शिक्षक प्रशांत महांति। ये दोनों परीक्षा केंद्रों के सुपरिटेंडेंट (अधीक्षक) थे। इसी तरह नयागड़ के डीइओ ने एक सहायक शिक्षयित्री को निलंबित किया है। निलंबित शिक्षयित्री नयागड बाइगुणीआ कोऑपरेटिव के अर्पिता नायक।

# केवल सड़क पर नहीं, बल्कि सदन में भी ड्राइवरों के आंदोलन को लेकर हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सड़कों पर ही नहीं, विधान सभा में भी वाहन चालकों को लेकर हंगामा देखने को मिला ही। इस को लेकर सदन में हट चमट देखा गया। आज विरोधी कांग्रेस और बीजेपी ने सदन के बीच में आकर हंगामा किये। पहले सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित की गई, लेकिन बाद में स्पीकर ने सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इस दौरान



कांग्रेस विधायक नेता नरसिंह मिश्र ने वाहन चालकों की आवाजाही का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने चालकों की मांगें पूरी करने के बजाय दोतरफा नीति अपनायी है। सरकार ने ड्राइवर आंदोलन को ठप करने के लिए एक ग्रुप को उकसाने का आरोप लगाया है। आज परिवहन सेवा पूरी तरह से ठप के कारण आम जनता असुविधा का सामना कर रहे है। कहां पर पेट्रोल वाहन अटका हुआ है तो अन्य कहां पर सब्जी और पलों की वाहनों अटका हुआ है। स्पीकर ने चालकों की आंदोलन को रोकने का रुलिंग दिया है। राज्य के परिवहन मंत्री आगामी गृह कार्य में बयान जारी करेंगे।

# संयुक्त कार्यक्रम के लिए सोआ और आरएसबी ट्रांसमिशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा और अनुसंधान विभाग (सोआ) ने बुधवार को पुणे स्थित आरएसबी ट्रांसमिशन (आइ) लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये, ताकि उद्योग के लिए आवश्यक उपकरण तैयार करने के लिए इंजीनियरिंग के छात्रों को ज्ञान से लैस किया जा सके। यह विभिन्न वैज्ञानिक दृष्टिकोणों जैसे प्रक्रिया सिमुलेशन, संख्यात्मक मॉडलिंगः विरूपण मानचित्र, तकनीकों का अनुकूलन आदि के माध्यम से और दूसरी ओर वास्तविक निर्माण के माध्यम से सत्यापन के माध्यम से प्रयास किया जायेगा। सोआ आर के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. प्रदीप कुमार नंद और आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड की ओर से निदेशक डॉ. ओंकार नाथ महांति ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। डॉ. महांति ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से कम लागत में उच्च प्रदर्शन वाली प्रोसेसिंग की जा सकती है। इससे पहले डॉ. महांति बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति थे। इस संबंध में बताते हुए डॉ. महांति ने कहा कि इस कार्यक्रम से ऊर्जा की बर्बादी कम होगी।







## दूसरे दिन चालक संघ का आंदोलन

# महासंघ की चेतावनी, उचित निर्णय नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दूसरे दिन चालकों संघ की आंदोलन। चालकों ने पोस्टर, बैनर और प्लाकार्ड पकड़ कर आंदोलन कर रहा है। चालक एकता महामंच ने चालकों के लिए उचित मजदूरी, बीमा और 60 साल बाद सुरक्षा जैसी 10 सूत्री मांगों का प्रस्ताव रखा है। सैकड़ों वाहन चालकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। राज्य चालक संघ के अध्यक्ष गुप्तेश्वर महांति ने कहा कि ये आंदोलन और तेज होगा। चालकों के परिजनो ने भी इस आंदोलन में सड़के पर उतरेंगे। जब तक



सरकार मांगों को पूरा करने के लिए कोई निर्णय नहीं लेती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हाइवे पर जगह-जगह सैकड़ों बसें और ट्रक रुके हुए हैं। माल परिवहन प्रभावित हुई है। पीले नंबर प्लेट वाले वाहन को रोका गया जब की आंदोलन करियों ने सफेद नंबर प्लेट वाली कारों, बसों और बाइक को छोड़ दे रहे है। जिला, प्रखंडों, पंचायतों से लेकर हाइवे तक चालकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। ज्यादातर जगहों पर चालकों ने जुलूस निकाल कर विरोध पदर्शन करते है। आवश्यक सेवाओं को छोड़ कर सड़कों पर व्यवसायिक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने कुछ जगहों पर बसों, ट्रकों, टैक्सियों और सार्वजनिक परिवहन वाहनों को रोक दिया। नतीजतन, राजधानी से लेकर राज्य के अन्य शहरी राजमार्गों तक गाड़ीयों की लंबी लाइनें देखी गईं। काफी देर तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही, एंबुलेंस, स्कूल बसों और आपातकालीन सेवाओं को आंदोलन से बाद दिया गया है। परिवहन सामान्य नहीं होने से कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।







# ऑफलाइन आवेदन की जगह घर-घर जाकर सर्वे किया जाये: बीजेपी

**प्रदेश में ओबीसी की मतगणना ऑफलाइन आवेदन के बजाय घर-घर जाकर सर्वे किया जाये**

**ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुरथ बिस्वाल ने इस मांगों को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रदेश में ओबीसी की मतगणना ऑफलाइन आवेदन के बजाय घर-घर जाकर सर्वे किया जाए. ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुरथ बिस्वाल ने इस मांगों को



लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। ओबीसी जनगणना कोई योजना नहीं है। 54 प्रतिशत लोगों का आनुपातिक प्रतिशत निर्धारित करना महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने घोषणा की कि वह 2 साल बाद पूर्वव्यापी सर्वे करेगी। विज्ञापन में कहा गया है कि ओबीसी ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन करेंगे। बीजेपी ने पूछा कि डोर टू डोर सर्वे में दिक्कत कहां है। ऐसे में कई विवादों में देरी होगी। कई हिताधिकारी वंचित रह जायेंगे। सरकार इसका जवाब क्यों नहीं दे रही है कि शिक्षा और नियुक्ति में आरक्षण क्यों नहीं दे रही है? अगर सरकार के पास ऐसा करने की मशीनरी है तो ऐसे फैसले के पीछे एक और साजिश है। इसके साथ ही बीजेपी ने मांग की है कि सरकार ऐडमिसन और भर्ती में आरक्षण को स्पष्ट करे।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**